दैनिक
जनता के साथ जनता की आवाज
# सत्ता सुधार
ग्वालियर ■ शनिवार 29 मार्च 2025 ■ वर्ष -26 ■ अंक-249 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य-₹03

**सुविचार**
आप जितना दिखावट से दूर होते जाएंगे, वैसे ही आपके अंदर सत्य को समझने का हुनर आ जाएगा।

## ब्रीफ न्यूज

### राजा को सत्ता सौंपने नेपाल में हिंसा, एक की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में राजशाही की मांग को लेकर शुक्रवार को हिंसक प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शनकारियों ने काठमांडू के तिनकुने में एक इमारत में तोड़फोड़ की और उसे आग के हवाले कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर भी फेंके, जिसके जवाब में सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस के गोले दागने पड़े। इस घटना में एक युवक की मौत भी हो गई।

### आसाराम की तीन महीने के लिए बढ़ाई अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** गुजरात हाईकोर्ट ने रेप केस में आसाराम को तीन माह की अस्थायी जमानत दी। यह जमानत चिकित्सा के आधार पर दी गई है। आसाराम ने छह महीने के लिए जमानत की मांग की थी। आसाराम को 2013 के बलात्कार केस में 2023 में दोषी ठहराया गया था। और उम्र कैद की सजा काट रहे हैं।

### भारत 156 मेड इन इंडिया प्रचंड चॉपर खरीदेगा

**नई दिल्ली।** भारत ने 156 मेड इन इंडिया प्रचंड हेलीकॉप्टर खरीदने का फैसला लिया है। ये लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) हैं। रक्षा अधिकारी के हवाले से आई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह अब तक का सबसे बड़ा रक्षा सौदा है, जिसे केंद्र सरकार ने मंजूरी दी है। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की हुई बैठक में यह फैसला लिया गया।

### मध्यप्रदेश में कक्षा 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट किया गया घोषित

# बेटियों ने मारी बाजी
# 5वीं में 92.70 और 8वीं में 90.02 फीसदी पास

## पिछले साल कक्षा 5वीं में 90.97 और 8वीं में 87.71 फीसदी बच्चे हुए थे पास

- शहरी की अपेक्षा ग्रामीण स्कूलों में 4 प्रतिशत अधिक उत्तीर्ण
- आठवीं में इंदौर संभाग और जिलों में नरसिंहपुर रहा अव्वल
- पांचवीं में शहडोल संभाग और जिलों में डिंडोरी रहा सबसे आगे
- 5वीं-8वीं की परीक्षा में 22.85 लाख विद्यार्थी हुए थे शामिल

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश में कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक हरजिंदर सिंह ने परीक्षा पोर्टल का रिजल्ट बटन क्लिक कर परिणाम घोषित किया। इस बार गांवों के बच्चों ने शहरी बच्चों को पीछे छोड़ दिया है। 5वीं की परीक्षा में शहरी स्कूलों के करीब 89.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में 93.97 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। यानि शहरी स्कूलों की अपेक्षा ग्रामीण स्कूलों में 4 प्रतिशत अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं 8वीं कक्षा में शहरी स्कूलों में 88.07 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के 90.80 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। जो शहरी क्षेत्रों से 2 प्रतिशत अधिक है। ज्वाइन डायरेक्टर राज्य शिक्षा केंद्र की जयश्री पिल्लई शर्मा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों का रिजल्ट अच्छा रहा। गांवों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

- **8वीं में टॉप 10 संभाग:** इंदौर, नर्मदापुरम, शहडोल, चंबल, भोपाल, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा और सागर।
- **8वीं में टॉप 10 जिले:** नरसिंहपुर, अलीराजपुर, डिंडोरी, झाबुआ, बालाघाट, अनूपपुर, सीहोर, छिंदवाड़ा, बड़वानी और मंडला।
- **5वीं में टॉप 10 संभाग:** शहडोल, चंबल, नर्मदापुरम, इंदौर, जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, रीवा, उज्जैन और सागर।
- **5वीं में टॉप 10 जिले:** डिंडोरी, नरसिंहपुर, बालाघाट, मंडला, अनूपपुर, झाबुआ, सीधी, सीहोर, अलीराजपुर और छिंदवाड़ा।





सरस्वती शिशु मंदिर का दबदबा

**ऐसा रहा रिजल्ट:** 86.22 फीसदी सरकारी स्कूल | 90.60 फीसदी प्रायवेट स्कूल | 67.40 फीसदी मदरसा का रिजल्ट

### लड़कियों ने किया टॉप

5वीं में बालिकाओं ने टॉप किया। इनका पास होने का प्रतिशत 94.12 रहा। बालकों के पास होने का प्रतिशत 91.38 रहा। यानि 3 प्रतिशत बालक कम पास हुए। 8वीं में बालिकाओं के पास होने का प्रतिशत 91.72 रहा। बालकों का प्रतिशत 88.41 रहा है। इसमें भी 3 प्रतिशत का अंतर है।

### मदरसों का परीक्षा परिणाम कम

सरकारी स्कूलों में 5वीं में 93.24, निजी स्कूलों में 91.99 और मदरसों के 76.83 प्रतिशत विद्यार्थी पास। कक्षा 8वीं में सरकारी स्कूलों के 89.13 प्रतिशत, प्राइवेट के 91.73 प्रतिशत और मदरसों के 67.72 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

### तीन फीसदी ज्यादा पास

5वीं का रिजल्ट 92.70 प्रतिशत रहा, जो पिछले सत्र से 2 प्रतिशत अधिक है। 5वीं की परीक्षा में 11,17,961 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें 10,36,368 पास हुए। 8वीं में 11,68,866 छात्र थे, इनमें 10,52,256 पास हैं। 8वीं 90.02 प्रतिशत पास। जो पिछले सत्र से 3 प्रतिशत अधिक है।

## गांव के बच्चों ने शहर वालों को पछाड़ा, लड़कियां रहीं अव्वल

### 5वीं में शहरी स्कूलों के करीब 89.15 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए

### 8वीं कक्षा में शहरी स्कूलों में 88.07 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण

**कक्षा पांच-बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 जिले**

| रैंक | जिला | उत्तीर्ण प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | डिंडोरी | 98.77 |
| 2 | नरसिंहपुर | 98.67 |
| 3 | अनूपपुर | 98.61 |
| 4 | बालाघाट | 98.33 |
| 5 | मंडला | 98.15 |
| 6 | झाबुआ | 97.50 |
| 7 | सीधी | 97.49 |
| 8 | सीहोर | 97.43 |
| 9 | अलीराजपुर | 97.42 |
| 10 | छिंदवाड़ा | 97.22 |

| रैंक | जिला | ए+ तथा ए ग्रेड प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | नरसिंहपुर | 47.87 |
| 2 | नीमच | 38.25 |
| 3 | मुरैना | 36.27 |
| 4 | छिंदवाड़ा | 33.87 |
| 5 | बालाघाट | 33.45 |
| 6 | भोपाल | 31.23 |
| 7 | अनूपपुर | 30.46 |
| 8 | सीहोर | 28.43 |
| 9 | रीवा | 26.67 |
| 10 | नर्मदापुरम | 26.56 |

**कक्षा आठ-बेहतर प्रदर्शन करने वाले 10 जिले**

| रैंक | जिला | उत्तीर्ण प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | नरसिंहपुर | 98.63 |
| 2 | अलीराजपुर | 98.00 |
| 3 | डिंडोरी | 97.80 |
| 4 | झाबुआ | 97.17 |
| 5 | बालाघाट | 96.93 |
| 6 | अनूपपुर | 96.77 |
| 7 | सीहोर | 96.73 |
| 8 | छिंदवाड़ा | 96.05 |
| 9 | बड़वानी | 96.05 |
| 10 | मंडला | 95.23 |

| रैंक | जिला | ए+ तथा ए ग्रेड छात्र प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1 | नरसिंहपुर | 52.61 |
| 2 | मुरैना | 44.95 |
| 3 | सीहोर | 42.38 |
| 4 | भोपाल | 41.79 |
| 5 | नीमच | 41.14 |
| 6 | बालाघाट | 40.22 |
| 7 | छिंदवाड़ा | 38.50 |
| 8 | नर्मदापुरम | 38.43 |
| 9 | इंदौर | 36.98 |
| 10 | भिंड | 36.68 |

# भूकंप से म्यांमार-थाईलैंड में तबाही, 150 लोगों की मौत



## 50 मिनट में तीन बार भूकंप से कांपी धरती

- **मलबे से चीखः** भारत समेत पांच देशों में लगे झटके
- **भारतीय दूतावास** ने जारी किया इमरजेंसी नंबर
- **म्यांमार में 7.7** तीव्रता का भूकंप, 144 की मौत
- **बैंकॉकः** इमारत गिरी 80 लापता, 3 की जान गई
- **हर तरफ तबाही** का मंजर, थाईलैंड में इमरजेंसी
- **जैसे-जैसे सीढ़ियों** से उतर रहे थे, वैसे-वैसे दीवारें फट रही थीं
- **म्यांमार में भारी तबाही,** सड़कों पर आईं दरारें, इमारतें जमींदोज
- **10 किमी गहराई** में था भूकंप का केंद्र

### 7.7 तीव्रता का भूकंप

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के अनुसार, मध्य म्यांमार में 7.7 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र सागाइंग शहर से 16 किमी (10 मील) उत्तर-पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था।



एजेंसी ■ नेपीता/ नई दिल्ली

म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में करीब 150 लोगों की जान गई है। अकेले म्यांमार में 144 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि तीन लोगों की मौत हुई है। इन 5 देशों के अलग-अलग इलाकों में सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की पीएम शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34 प्रतिशत यानी सबसे ज्यादा है। वहीं पीएम मोदी ने कहा कि भारत किसी भी तरह की सहायता देने के लिए तैयार है।

### राजभवन में कर्मयोगी बने कार्यशाला का हुआ शुभारंभ, सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा

# राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर बढ़ रहा मध्यप्रदेश

- राज्यपाल बोले-कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत
- मिशन कर्मयोगी के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों को शामिल करते हुए कमेटी बनाई जाएगी






सत्ता सुधार ■ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि हमारे पीएम मोदी के नेतृत्व में देश इतिहास के ऐसे पड़ाव पर पहुंच गया है, जहां से साफ दिख रहा है कि 21वीं सदी भारत की सदी होगी। कर्मयोगी भाव, भावनाओं के साथ विकसित भारत के लिए प्रतिबद्ध प्रयास समय की जरूरत है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश राष्ट्र नीति के संकल्प पथ पर प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारी विभिन्न भाषाए, बोलियां, मनोभाव और मूकभाव सभी संस्कृति के वह आभूषण है, जिन पर हमें गर्व है। प्रदेश में अन्य भाषाओं तमिल, तेलुगू आदि पढ़ने वाले विद्यार्थियों को प्रदेश में प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मिशन कर्मयोगी के लिए राष्ट्रीय विशेषज्ञों को शामिल करते हुए कमेटी बनाई जाएगी। यह बातें राज्यपाल पटेल और मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को राजभवन में आयोजित कार्यशाला के शुभारंभ के दौरान कही। कार्यशाला का आयोजन राजभवन मध्यप्रदेश द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग और यूनाइटेड कॉन्शियसनेस के सहयोग से किया गया था।

### कार्यशाला कर्मवाद के पुनर्जागरण की पहल

सीएम मोहन ने कहा कि कर्मयोगी कार्य शाला का आयोजन अद्भुत है। भाव और भावना अभूतपूर्व है। सौभाग्य की बात है कि 5 हजार वर्ष पूर्व प्रदेश की धरती से शिक्षित कर्मयोगी के कर्मवाद का पुनर्जागरण प्रदेश से ही हो रहा है। हमारे प्रधानमंत्री कर्मयोगी ऋषि परंपरा का अक्षरक्षः प्रतिरूप है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की विशालता अद्भुत है, जो अतिरंजित बातों को भी सुन लेती है। सही, अच्छी बातों को सद्भावना के साथ लेकर आगे चलती है। इसी लिए आज दुनिया भारतीय दर्शन से प्रेरणा प्राप्त कर रही है। भारतीय संस्कृति का दायरा असीमित है, जिसमें सारे ब्रह्मांड के कल्याण का चिंतन है। भारत के तक्षशिला, नालंदा और विक्रमशिला विवि जैसे ज्ञान के केंद्र सम्पूर्ण मानवता के लिए कार्य करते थे। भारत ने कभी दूसरे देशों पर आक्रमण नहीं किया।

## अंततः जस्टिस यशवंत वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर

**कैश कांड से किरकिरीः नोटिफिकेशन जारी एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कैश कांड में घिरे दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने का नोटिफिकेशन शुक्रवार को जारी कर दिया है। जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चार्ज लेने का निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की सिफारिश और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह आदेश जारी किया गया। इससे पहले जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने का वहां की बार काउंसिल ने विरोध किया था। वकीलों ने हड़ताल भी शुरू की थी। इधर, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर करने से इंकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की बेंच ने कहा कि जज के घर नोटों से भरी बोरियां मिलने के मामले में इंटरनल कमेटी जांच कर रही है। रिपोर्ट में कुछ गड़बड़ मिला तो एफआईआर होगी या फिर मामला संसद को भेजा जाएगा।

**आठवें वेतन आयोग से पहले 53 से 55 प्रतिशत हुआ**

### केंद्र के फैसले से लाखों केंद्रीय कर्मियों को फायदा

## केंद्रीय कर्मियों के महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत इजाफा

एजेंसी ■ नई दिल्ली



सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में 2 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। बढ़े हुए डीए पर केंद्र सरकार के 6,614 करोड़ रुपए खर्च होंगे। शुक्रवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीए बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। इससे पहले जुलाई 2024 में सरकार ने 3 प्रतिशत बढ़ोतरी की थी। 8वें वेतन आयोग के लागू होने से पहले इस बढ़ोतरी से महंगाई भत्ता 53 से बढ़कर 55 प्रतिशत हो जाएगा। इसका फायदा करीब 48 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 66 लाख पेंशनर्स को होगा। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2025 से लागू होगी। डीए की घोषणा में देरी हुई इसलिए अप्रैल के वेतन में पिछले तीन महीनों (जनवरी-मार्च 2025) के एरियर के साथ बढ़ा हुआ डीए भी शामिल होगा। आमतौर पर महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 3 से 4 फीसदी के बीच होती है, लेकिन इस बार बढ़ोतरी मात्र दो प्रतिशत है। ये पिछले सात सालों में सबसे कम है।

### कुणाल कामरा को मद्रास हाईकोर्ट ने दी जमानत

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कॉमेडियन कुणाल कामरा को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। कामरा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री शिंदे पर अपने जोक को लेकर विवाद का सामना कर रहे हैं। कोर्ट ने कामरा को इस शर्त पर राहत दी कि उन्हें तमिलनाडु के विल्लुपुरम जिले के वनूर में न्यायिक मजिस्ट्रेट की संतुष्टि के लिए एक बांड भरना होगा। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने दूसरे प्रतिवादी को भी नोटिस दिया है। मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को तय की। कामरा ने बताया है कि वह 2021 में मुंबई से तमिलनाडु चले गए थे और तब से इसी राज्य के निवासी हैं और उन्हें मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तारी का डर है।

**महंगाई** | सोना 89 हजार रुपए और चांदी एक लाख के पार, एक बार फिर 10 ग्राम सोने का दाम 889 रु. बढ़ा

# रिकॉर्ड छलांग! भोपाल में अब सोना हुआ 90,270 रुपए तोला

सत्ता सुधार ■ भोपाल/ नई दिल्ली/

**एक किलो चांदी की कीमत आज 1,159 रुपए बढ़कर 1,00,934 रुपए प्रति पर पहुंच गई है**



शुक्रवार को सोना-चांदी के दाम एक बार फिर रिकॉर्ड छलांग लगाई। 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 889 रुपए बढ़कर 89,306 रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इससे पहले 20 मार्च को सोने ने 88,761 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत आज 1,159 रुपए बढ़कर 1,00,934 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। यह इसका नया ऑल टाईम हाई भी है। इससे पहले मंगलवार, 18 मार्च को चांदी का भाव 1,00,400 रुपए प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर था। गुरुवार इसका दाम 99,775 रुपए था। इधर, मप्र की राजधानी भोपाल में नई कीमतों के साथ 24 कैरेट का सोना 90,270 रुपए तोला पहुंच गया है।

- **दिल्लीः** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,550 और 24 कैरेट 91,130 रुपए
- **मुंबईः** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,400 और 24 कैरेट 90,980 रुपए
- **कोलकाताः** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 83,400 और 24 कैरेट 90,980 रुपए
- **चेन्नईः** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 83,400 और 24 कैरेट 90,980 रुपए

**बड़े शहरों में सोने की कीमत**

| शहर | 22 कैरेट | 24 कैरेट |
|---|---|---|
| जयपुर | 82,850 | 90,370 |
| भोपाल | 82,750 | 90,270 |
| इंदौर | 82,750 | 90,270 |
| पटना | 82,750 | 90,270 |
| लखनऊ | 82,850 | 90,370 |
| कानपुर | 82,850 | 90,081 |
| रायपुर | 82,700 | 90,220 |
| अहमदाबाद | 82,750 | 90,270 |
| हैदराबाद | 82,700 | 90,220 |

नोट-प्रति 10 ग्राम हजार रुपए में

### सबसे गर्म साल होगा 2025! हीटवेव के दिन रहेंगे डबल

**नई दिल्ली।** देश में इस बार उम्मीद से कहीं ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल देश के नॉर्थ-वेस्ट राज्यों यानी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली में हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या दोगुनी होने की आशंका है। आमतौर पर अप्रैल से जून के महीनों में लगातार 5-6 दिन लू चलती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिनों के ऐसे कई दौर आ सकते हैं। अगर हीटवेव के दिनों की संख्या दोगुनी होती है तो 2025 सबसे गर्म साल होगा।

## ब्रीफ न्यूज

### इंदौर में 5 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य पूरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी केंद्र एवं राज्य शासन की प्राथमिकता वाली स्मार्ट मीटर परियोजना का अत्यंत तेजी से प्रभावी रूप से संचालन कर रही हैं। शुक्रवार को इंदौर शहर में स्मार्ट मीटर स्थापना का आंकड़ा 5 लाख पार कर गया। इस उपलब्धि पर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पश्चिम क्षेत्र कंपनी के कार्मिकों को बधाई दी है। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर सेल के साथ ही जिलों की टीम स्मार्ट मीटर परियोजना का बहुत ही गंभीरता से संचालन कर गुणवत्ता से मीटर स्थापना, सटीक रीडिंग, डाटा कलेक्शन, त्रुटिरहित बिलिंग इत्यादि कार्य कर रही हैं। इंदौर शहर में 5 लाख 500 स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। यह संख्या मप्र के किसी भी शहर में सर्वाधिक हैं।

### शैक्षणिक चुनौतियों और समाधान पर शिक्षाविदों ने किया चिंतन

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के निर्देश पर आयोजित कर्मयोगी बनें कार्यशाला का चिंतन सांसारिक जगत के आध्यात्मिक कल्याण के समागम के महाकुम्भ के समान शैक्षणिक व्यवस्था की चुनौतियों और समाधान के कुम्भ के रूप में उभरा। कार्यशाला में कर्मयोगी शिक्षा व्यवस्था के लिए प्रदेश के 78 सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के कुलगुरु, कुलपति, कुल सचिव, प्राचार्य पी.एम एक्सीलेंस और स्वशासी महाविद्यालय के शिक्षाविदों के मध्य संवाद की अभूतपूर्व पहल हुई। समापन कार्यक्रम में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव केसी गुप्ता ने शिक्षाविदों को स्मृति प्रतीक प्रदान किए।

### 5 लाख 80 हजार मीट्रिक टन से अधिक हुई गेहूं खरीदी

**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रदेश में अभी तक 74697 किसानों से 5 लाख 80 हजार 711 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूँ का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक 757 करोड़ 36 लाख रूपये का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए है और सरकार 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिया है। इस तरह से गेहूँ की खरीदी 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

### क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर प्रयास करें

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शहडोल जिले के धनपुरी नगर पालिका क्षेत्र में नगर पालिका द्वारा 25 करोड़ रुपए की लागत से 10.30 एकड़ भूमि में वाटर पार्क निर्माण व अन्य विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर प्रयास करें तो सभी कार्य सफल होते है। उन्होंने कहा कि धनपुरी नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे वॉटर पार्क, स्विमिंग पुल व अन्य विकास कार्यों से धनपुरी के लोग ही नहीं बल्कि शहडोल संभाग के लोग भी इससे लाभांवित होंगे। धनपुरी नगर पालिका सशक्त नगर पालिका है और इसे अधिक विकसित करने का संकल्प लें और उसे पूरा करें।

# सरयू घाटों की तर्ज पर जबलपुर में नर्मदा घाटों का होगा पुनर्निर्माण

### मंत्री सिंह के नेतृत्व में अध्ययन दल ने किया सरयू नदी के घाटों का भ्रमण

सत्ता सुधार ■ भोपाल

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज अयोध्या में सरयू नदी पर बने घाटों का भ्रमण किया। सिंह के नेतृत्व में अध्ययन दल ने सरयू नदी पर नवनिर्मित घाटों की स्थापत्य कला, रामपथ, राम की पैड़ी, पार्किंग व्यवस्था, सौंदर्यीकरण, म्यूरल वर्क और पर्यटकों व श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश पर अयोध्या में यूपीपीसीएल से मुख्य अभियंता राजेश कुमार, सरयू नहर डिवीजन के कार्यपालन यांत्रिक पारस नाथ एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री एसपी भारती ने मंत्री राकेश सिंह को सरयू नदी के तट पर नवनिर्मित घाटों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। भ्रमण के दौरान इन अधिकारियों ने सरयू तट पर पर्यटकों के लिए विकसित सुविधाओं, श्रद्धालुओं के लिए निर्मित व्यवस्थाओं, भगवान राम के जीवन से जुड़ी घटनाओं को सचित्र रूप से दिखाने के लिए निर्मित म्यूरल वाल्स पर विस्तार से जानकारी दी।



मंत्री सिंह ने भ्रमण के दौरान सड़क विकास निगम के अधिकारियों एवं डीपीआर बनाने वाली एजेंसी से कहा कि जबलपुर में नर्मदा नदी किनारे बनने वाले घाट धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटक सुविधाओं के आदर्श मॉडल के रूप में विकसित किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि घाटों के निर्माण में माँ नर्मदा की गरिमा, श्रद्धालुओं की आस्था और पर्यावरणीय संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाए।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर में नर्मदा नदी किनारे सरयू की तर्ज पर घाटों के निर्माण की घोषणा की थी। मंत्री राकेश सिंह ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की डीपीआर तैयार करने मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को दायित्व सौंपा है।

अब तक तैयार योजना एवं विभिन्न स्तर पर हुए विचार विमर्शों के आधार पर उन्होंने बताया कि नर्मदा नदी के किनारे जबलपुर के प्रमुख घाटों के सौंदर्यीकरण और विकास को लेकर एक व्यापक योजना तैयार की जा रही है। इस योजना के तहत घाटों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। प्रस्तावित योजना के तहत तिलवारा घाट और कालीधाम घाट पर नाव टर्मिनल स्थापित करने की योजना है, जिससे जलपर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही साई तीर्थम, खारीघाट, ग्वारीघाट और जिल्हेरीघाट पर फ्लोटिंग डेक बनाए जाएंगे। सभी प्रमुख घाटों के पास संगठित पार्किंग क्षेत्र बनाए जाएंगे, जिससे यातायात व्यवस्था सुगम होगी। इस दौरान सड़क विकास निगम के प्रबंध संचालक भरत यादव, विभागीय सलाहकार समिति के सदस्य प्रशांत पोल, विशेष सहायक राहुल सिंह राजपूत, मुख्य अभियंता गोपाल सिंह, स्थानीय प्रशासन के अधिकारी एवं डीपीआर तैयार करने वाली एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, ग्राम पंचायतों के हितग्राहियों को वर्चुअली किया संबोधित

# जरूरतमंद का सहारा है संबल योजना

- सभी का जीवन बेहतर हो, गरीबों का भाग्य बदलने सरकार प्रतिबद्ध
- मुख्यमंत्री ने श्रमिकों के खातों में अंतरित की 505 करोड़ की राशि
- संबल योजना का बैकलॉग किया जा रहा है समाप्त
- मंदसौर, खरगोन, शहडोल, दतिया के हितग्राहियों से की चर्चा
- सीएम ने जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश

सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के अलावा भी ऐसी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए धनराशि जरूरी होती है।



### योजनाओं से जुड़ने का आहवान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में अंजली रैकवार के पति के निधन पर 4 लाख रुपए तथा शेष चार हितग्राहियों को 2-2 रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। मुख्यमंत्री से वर्चुअली संवाद में मंदसौर की अंजली रैकवार ने बताया कि इस सहायता से उन्हें पर्याप्त सहारा मिला और वे अब ब्यूटी पार्लर का कार्य सीख रही हैं। शहडोल की मन्नू ढीमर ने बताया कि वे छोटी किराना दुकान संचालित कर रही हैं। दतिया की कल्लन वाल्मीक, सीहोर की शिव कुमारी और खरगोन की प्रेमलता कर्मा ने बताया कि संबल योजना में मिली सहायता से परिवार के लालन-पालन और बच्चों की पढ़ाई में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में जुड़े सभी हितग्राहियों से लाड़ली बहना योजना, आयुष्मान योजना, खाद्यान्न पर्ची, उज्जवला योजना जैसी सभी कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने का आहवान किया।

प्रसूति, बीमारी, दिव्यांगता और किसी अपने को खो देने जैसे मुश्किल समय में कई बार हम स्वयं को असहाय महसूस करते हैं। संबल योजना ऐसे ही मुश्किल वक्त में जरूरतमंद के आंसू पोछती है और उनको सहारा प्रदान करती है। राज्य सरकार प्रदेश के गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण तथा उनका भाग्य बदलने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

पीएम नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप अंत्योदय के कल्याण के संकल्प को प्रदेश में क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के अंतर्गत प्रदेश के 23 हजार 162 श्रमिक परिवारों के खातों में 505 करोड़ रूपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करने के बाद परिवारों को मंत्रालय से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने 5 हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद कर उनके परिजन के निधन पर संवेदनाएं प्रकट की। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल वर्चुअली शामिल हुए। प्रदेश के सभी जिलों, नगर निगमों, नगर परिषद और ग्राम पंचायतों के हितग्राही और जनप्रतिनिधि भी वर्चुअली जुड़े।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के श्रमिक परिवारों का अभिवादन करते हुए कहा कि परिश्रम से अपने और अपने परिवार का जीवन चलाने वाले श्रमिक ही प्रदेश के विकास की नींव हैं। परिश्रम से ही प्रतिभा निखरती है और आने वाली पीढ़ी के सुखद भविष्य का मार्ग भी बनता है। राज्य सरकार ने जरूरतमंद बच्चों की पढ़ाई के लिए पर्याप्त व्यवस्था की है। पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को स्कूटी और लैपटॉप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि सभी प्रदेशवासियों का जीवन बेहतर हो। हर परिवार आनंद और वैभव के साथ सभी जीवन व्यतीत करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार शुचिता- पारदर्शिता और दक्षता के साथ जनकल्याण और विकास के लिए कार्य कर रही है। संबल योजना का बैकलॉग भी समाप्त किया जा रहा है। डॉ. यादव ने बताया कि संबल योजना में अब तक 6 लाख 58 हजार से अधिक परिवारों को 5 हजार 927 करोड़ रूपए से अधिक के हितलाभ दिए जा चुके हैं।

### जरूरत के समय मदद करती है संबल योजना

श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का योजना के क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना वर्ष 2018 में शुरू हुई थी। सरकार की यह योजना जरूरतमंदों की मदद करने वाली योजना है। योजना के प्रारंभ से अब तक 5 हजार 927 करोड़ रुपए का लाभ हितग्राहियों को मिल चुका है। उन्होंने कहा कि योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत श्रमिक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपए की राशि, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख रुपए की राशि दी जाती है। स्थाई अपंगता पर 2 लाख रुपए एवं आंशिक स्थाई अपंगता पर 1 लाख रुपए की राशि श्रमिक परिवारों को दी जाती है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान की सफलता के लिए सरकार और समाज दोनों की सहभागिता जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के जल संसाधनों का संरक्षण और पुनर्निर्माण आवश्यक है। प्रदेश की नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। इनके संरक्षण, पुनर्जीवन और प्रभावी प्रबंधन के लिए सरकार और समाज दोनों सजग रहें, यह आवश्यक है। इस उद्देश्य से प्रदेश में तीन माह अवधि का जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ हो रहा है। प्रदेश में 30 मार्च से 30 जून तक राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जाएगा। इसे सफल बनाने के लिए अधिकतम प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार की शाम मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अभियान के संबंध में कलेक्टर्स को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने अभियान को सफ़ल बनाने के लिए कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला स्तर पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी सभी जनप्रतिनिधियों को भी अभियान से जोड़ें। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी की सहभागिता जल स्रोतों की सफाई और रखरखाव के कार्यों के अच्छे परिणाम दिलवाने में सहायक होगी। उन्होंने कहा कि अभियान में जिला प्रशासन का अमला और विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मिलकर कार्य करें।

## मुख्यमंत्री से बिजनेस कंसलटेंट डॉ. रामचरण ने की मुलाकात



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से विश्व विख्यात बिजनेस कंसलटेंट, लेखक तथा वक्ता डॉ. रामचरण ने समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने डॉ. रामचरण को प्रदेश में व्यवसाय अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने, प्रदेश को वैश्विक व्यापार मंचों पर आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने और वैश्विक स्तर पर प्रदेश की निवेश क्षमता के प्रदर्शन के लिए जारी गतिविधियों से अवगत कराया। प्रदेश में लॉजिस्टिक हब, स्मार्ट औद्योगिक पार्क, स्टार्ट-अप इको सिस्टम, एआई, ऑटोमेशन, हरित ऊर्जा को प्रोत्साहित करने के संबंध में भी विचार विमर्श हुआ। डॉ. रामचरण, कॉरपोरेट गवर्नेंस, व्यावसायिक प्रबंधन और तेजी से बदलते वर्तमान परिवेश में व्यावसायिक समस्याओं के समाधान के विशेषज्ञ हैं। उन्हें फॉर्च्यून पत्रिका ने सबसे प्रभावशाली सलाहकार और इकोनामिक टाइम्स ने वर्ष 2010 के लिए ग्लोबल इंडियन ऑफ द ईयर नामित किया है।

### शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की जाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाधान ऑनलाइन में आए विभिन्न प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले 20 अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पेयजल प्रदाय में अव्यवस्था के दोषी ठेकेदार को अर्थदंड से दंडित किया गया। शुक्रवार को समाधान ऑनलाइन में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों में से ऐसे प्रकरणों का समाधान किया गया जिनका लंबे समय से समाधान लंबित था। मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कलेक्टर्स और अन्य अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान ऑनलाइन में शुक्रवार को पेयजल व्यवस्था से संबंधित 3 प्रकरणों में दोषी व्यक्तियों को दंडित करने का निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस भी जिले से नागरिकों के लिए पेयजल की व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्राप्त होंगी वहां संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## मध्यप्रदेश में बनेंगे दो 400 केव्ही के सब-स्टेशन

### आरईसी ने अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस को सौंपा ट्रांसमिशन एसपीव्ही



सत्ता सुधार ■ भोपाल

मध्यप्रदेश को आगामी दो से तीन सालों में दो चरणों में 1230 मेगावॉट विद्युत की अतिरिक्त उपलब्धता रहेगी। इसके लिये बिजली कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आरईसी ने अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड को ट्रांसमिशन एसपीव्ही सौंपा। इस परियोजना के तहत मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड के बंधौरा (सिंगरौली) पॉवर जनरेटिंग प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी के लिये ट्रांसमिशन नेटवर्क तैयार किया जाना है।

मप्र ट्रांसको के मुख्य अभियंता श्री देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने 1230 मेगावॉट विद्युत प्रदाय के लिए मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड से पॉवर परचेस अनुबंध किया था। मेसर्स महान एनर्जेन लिमिटेड द्वारा 2X800 मेगावॉट क्षमता के पॉवर जनरेटिंग प्लांट की स्थापना प्रस्तावित है। पॉवर प्लांट से मध्यप्रदेश के हिस्से की 1230 मेगावॉट विद्युत निकासी हेतु नियामक आयोग के विनियमानुसार टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धा बोली प्रक्रिया के अंतर्गत पारेषण अधोसंरचना के विस्तार हेतु मध्यप्रदेश पॉवर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी/एसटीयू से अनुरोध किया गया था।

## स्त्री रोग विशेषज्ञों का महासम्मेलन महिला स्वास्थ्य के लिए अच्छी पहल

### जनप्रतिनिधियों व समाज को भी आगे आना होगा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा में स्त्री रोग विशेषज्ञों का महासम्मेलन महिला स्वास्थ्य के प्रति एक सार्थक पहल है। सम्मेलन में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जटिल समस्याओं पर मंथन होगा और इससे निकलने वाले परिणाम मातृ मृत्यु दर व नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करने में सहायक होंगे।

एशोसिएशन आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलाजी सोसायटी के तत्वाधान में देश, प्रदेश के स्त्री रोग विशेषज्ञों के महासम्मेलन में उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की गर्भवस्था संबंधी जटिलताओं, प्रसव की नई तकनीकों, मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के प्रभावी उपायों पर सम्मेलन में विचार विमर्श होगा और उसको सार्थक परिणाम सामने आयेंगे।



उन्होंने कहा कि रीवा में चार दिनों तक आयोजित हो रहे इस आयोजन से यह परिलक्षित होता है कि स्त्री रोग विशेषज्ञ भी मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिये चिंतित है। गांव-गांव तक मिशन मोड में काम करते हुए महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति सार्थक पहल करनी होगी। जनप्रतिनिधियों एवं समाज को भी आगे आना होगा तभी प्रदेश में मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकेगी। शुक्ल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीयन कराकर उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच आवश्यक है।

स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को स्त्री विशेषज्ञ अनिवार्यतः उपस्थित रहकर गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच करें साथ ही मैदानी स्वास्थ्य आमला पूरी निष्ठा व समर्पण भाव से इसमें सहयोग करते हुए गर्भवती महिलाओं के परिजनों को भी जागरूक करें। सभी के समन्वित प्रयासों से ही प्रदेश में मातृ मृत्यु पर व शिशु मृत्यु दर में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की भर्ती जारी है। आने वाले समय में ग्रामीण क्षेत्रों में भी डाक्टर्स कालोनी बनाई जायेगी ताकि ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रहे चिकित्सकों को असुविधा न हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्मारिका का विमोचन किया। एशोसियेशन आब्स्टेट्रिक्स एण्ड गायनोकोलाजी सोसायटी की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कविता एन सिंह ने महासम्मेलन के उद्देश्यों के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश के स्त्री रोग विशेषज्ञ महिला स्वास्थ्य के लिये विचार प्रस्तुत करेंगे जिनके सार्थक परिणाम सामने आयेंगे। कार्यक्रम में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीना भार्गव को लाइफ टाइम एचीवमेंट एवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. गीता वनर्जी, सुदीप्ति मिश्रा, डॉ. पद्मा शुक्ला, डॉ. कल्पना यादव, सहित देश, प्रदेश के ख्यातिलब्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

**अभियान** | कैंप का उद्देश्य 100 चुनिंदा उद्यमियों को राजनीति के क्षेत्र में प्रवेश का अवसर देना

# 'आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' बूट कैंप आज से भोपाल में

सत्ता सुधार ■ भोपाल

भाजपा गैर-राजनीतिक पेशेवरों को सदस्य बनाने का कार्य कर रही है। इस अभियान के तहत युवा उद्यमियों, इंजीनियरों, डॉक्टरों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और बुद्धिजीवियों जैसे विभिन्न पेशेवरों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है। इस उद्देश्य को लेकर शनिवार से 'आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' बूट कैंप अभियान की शुरुआत की शुरुआत हो रही है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी के एक लाख प्रोफेशनल्स को राजनीति से जोड़ने के विजन के तहत, 'आई एम बीजेपी फ्यूचर फोर्स' बूट कैंप भाजपा के सदस्यता अभियान का विस्तार है। अब तक मध्यप्रदेश से 3,000 से अधिक प्रोफेशनल्स भाजपा से जुड़ चुके हैं और यह बूट कैंप इस अभियान को अगले स्तर पर ले जाने का प्रयास है। शर्मा ने बताया कि यह बूट कैंप 29 और 30 मार्च को भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में सुबह 9 बजे पंजीकरण के साथ शुरू होगा। इस बूट कैंप का उद्देश्य मध्यप्रदेश के 100 चुनिंदा प्रोफेशनल्स और उद्यमियों को राजनीति और शासन के क्षेत्र में प्रवेश करने का सुनहरा अवसर प्रदान करना है।



शर्मा ने बताया कि यह बूट कैंप पीएम मोदी के युवा प्रोफेशनल्स को शासन प्रक्रिया और नीति निर्माण से जोड़ने के उद्देश्य से एक रणनीतिक पहल है। इसमें प्रशिक्षित करके, मार्गदर्शन और मूल्यांकन के जरिए मध्यप्रदेश भाजपा के नेताओं की अगली पीढ़ी का निर्माण किया जाएगा। यह आयोजन व्यवसायिक प्रतिभाओं को भाजपा की नेतृत्व संरचना से जोड़ने के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक के रूप में काम करेगा।

29 मार्च को सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद उपस्थित रहेंगे। इस दौरान प्रतिभागियों को भाजपा कार्यालय का विस्तृत भ्रमण कराया जाएगा। दोपहर 1 से 5 बजे तक प्रतिभागी विधानसभा का दौरा करेंगे, जहां प्रदेश शासन के शहरी विकास और संसदीय मंत्री कैलाश विजयवर्गीय लोकतंत्र और सुशासन को मजबूत करने में विधानसभा की भूमिका विषय पर व्याख्यान देंगे। शाम 5 बजे से 7.30 बजे तक प्रतिभागी अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण संस्थान का दौरा करेंगे, जहां पूर्व सांसद और भाजपा के सुशासन प्रमुख विनय सहस्त्रबुद्धे सुशासन, नीति निर्माण और नए भारत के लिए भाजपा का दृष्टिकोण विषय पर व्याख्यान देंगे।

वहीं 30 मार्च को सुबह 10 बजे सांसद बांसुरी स्वराज मोदी जी का नेतृत्व शासन में युवा सांसदों की भूमिका, नेतृत्व और भारत के भविष्य विषय पर सत्र को संबोधित करेंगी। सुबह 11 बजे सभी प्रतिभागी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और सांसद बांसुरी स्वराज के साथ पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनेंगे। दोपहर 12 बजे केंद्रीय रेल और सूचना मंत्री अश्विनी वैष्णव (वर्चुअल) शासन में नई क्रांति मोदी के मंत्रिमंडल में युवा प्रोफेशनल का प्रभाव विषय पर व्याख्यान देंगे।कार्यक्रम का समापन शाम 6 बजे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के संबोधन और प्रमाण पत्र वितरण के साथ होगा।

## विश्व में 'मिनी ब्राज़ील' विचारपुर की हो रही चर्चा

सत्ता सुधार ■ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि फुटबॉल मानसिक, शारीरिक संतुलन बनाने का खेल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने शहडोल के ÷मिनी ब्राज़ील÷ के नाम से पहचान बना चुके विचारपुर का जिक्र कई मंचों पर किया है जहां पर खिलाड़ी चार-चार पीढ़ियों से फुटबॉल खेल रहे है। उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री शुक्ल ने शहडोल के मिनी ब्राज़ील विचारपुर मैदान पहुंचकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और फुटबॉल खिलाड़ियों को किट, फुटबॉल सहित अन्य खेल सामग्री का वितरण किया। शुक्ल ने कहा कि मिनी ब्राज़ील विचारपुर के लगभग हर घर में राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी हैं जो राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर प्रदेश, संभाग, जिले का नाम रोशन कर रहे हैं यह विंध्य प्रदेश के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि विचारपुर के बच्चे बचपन से ही फुटबॉल खेल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नेचुरल प्रतिभा निखरना आसान होता है, इसके लिए प्रशासन भी पूरा सहयोग करेगा। उन्होंने फुटबॉल को प्रोत्साहित करने के लिए कोच रईस अहमद व अन्य फुटबॉल कोचों के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना भी की।

### कैसा आएंगे स्वच्छता में अव्वल, शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

# जलभराव की समस्या से गरगज कॉलोनी-वासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



बहोड़ापुर चौराहा के समीप स्थित गरगज कॉलोनी के बाशिंदे लंबे समय से जलभराव की समस्या से ग्रसित हैं, लेकिन बार-बार शिकायतें करने के बावजूद कहीं भी उनकी सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे वह नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

यहां बता दें कि स्वच्छता सर्वेक्षण टीम इन दिनों शहर में डेरा डाले हुए है, जो शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर साफ- सफाई का जायजा ले रही है। वहीं अफसरों द्वारा भी शहर को स्वच्छता में अव्वल स्थान दिलवाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि हकीकत इसके एकदम उलट नजर आती है, क्योंकि शहर में तमाम स्थान ऐसे हैं, जहां कचरे के ढेर लग रहे हैं, वहीं कुछ जगहों पर सीवर का पानी भरा हुआ है। इसी क्रम में गरगज कॉलोनी में रहने वाले बाशिंदे लंबे समय से यहां गंदा पानी भरने की समस्या से रूबरू हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की मानें तो सुबह के वक्त तो यह समस्या और अधिक विकराल हो जाती है, क्योंकि तब जल प्रदाय होने के साथ ही अधिकांश लोगों के नहाने- धोने व अन्य कामकाज का समय होता है। उस वक्त कॉलोनी के मुंहाने पर करीब डेढ़ फुट तक पानी भर जाता है।

#### धरना- प्रदर्शन के बाद भी जस की तस स्थिति

गरगज कॉलोनी में रहने वाले लोग विगत छह माह से जलभराव की समस्या झेल रहे हैं। जिससे निजात पाने के लिए वह कई बार शिकायतें दर्ज करवा चुके हैं। जहां तक कि समस्या का निदान नहीं होने पर विगत दिनों उनके द्वारा धरना- प्रदर्शन भी किया गया था, इसकी सूचना पाकर पहुंचे संबंधित अफसरों ने तब उन्हें आश्वासन दिया था, कि जल्द ही उनकी परेशानी का निराकरण कर दिया जाएगा, लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। जिससे क्षेत्रवासियों में खासा आक्रोश व्याप्त है, और अब वह उग्र आंदोलन करने का मन बना रहे हैं।

#### श्रद्धालु व बच्चे होते हैं परेशान

यहां बता दें कि कॉलोनी में प्रसिद्ध गरगज वाले हनुमान जी का एवं मेंहदीपुर बालजी का मंदिर स्थित है, जिससे सुबह के वक्त बहुतायत में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। इसके अलावा कॉलोनी में रहने वाले बच्चे भी प्रातःकाल में स्कूल जाते हैं, जिन्हें कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर भरे गंदे पानी में से होकर गुजरना होता है।

# सीए स्टूडेंट्स एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित हुए आयुष, नमन और वंशिका

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सिकासा ग्वालियर ब्रांच द्वारा शुक्रवार को स्टूडेंट्स एसोसिएशन के चुनाव समपन्न हुए। इन चुनावों में सीए स्टूडेंट्स ने नामांकन दाखिल किये। अच्छी बात यह रही कि चुनाव निर्विरोध रूप से हुए जिसमें वैध नामांकन के आधार पर आयुष गुप्ता, नमन अग्रवाल एवं वंशिका साहनी को निर्वाचित किया गया। अब इन निर्वाचित सदस्यों के मध्य विभिन्न पदों उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं एग्जीक्यूटिव मेंबर पर बंटवारा होगा। सिकासा ग्वालियर ब्रांच के अध्यक्ष सीए पंकज शर्मा ने बताया कि आईसीएआई में सीआईसीएएसए अर्थात् सेंट्रल इंडिया चार्टर्ड एकाउंटेंटस स्टूडेंट्स एक ऐसा मंच है जो चार्टर्ड एकाउंटेंसी के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करता है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उनके व्यक्तित्व, व्यवहार, नेतृत्व क्षमता एवं व्यावसायिक कौशल का भी विकास करना है। सिकासा के माध्यम से सेमिनार, वर्कशॉप, क्विज, डिबेट, कांफ्रेंस, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है, जिससे छात्रों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक अनुभव भी प्राप्त हो सके। यह आईसीएआई और छात्रों के बीच एक सेतु का कार्य करती है, जो विद्यार्थियों की समस्याओं को संस्थान तक पहुंचाने और संस्थान की योजनाओं को छात्रों तक पहुँचाने का माध्यम बनती है। आर्टिकलशिप के दौरान विद्यार्थियों को जो भी व्यावहारिक कठिनाइयां आती हैं, सिकासा उनके समाधान हेतु भी सदैव तत्पर रहती है। सिकासा छात्रों को एक मंच देती है जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और एक बेहतर प्रोफेशनल बनने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। इस मौके पर ब्रांच के अध्यक्ष सीए मयूर गर्ग, स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए पंकज शर्मा, सचिव सीए गगन जैन मौजूद रहे। सभी ने निर्वाचित सदस्यों को बधाईयां दी।

## नदी गेट मेन रोड पर मोटर गैरेज में लगी भीषण आग



**ग्वालियर।** नदी गेट मेन रोड पर स्थित मोटर गैरेज में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते ही भयावह रूप धारण कर लिया। चूंकि उस वक्त गैरेज सहित आसपास की दुकानें बंद थीं, जिससे जब राहगीरों ने आगजनी होते देखी, तो पुलिस व फायर ब्रिगेड को कॉल किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल अमले ने मशक्कत करते हुए कुछ देर में आग पर काबू पा लिया। जिससे कोई बड़ी घटना नहीं हो सकी, क्योंकि उक्त गैरेज से लगा हुआ एक मकान, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, फ्लॉवर एवं शराब की दुकानें हैं। यदि आग वहां तक पहुंच जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## प्रभारी अधीक्षण यंत्री एवं नोडल अधिकारी सीवर को निगमायुक्त ने दी विदाई



**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर से सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों को नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित कर सेवानिवृत हुए अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत होने वाले अधिकारियों में प्रभारी अधीक्षण यंत्री कीर्तिवर्धन मिश्रा एवं नोडल अधिकारी सीवर अजय जेन आदि। इस अवसर पर एमआईसी श्री विनोद यादव माठू, अपर आयुक्त विजय राज, मुनीष सिंह सिकरवार, अनिल दुबे, उपायुक्त अमर सत्य गुप्ता, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, नोडल अधिकारी विद्युत सुश्री अभिलाषा बघेल, सहायक यंत्री रामबाबू दिनकर, उपयंत्री सीवर लल्लन सिंह सेंगर आदि उपस्थित रहे। जलविहार स्थित सभाभवन में आयोजित सेवानिवृत कर्मचारियों के विदाई समारोह आज सेवा निवृत्त हुए कर्मचारियों अपर आयुक्त श्री अनिल दुबे ने सभी कर्मचारियों को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा कर्मचारियों के पीएफ की राशि बैंक खाते में पंहुचाई गई। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों में स्वास्थ्य विभाग से श्री लालाराम पारछे, राजस्व विभाग से श्री सीताराम बाथम, फायर विभाग से श्री दिलीप सिंह चौहान, जनकार्य से श्री प्रकाश, चिड़ियाघर से श्री मोहन सिंह कुशवाह एवं सफाई संरक्षक श्री चंदन आदि शामिल हैं। विदाई समारोह में निगम के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्वालियर लोकसभा का होली मिलन समारोह आज

**ग्वालियर।** ग्वालियर लोकसभा सांसद भारत सिंह कुशवाह के नेतृत्व में भाजपा ग्वालियर लोकसभा का होली मिलन समारोह 29 मार्च को शाम 4 बजे राजबाग गार्डन, मेला रोड पर आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में वरिष्ठ भाजपा नेतागण, सामाजिक, व्यापारी वर्ग सहित 6 विधानसभा के कार्यकर्तागण शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में अपने मधुर स्वर से बुंदेली लोकगायन को देश-विदेश में पहचान दिलाने वाली मशहूर बुंदेली गायिका सुश्री कविता शर्मा होली मिलन समारोह में अपनी आवाज का जादू बिखरेंगी। साथ ही कलाकारों द्वारा ब्रज की होली और विभिन्न कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इस अवसर पर ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह द्वारा लोकसभा क्षेत्र के सभी सामाजिक, गणमान्य लोगों व कार्यकर्ताओं से इस आयोजन में शमिल होने का आग्रह किया है। सांसद श्री कुशवाह ने कहा कि समारोह के जरिए हम अपनी पार्टी की एकता को और मजबूती देंगे और अपनी सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएंगे।

# कृषि विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर की अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं में ओवरऑल विजेता कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर रहा। कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में चली चार दिवसीय अंतरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर, सीहोर, खंडवा तथा उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के 200 विद्यार्थी सम्मिलित हुये। समापन समारोह के अवसर पर निदेशक विस्तार सेवायें डॉ. वाय.पी. सिंह द्वारा विजेता टीमों तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में विजेताओं को ट्रॉफी वितरित कर तथा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने विजेताओं का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी और अन्य खिलाड़ियों का हौसला भी बढ़ाया। खेल अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह तोमर ने जानकारी देते हुए बताया कि अंतरमहाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिताओं में बेस्ट ऐथलीट महिला वर्ग में मुस्कान गुर्जर, उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर तथा पुरूष वर्ग में पवन कटारे, कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर विजेता रहे। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर और वही महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय, सीहोर विजयी रहा। बैडमिंटन में पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर और महिला वर्ग में उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर विजेता रहा। टेबिल-टेनिस में पुरूष वर्ग एवं महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय, खण्डवा विजेता रहा। कैरम में पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय, खण्डवा और महिला वर्ग में कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर विजेता रहा। कबड्डी, खो-खो एवं बॉलीवॉल पुरूष वर्ग में कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर विजेता रहा। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस.एस. तोमर मौजूद रहे।



# किसी भी आपात स्थिति में डरें नहीं, ना ही किसी घटना को छुपाएं

■ कोतवाली पुलिस ने गजराराजा स्कूल की छात्राओं को किया जागरूक

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

आप लोग किसी भी आपात स्थिति में डरें नहीं और ना ही किसी घटना को छुपाएं। आपके साथ कोई भी घटना होने पर तत्काल अपने माता- पिता और पुलिस को सूचित करें। यह हिदायत कोतवाली थाना पुलिस द्वारा गजराराजा स्कूल की छात्राओं को महिला एवं साइबर संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए दी गई।

यहां बता दें कि एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर विभिन्न स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों व सार्वजनिक स्थानों पर महिला जागरूकता व सायबर संबंधी अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत एएसपी सुमन गुर्जर व महिला सुरक्षा डीएसपी किरण अहिरवार के मार्गदर्शन में गजराराजा गजराराजा स्कूल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कोतवाली थाना प्रभारी मोहिनी वर्मा व अन्य पुलिस स्टॉफ ने स्कूल के अध्यापकगण एवं छात्राओं को महिला सुरक्षा एवं नवीन महिला संबंधी अपराधों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान कोतवाली थाना प्रभारी श्रीमती वर्मा द्वारा उन्हें पुलिस की डायल 100/112 सेवा, 1090 महिला हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्प लाइन से भी अवगत कराया गया। उनके द्वारा छात्राओं को मोबाइल के दुरूपयोग तथा सायबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, पॉलिसी फ्रॉड व गेम फ्रॉड के संबंध में अवगत कराते हुए उनसे बचाव के टिप्स सुझाए गए।



## युवक ने गटका जहर, एफआरवी स्टाफने तत्परता दिखा पहुंचाया हॉस्पिटल

**ग्वालियर।** हजीरा थाना क्षेत्र में रहने वाले 35 वषीज़्य युवक ने बीती रात्रि किसी कारण के चलते जहरीला पदाथज़् गटक लिया। इसकी सूचना पाकर पहुंचे एफआरवी स्टॉफद्वारा तत्परता दिखाते हुए उसे हॉस्पिटल पहुंचाया गया, जिससे उसका समय पर उपचार शुरू हो सका। भोपाल स्थित राज्य स्तरीय डायल- 100/112 पुलिस कंट्रोल रूम में विगत रात्रि 11.32 बजे सूचना प्राप्त हुई, कि ग्वालियर के हजीरा थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा किसी कारण से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, और उसकी हालत बिगड़ रही है, अतः उसे तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही कंट्रोल रूम से हजीरा क्षेत्र में तैनात डायल- 100/112 को इसका पॉइंट दिया गया। जिस पर डायल- 100/112 पर तैनात आरक्षक राजवीर सिंह व दीपक कोरकू तत्काल पायलेट शुभम तिवारी के साथ घटनास्थल पर पहुंचे, तो पता लगा कि अज्ञात कारणों से 35 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। यह देख डायल- 100/112 स्टॉफ द्वारा तत्काल उसे सिविल हॉस्पिटल हजीरा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज उपरांत डॉक्टर्स द्वारा उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जयारोग्य अस्पताल के लिए रैफर कर दिया गया।


किराये पर देना है

D.D. Nagar Gwalior Sector A स्थित एक मकान में स्वतंत्र पोर्शन 2 कमरे (एक बड़ा, एक साधारण), किचन, लेट - बाँथ एवं बाहर आगे एवं पीछे खुला, किराए से देना है एवं 3 BHK, एमराल्ड ग्रीन टाउनशिप एक डीलक्स, फ्लैट (एक ड्राइंग रूम, डाइनिंग, दो लेट-बाथ तथा तीन बालकनी, लिफ्ट फर्स्ट फ्लोर का है किराए से देना है

संपर्क करें 9179416408


## युवती को मोबाइल पर धमकाया, अश्लील मैसेज भी भेजे

### तंग आकर पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दर्ज करवाई एफआईआर

**ग्वालियर।** युवती को उसके परिचित युवक द्वारा मोबाइल पर गाली- गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है, यही नहीं आरोपी ने उसे अश्लील मैसेज भी पहुंचाए। हजीरा इलाके में घटित उक्त घटना में तंग आकर पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत की, जिस पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है। हजीरा थाने में क्षेत्र के कांच मील स्थित आनंद नगर निवासी 32 वर्षीय युवती ने शिकायत की है, कि वह तानसेन नगर में रहने वाले नरेंद्र आर्य को पहले से पहचानती है, जे कहीं से उसका मोबाइल नंबर हासिल कर कॉल करने लगा। जब उसने उसे बार- बार कॉल करने से मना किया, तो उसने गाली- गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। यही नहीं आरोपी विगत तीन- चार दिनों से उसके मोबाइल पर अश्लील मैसेज भी कर रहा है। पुलिस द्वारा पीड़िता की शिकायत की तस्दीक उपरांत आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 78, 351(3) व 296 के तहत एफआईआर दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक एक अप्रैल को

**ग्वालियर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक एक अप्रैल को बुलाई गई है। इस दिन यह बैठक दोपहर एक बजे जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में होगी। बैठक में सामान्य सभा के सभी सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। सामान्य सभा की बैठक में स्कूल शिक्षा, जनजाति कार्य, लोक निर्माण, विद्युत, महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की समीक्षा होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के विकास से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी।

# निगमायुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने आज जनकार्य विभाग की समीक्षा करते हुए शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। टीएलसी बाल भवन में आयोजित बैठक में जनकार्य विभाग की समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त विजय राज, मुनीष सिंह सिकरवार, अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, कार्यपालन यंत्री पीआईयू पवन सिंघल सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने जनकार्य विभाग से संबंधित, पीआईयू से संबंधित, यातायात एवं पेच रिपेयरिंग से संबंधित प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी विकास कार्य चल रहे हैं। वह समय सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण हो यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंनें कहा कि निगम निधि एंव मौलिक निधि द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं। उनकी जानकारी पृथक-पृथक तैयार कर उपलब्ध करायें। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था सुधार हेतु एवं सौंदर्यीकरण के लिए किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने स्मार्ट सिटी द्वारा विकसित किए जा रहे तीन चौराहों की प्रगति की भी समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।













## ब्रीफ न्यूज

### एमआईटीएस डीम्ड यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन आज से

**ग्वालियर।** माधव इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (एमआईटीएस डीम्ड यूनिवर्सिटी) कल से महत्वाकांक्षी दो दिवसीय तृतीय अंतर्राष्ट्रीय तीसरा अंतर्राष्ट्रीय छात्र सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। यह आयोजन 29 और 30 मार्च को हाइब्रिड मोड (ऑनलाइन + ऑफलाइन) में किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के सैकड़ों शोधार्थी, शिक्षाविद और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस सम्मेलन में तकनीकी अनुसंधान, नवाचार और उद्योग से जुड़े आधुनिक विषयों पर गहन चर्चा होगी। इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मैनेजमेंट और बिजनेस जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपने शोध कार्यों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इस कांफ्रेंस के गेस्ट ऑफ़ ऑनर डॉ. तृप्ता ठाकुर हैं। डॉ. ठाकुर इस समय राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण प्रतिष्ठान (एनपीटीआई) की डायरेक्टर जनरल हैं। एमआईटीएस डीम्ड यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. आर.के. पंडित ने बताया कि आज का युवा बेहद प्रतिभाशाली है, लेकिन उसे सही मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

### तपती धूप में पत्नी पीड़ित ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

# मेरी पत्नी के भी 3-4 बॉयफ्रेंड, वह कभी भी मेरी करवा सकती है हत्या!

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**

मेरठ कांड के बाद शहर से भी पत्नी द्वारा उत्पीड़न के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। दो दिन पहले एक युवक को उसकी पत्नी के प्रेमी द्वारा कार से कुचलने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि अब एक शख्स अपनी ही पत्नी से जान का खतरा बताते हुए बीच चौराहे पर धरने पर बैठ गया और मुख्यमंत्री से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पत्नी को सजा दिलाने की अपील की है।



शहर के जनकगंज थाना क्षेत्र के जनकपुरी में रहने वाले अमित कुमार सेन उम्र 38 साल का कहना है कि उसकी पत्नी के तीन से चार प्रेमी हैं। फिलहाल वह राहुल बाथम नाम के व्यक्ति के साथ लिव-इन में रह रही है।अमित ने आरोप लगाया कि पत्नी और उसके प्रेमी ने मिलकर उसके बड़े बेटे हर्ष की हत्या करवा दी। छोटा बेटा भी पत्नी अपने साथ ले गई है। अमित ने आशंका जताई है कि मेरठ के 'ब्लू ड्रम हत्याकांड' की तरह मेरी भी हत्या करवाई जा सकती है, क्योंकि पत्नी का प्रेमी मुझे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पत्नी से पीड़ित युवक ऐसी चिलचिलाती धूप में फूलबाग चौराहे के गोलंबर पर लगे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के होर्डिंग के नीचे बैठकर तख्तीनुमा पोस्टर लोगों को दिखाकर पत्नी पर कार्रवाई की मांग कर रहा था।

#### युवक की पीड़ा

मुख्यमंत्री जी मेरी पत्नी को सजा दिलाओ। उसने मुझे धोखा दिया है। मेरे बेटे की हत्या की है। मेरी भी हत्या करवा सकती है। देश में पत्नी द्वारा बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर पति की हत्या करवाने के हाल ही में कई मामले सामने आ चुके है। मेरी पत्नी के भी 3-4 बॉयफ्रेंड हैं।

#### पुलिस को नहीं मिली पीड़ित की शिकायत

अमित कुमार का कहना है उसने कई बार पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जब न्याय नहीं मिला तो वह फूलबाग चौराहे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पोस्टर के नीचे धरने पर बैठ गया और सुरक्षा की मांग कर रहा है। वहीं जनकगंज थाना प्रभारी वीपेंद्र सिंह चौहान का कहना है कि उनके पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। यदि शिकायत पहले दर्ज कराई गई है, तो उसकी जांच की जाएगी, शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की अवश्य की जाएगी।

### घन घमंड पर हुआ मनमोहक शास्त्रीय नृत्य

# नव संवत्सर महोत्सव की सांस्कृतिक श्रृंखलाओं का समापन

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



संस्कार भारती और नगर निगम की ओर से नव संवत्सर महोत्सव की सांस्कृतिक श्रृंखलाओं का समापन शुक्रवार को महाराज बाड़ा स्थित जीवाजी चौक पर हुआ। कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति संस्कार भारती के ध्येय गीत साधयति संस्कार भारती से प्रारंभ हुई जिसे प्रस्तुत किया माधव विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने डॉ. रूपाली गोखले के संयोजन में। दूसरी प्रस्तुति के रूप में डॉ. मोनिका श्रीवास्तव के ग्रुप द्वारा महाकवि कालिदास की अमर रचना घन घमंड पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। तत्पश्चात शिखा सोनी समूह के नन्हे मुन्ने कलाकारों ने कथक नृत्य में गुरु वंदना एवं तराने पर अपने नृत्य की प्रस्तुति दी रंग सृष्टि संस्थान के छात्रों ने भरतनाट्यम के द्वारा अपने प्रस्तुति से सबको बांधे रखा। शिवा नायक ग्रुप के कलाकारों ने महाराष्ट्र लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के नृत्य दल ने भी अपनी शास्त्रीय नृत्य पर बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शन को की तालियां बटोरी। चैंपियन मार्शल आर्ट अकादमी और योग ग्रुप द्वारा हैरान कर देने वाली योग मुद्राओं को दिखाया। वहीं कीतेंद्र सिंह ग्रुप ने लोक गायन की प्रस्तुति दी। फ्लाई डांस अकेडमी द्वारा कान्हा तोसों हृदय न जोडूंगी गाने पर नन्ही मुन्नी बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी।

### निःशुल्क योग कक्षा में प्रतिदिन दे रहे हैं प्रशिक्षण



**ग्वालियर।** पतंजलि योग समिति के स्वामी रामदेव महाराज के शिष्य प्रतिदिन निशुल्क योग कक्षा रामदास घाटी, हॉकर्स जोन पार्क शिन्दे की छावनी में सुबह 6 बजे से 7.30 तक लगा रहे हैं। वह आमजन को सरल योग स्वामी रामदेव महाराज की योग पद्धति के आधार पर प्राणायाम, आसन, आयुर्वेद, एक्यूप्रेशर चिकित्सा आदि का प्रशिक्षण रोज योगाचार्य शिवकुमार पाहवा सिखा रहे हैं। शुक्रवार को जल नेति, रबर नेति, कठिन योगासन, व्यायाम सिखाया। डॉ. सत्येंद्र शास्त्री ने काव्यपाठ और योगाभ्यास कराते हुए कहा कि पिज्जा बरगर खाकर लम्बी उम्र जीना चाहते हो पर योग क्या तुम करते हो। बी.पी. हो गया, शुगर हो गया, ऐसे दर्द सुनाते हो। लगभग 100 महिला पुरूष योग से फायदे ले रहे हैं।

### सही चयन और अपनी क्षमताओं का आंकलन करें विद्यार्थी: प्रो. राठौर

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**



शासकीय एक्सीलेंस नंबर एक विद्यालय मुरार द्वारा अपने छात्रों के लिए कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता प्रो. बसंत सिंह राठौर द्वारा छात्रों को गणित, कॉमर्स, आर्ट्स एवं एग्रीकल्चर से संबंधित विषयों एवं उनके करियर ऑप्शन को बताया गया। उन्होंने कहा कि आज टेक्नोलॉजी के युग में मानव अंतरिक्ष में कई ऊंचाइयों को छू रहा है, हमें केवल अपना फोकस सेट करना है। सही प्रयास, सही विषय का चयन एवं अपनी क्षमताओं का आकलन हमें हमारे मुकाम तक पहुंचा सकता है। अन्य अतिथियों द्वारा आईटीआई इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी से संबंधित कोर्सेज की जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबुद्ध कुमार गर्ग प्राचार्य द्वारा की गई। संचालन दीप्ति गौड़ ने किया। इस अवसर पर नरेंद्र भार्गव, आईटी सेल के प्रभारी एवं आईसीटी के इंचार्ज कामिनी सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं 300 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### महलगांव करौली मैया के दरबार में रोज मनेगा उत्सव



**ग्वालियर।** सिद्धपीठ कैला महारानी एवं कुंअर महाराज मंदिर महलगांव में 30 मार्च से 6 मार्च तक चैत्र नवरात्रि महोत्सव का आयोजन बहुत ही धूमधाम के साथ होगा। जिसमें प्रतिदिन सुबह 4 बजे मंदिर के द्वार खोले जाएंगे। उसके बाद शाम 5 बजे कैला महारानी का गंगाजल से अभिषेक किया जाएगा। उसके उपरांत 7 बजे 16 श्रृंगार किए जाएंगे। उसके बाद आरती होगी, तत्पश्चात मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुलेगा। शाम 6 बजे हवन यज्ञ होगा। 6.30 बजे श्री कुंअर महाराज की दिव्य आरती होगी। शाम 7 बजे राजराजेश्वरी श्री कैला महारानी की महाआरती और उसके बाद हवन की पूर्णाहुति होगी। उसके बाद पुनः कैला महारानी के दर्शन हो सकेंगे। रात्रि 12 बजे के बाद मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे। इसी क्रम से पूजा अर्चना प्रतिदिन चैत्र नवरात्रि महोत्सव में रहेगी।

### कांग्रेस ने देश को विकास व प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का काम किया: विधायक डॉ सिकरवार



**ग्वालियर।** कांग्रेस ने अनेक क्रांतिकारी कदम उठाकर देश को विकास व प्रगति के पथ पर आगे ले जाने का काम किया। वही देश में भाजपा सरकार के नेताओं ने जनता को गुमराह करने का काम किया है। प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा झूठी घोषणायें, खाद्य सामग्री, रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल एवं अन्य चीजों पर महंगाई जैसे कार्य कर रही है। यह विचार 16 ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार वार्ड क्रमांक 29 के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में व्यक्त किये। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी थाठीपुर के वार्ड क्रमांक 29 में सायं 6 बजे बीजासेन मौहल्ला महलगांव में पूर्व पार्षद प्रत्याशी महेन्द्र शर्मा 'विक्की' के निवास पर सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव हेवरन कंषाना, जितेन्द्र खेमरिया, ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह चौहान, आदि उपस्थित रहे।

# संपत्ति से बिल और संस्कारों से बनती है गुडबिल: राघव ऋषि

### माधव मंगलम गार्डन में कथा विश्राम

**सत्ता सुधार ■ ग्वालियर**





कई जन्मों के पुण्यफल से मनुष्य जन्म मिलता है। इसे सिर्फ मोह माया में नष्ट न करें। जीवन उसी का धन्य होता है, जो मनमाना आचरण न करके संयमित जीवन शैली अपनाते हुए भक्ति करता है।यह विचार माधव मंगलम गार्डन में ऋषि सेवा समिति द्वारा आयोजित हो रही श्रीमद्भागत कथा के विश्राम दिवस शुक्रवार को राघव ऋषि व्यक्त किए। ग्वालियर में अगले वर्ष कथा के यजमान प्रेमलता आनंद मोहन छापरवाल होंगे। कथा विश्राम के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि आज समूचा विश्व जब भारतीय संस्कृति का दीवाना हो रहा है और हम पाश्चात्य की ओर आकर्षित हो रहे हैं। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जीवन में पांच ऋण होता हैं। देवऋण, पितृऋण, ऋषि ऋण, भूत ऋण और मानव ऋण। देव ऋण की मुक्ति के लिए यज्ञ, पितृ ऋण की मुक्ति के लिए श्राद्ध, करना चाहिए। भूत ऋण से मुक्ति के लिए जीव जंतु और पक्षियों को दाना पानी देना चाहिए। अतिथि सत्कार से मानव ऋण से मुक्ति मिल जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को सिर्फ संपत्ति न दें बल्कि संस्कार भी दें। संपत्ति से बिल और संस्कारों से गुडबिल बनती है। माता-पिता उसे ही अपनी संपत्ति दें, जो विपत्ति में काम आएं। उन्होंने कहा कि प्रभु जीव का भाव एवं संसार प्रभाव देखता है। मनुष्य स्वभाव के आगे हार जाता है अपने स्वभाव को प्रकृति के वशीभूत करने वाला जीव सुखी हो जाता है। उन्होंने कहा कि जल की भांति शीतल और मधुर रहो। हृदय में विवेक अग्नि जलती रहेगी तो जीवन पवित्र रहेगा। चंद्रमा से सीखा कि वृद्धि और ह्रास जीवन में बना रहता है। सूर्य से परोपकार, कबूतर से अनाशक्ति, अजगर से संतुष्टि, समुद्र से स्थिरता, पतंगा से मोह से दूर रहना, भ्रमर से आसक्ति का त्याग, हाथी से निःसंगता, मधुमक्खी से संग्रह न करना, मछली से जिह्वा सुख से दूर, बालक से निर्दोषता सीखें।

### स्वच्छता की बात अपनों के साथ थीम पर निकाय ने की जन जागरूकता कार्यशाला



**भितरवार।** भितरवार नगर परिषद स्वच्छता के सभी मापदंडों के आधार पर स्वच्छता रैंकिंग 2025 में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के लिए सक्रिय हो गई है। नगर परिषद भवन में स्वच्छता की बात अपनों के साथ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को निकाय के नवीन कार्यालय भवन पर नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। इसमें नगर के प्रबुद्धजन, व्यापारी, पार्षद और आम नागरिकों ने भाग लिया।कार्यशाला में स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। खुले में शौच, पेशाब और कचरा फेंकने जैसी समस्याओं के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। डस्टबिन के उचित उपयोग पर जोर दिया गया। गीले और सूखे कचरे के अलग-अलग संग्रहण की जानकारी दी गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष बलदेव अग्रवाल ने कहा कि भितरवार को स्वच्छता रैंकिंग में आगे लाने के लिए आम नागरिकों का सहयोग जरूरी है। बगैर किसी के सहयोग के उक्त अभियान में सफलता पाना नामुमकिन है, स्वच्छता के माध्यम से ही स्वयं का और सारे देश का सर्वांगीण विकास हो सकता है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लाभान्वित हुए 230 से अधिक मरीज

**भितरवार।** भितरवार में जैन हॉस्पिटल के 50 वर्ष पूर्ण होने एवं स्व. श्रीमती कृष्णा जैन जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सिम्स हॉस्पिटल, ग्वालियर के सहयोग से शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक लगाया गया। शिविर का शुभारम्भ भगवान महावीर जी के चित्र पर दीप प्रजावलित कर किया गया। शिविर में सिम्स हॉस्पिटल, ग्वालियर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ व्ही. के. गुप्ता, डॉ विनोद शाक्य व डॉ पूजा गौतम के द्वारा लगभग 230 से अधिक मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर उचित परामर्श दिया और मरीजों की बीपी, शुगर एवं ईसीजी इत्यादि जांचे निःशुल्क की गई।जैन हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ एम एल जैन ने कहा की सिम्स हॉस्पिटल के माध्यम से निरंतर शिविर आयोजित किये जाते है जिससे की ग्रामीण जनता को आयुष्मान योजना का लाभ मिल सके।

### संबल योजना अंतर्गत जनपद के 26 हितग्राहियों को मिली 54 लाख की अनुग्रह सहायता राशि

**भितरवार।** मुख्यमंत्री जन कल्याण (2.0) योजना के अंतर्गत शुक्रवार को हितग्राहियों के बैंक खातों में अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल मंत्रालय से प्रदेश के 23 हजार 162 परिवारों को संबल प्रदान करते हुए 505 करोड रुपए की अनुग्रह राशि का एक क्लिक के माध्यम से अंतरित की। जिसका वर्चुअल लाइव प्रसारण संबंधित हितग्राहियों प्रदेश भर में जिला, जनपद एवं नगरीय निकाय आदि स्थानों पर जनप्रतिनिधियों और आमजन के साथ दिखाया गया। इसी क्रम में भितरवार जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत के चिन्हित 26 हितग्राहियों को भी एक क्लिक के माध्यम से 54 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का लाभ प्राप्त हुआ।

### सेवानिवृत्त हुईं हूं रिश्तों से नहीं,अपनी बहन को बहुत स्नेह प्यार दिया: कृष्णा शर्मा

**भितरवार।** धनुआं के चक स्थित शासकीय प्राथमिक विधालय में पदस्थ शिक्षिका कृष्णा शर्मा को शासकीय सेवा पूरी करने पर शिक्षक और स्टाफ अभिभावकों ने भावभीनी विदाई दी। विद्यालय में आयोजित विदाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य शंकुल प्रभारी राघवेंद्र यादव उपस्थित थे। जिन्होंने कहा की शिक्षक कभी सेवानिवृति नहीं होते वे हमेशा समाज को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। वहीं उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षिका की सराहना करते हुए कहा कि नियमित विद्यालय का संचालन कर शैक्षणिक गतिविधियों का सफलता पूर्वक संचालन करने बाली शिक्षिका कृष्णा शर्मा से सभी शिक्षकों को सीख लेना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी श्रीलाल उचाडिया,मुरारी लाल त्यागी, करन सिंह,हरिकिशन मांझी,लोकेंद्र पवैया,राजीव तेहनगुरिया,जुगल पाठक,पुरुषोत्तम शर्मा,भूपेश तिवारी,मनीष शर्मा आदि उपस्थित थे।

### अंतर्कलह से तंग आकर अधेड़ ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**भितरवार।** भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम देवगढ़ के 46 वर्षीय अधेड़ पप्पू परिहार पुत्र देवीलाल परिहार ने शुक्रवार की दोपहर घरेलू अंतर्कलह से परेशान होकर जहरीला पदार्थ गटक लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ी तो परिवार जनों ने पूछताछ की तो उसने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई जिस पर परिजन उसे भितरवार के सामुदायिक अस्पताल लेकर आए जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे प्राथमिक उपचार देकर इमरजेंसी चिकित्सक द्वारा ग्वालियर रेफर कर दिया गया है। जहां ग्वालियर पहुंचकर इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया है। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद भितरवार पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# नशामुक्त हो ग्वालियर के साथ आज होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम



**ग्वालियर।** सकल ब्राह्मण महासमिति द्वारा आगामी 29 मार्च को होने वाले कार्यक्रम को लेकर प्रधान कार्यालय पर आयोजन समिति की बैठक मीडिया प्रभारी श्याम बाबू शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मुख्य रूप से संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज उपस्थित थे। संचालन कार्यक्रम संयोजक दीपक शर्मा ने किया। संस्थापक डॉ. जयवीर भारद्वाज ने कहा कि ग्वालियर में अफीम, गांजा,चरस, स्मैक से युवा पीढ़ी को नपुंसकता की ओर ढकेला जा रहा है। ब्राह्मण समाज नशा मुक्त हो ग्वालियर के लिए जन जागरण अभियान का शुभारंभ नव संवत्सर महोत्सव के शुभारंभ के अवसर पर करेगा तथा 29 मार्च सायंकाल ठीक 4:30 बजे श्रद्धेय शंकर लाल शर्मा सभागार, प्रधान कार्यालय ऊंट पुल, जिंसी नाले, किताब घर के बगल से नव संवत्सर महोत्सव का शुभारंभ श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पीठाधीश्वर संजय लंघाटे के मुख्य आतिथ्य में होगा। विशिष्ट अतिथि सनाढ्य सभा के अध्यक्ष अशोक शर्मा, आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष गिरिराज गुरुजी, भार्गव समाज के पूर्व महामंत्री सतीश शर्मा केदारपुर, सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष राजेश नायक, सर्व ब्राह्मण महासभा की महिला अध्यक्षा श्रीमती अनीता रिछारिया, ब्राह्मण युवक युवती परिचय सम्मेलन की संरक्षिका श्रीमती विमला मौसी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

### जल संरक्षण विषय पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**ग्वालियर।** सेवार्थ जन कल्याण समिति के द्वारा संचालित सेवार्थ पाठशाला गोहद पर शुक्रवार को क्लीन गोहद ग्रीन गोहद अर्थात स्वच्छ और हराभरा गोहद तथा जल संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। 50 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता की और अपने विचारों को चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुविभागीय दंडाधिकारी गोहद पराग जैन थे। विशिष्ट अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर भारद्वाज थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवार्थ पाठशाला के अध्यक्ष ओ.पी. दीक्षित ने की। इस अवसर पर पाठशाला कार्यकारिणी के सदस्य राकेश श्रीवास्तव, अमित पांडे, जगदीश गुप्ता, मीनू अग्रवाल तथा स्थानीय संचालक पाठशाला राहुल शर्मा, विजय नरवरिया, बड़ी संख्या में पालक एवं बच्चे उपस्थित थे। अपने प्रेरक उद्बोधन में पराग जैन ने इस तरह की प्रतियोगिताओं की प्रासंगिकता का वर्णन किया। उन्होंने व्यक्त किया कि इस तरह के कार्यक्रम समाज को जीवंत बनाते हैं।

### स्कूल चलें हम अभियान का विकासखंड में संचालन बेहतर हो: एसडीएम

**भितरवार।** जनपद शिक्षक में भितरवार के तत्वाधान में नवीन शैक्षिक सत्र को लेकर संस्था प्रभारी शिक्षकों की बैठक पटिया वाले सामुदायिक भवन में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से एसडीएम डीएन सिंह जिले के एमडीएम शाखा के प्रभारी श्री संजीव विशिष्ट ,बीआरसीसी नरहरि मिश्रा ,बीएसी मुकेश कुमार,राजीव गुप्ता जनशिक्षक व उपस्थित रहे बैठक में हेड मास्टर शिक्षकों को निर्देश दिए गए कि 1 अप्रैल को शालाओं में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया जाए। इस इसके लिये शिक्षक छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें।

### होर्डिंग स्ट्रेक्चर एवं यूनीपोल के स्ट्रैक्चरों का करायें संधारण कार्य

**ग्वालियर।** निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन ऐजेन्सियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रेक्चर, यूनीपोल, फ्लेक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन किया जा रहा है। एसे स्ट्रैक्चरों का संधारण कार्य आवश्यक रूप से करा कर विज्ञापन शाखा को अवगत करायें। उपायुक्त विज्ञापन शाखा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार नगर निगम ग्वालियर सीमा अन्तर्गत समस्त निजी भवन, भूमि स्वामी एवं विज्ञापन ऐजेन्सियों के द्वारा होर्डिंग स्ट्रेक्चर, यूनीपोल, फ्लेक्स इत्यादि द्वारा विज्ञापन का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।


**अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर निम्नलिखित अनारक्षित मेला एक्सप्रेस स्पेशल के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:

गाड़ी सं. 01601/01602 भोपाल-इटावा अनारक्षित मेला एक्सप्रेस स्पेशल

| गाड़ी सं. 01601 भोपाल-इटावा | | | गाड़ी सं. 01602 इटावा-भोपाल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 04:50 | भोपाल | 08:05 | -- |
| 14:10 | 14:15 | ग्वालियर | 21:15 | 21:20 |
| 14:32 | 14:34 | सनीचरा | 20:10 | 20:12 |
| 14:44 | 14:46 | मालनपुर | 19:39 | 19:41 |
| 15:01 | 15:03 | गोहद रोड | 19:22 | 19:24 |
| 15:17 | 15:22 | सोनी | 19:03 | 19:08 |
| 15:55 | 16:00 | भिण्ड | 18:25 | 18:30 |
| 16:55 | -- | इटावा | -- | 17:40 |

भोपाल से- गाड़ी सं. 01601, दिनांक- 30.03.2025, 01.04.2025, 03.04.2025, 05.04.2025, 07.04.2025, 10.04.2025 एवं 12.04.2025

इटावा से- गाड़ी सं. 01602, दिनांक- 30.03.2025, 01.04.2025, 03.04.2025, 05.04.2025, 07.04.2025, 10.04.2025 एवं 12.04.2025

गाड़ी संरचना: सामान्य श्रेणी-10, स्लीपर श्रेणी-03

नोट: ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 599/25 FA



**नामांतरण विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति वे. क्र.03 वार्ड क्र.07, भवन क्र., स्थान [illegible] बगवानपुरा ग्वालियर पर स्थित है जो कि श्री/श्रीमती [illegible] सिंह/श्री [illegible] सिंह, [illegible] सिंह/ श्री [illegible], अतर सिंह [illegible]/ श्री विजय सिंह के नाम से नगर निगम में आई. डी. क्र.200932297 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 631 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र क्र.[illegible] दिनांक [illegible] 02.2019 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांतरण आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र [illegible] क्र.03 पर दिनांक 27.03.2025 को किया गया है जिसका आवेदन क्रमांक क्र. 75/2011/53996/53836/व.क्र.*3/11 है। उक्त के संबन्ध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त, नगर निगम ग्वालियर, सिटी सेन्टर में स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 202, 205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जायेगा।

आवेदक का नाम/पता

कलावती/श्री राजेन्द्र सिंह

पता : [illegible] मो.7471198163

विज्ञप्ति जारी दिनांक : 28.03.2025



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 ग्वालियर**

फोन नं. 0751- 2371231 | ईमेल: eepwd1gwl@mp.nic.in

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 29/टी.सी./डी-1 ग्वा./2024-25 | दिनांक 17/03/2025

[illegible] http://mptenders.gov.in [illegible]

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | (1) ठेके की अनुमानित राशि व (2) अमानत राशि | टेण्डर फार्म की राशि (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | पंजीयन श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_PWDRB_410792_1 | [illegible] (द्वितीय आमंत्रण) | 1. 4.22 लाख 2. 8600/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि.में पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 2025_PWDRB_410794_1 | [illegible] (द्वितीय आमंत्रण) | 1. 4.15 लाख 2. 8300/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि.में पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | 2025_PWDRB_410795_1 | [illegible] | 1. 19.93 लाख 2. 40000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि.में पंजीकृत ठेकेदार |
| 4 | 2025_PWDRB_410796_1 | [illegible] | 1. 19.92 लाख 2. 40000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि.में पंजीकृत ठेकेदार |
| 5 | 2025_PWDRB_410797_1 | [illegible] | 1. 19.20 लाख 2. 40000/- | 2000/- + (पोर्टल चार्ज) | 03 माह वर्षाकाल सहित | लो.नि.वि.में पंजीकृत ठेकेदार |

कुल कार्य संख्या - 05 (पांच)

ऑनलाइन निविदा जारी व डाउनलोड करने की आरम्भ तिथि 24/03/2025 प्रातः 10:30

ऑनलाइन निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 09/04/2025 प्रातः 17:30

ऑनलाइन निविदा दर खुलने की तिथि 11/04/2025 प्रातः 11:00

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाइट पर (Online System) ऑनलाइन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। तथा सम्पूर्ण जानकारी पोर्टल पर प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1
ग्वालियर (म.प्र.)
फोन 0751 2371231

G-24888/24

ब्रीफ न्यूज

### पाकिस्तान के हाथ से खिसक रहा बलूचिस्तान, विद्रोही हुए मजबूत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के लिए बलूचिस्तान बहुत बड़ा संकट बन गया है। यहां विद्रोहियों की लगातार ताकत बढ़ रही है और पाकिस्तान की टेंशन। इसी बीच बलूचिस्तान में मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच की गिरफ्तारी के विरोध में 10 हजार महिलाएं सड़कों पर उतरीं हैं। बलूच विद्रोहियों के अलावा बलूचिस्तान प्रांत में मानवाधिकार कार्यकर्ता महरंग बलूच पाक सेना व सरकार को चुनौती दे रही हैं। इसके चलते बीते हफ्ते पाक सरकार ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। पाकिस्तानी एजेंसियों ने महरंग को कैद कर यह सोचा था कि चुनौती खत्म हो जाएगी, लेकिन अब उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ 10 हजार से ज्यादा महिलाएं सड़कें पर हैं। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने आंदोलन को समर्थन दिया है। इसके साथ ही अब बीएलए को आम जनता का समर्थन भी मिल रहा है। इससे स्थिति और गंभीर हो गई है। आंदोलन ने राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। इस आंदोलन ने युवा-महिलाओं के संगठित कर दिया है। इसके अलावा पाक सेना और सरकार की कठोर प्रतिक्रिया से बलूचिस्तान में हालात संभलने के बजाए बिगड़ते दिख रहे हैं।

### नाटो गठबंधन ने अपना ही फैसला पलटा, यूक्रेन को लगा झटका

**कीव।** यूरोपीय देशों समेत नाटो गठबंधन के सदस्य देश कथित तौर पर अपनी उस योजना से पीछे हट रहे हैं, जिसके तहत यूक्रेन को सैन्य मदद दी जाने की योजना बनाई गई थी। इससे पहले ऐसी खबरें थीं कि यूरोपीय देश शांति समझौता होने के स्थिति में यूक्रेन को भविष्य में रूसी आक्रमण से बचाने के लिए वहां सैनिकों की तैनाती करेंगे और सैन्य सहायता उपलब्ध कराएंगे लेकिन अब ये योजना खटाई में पड़ती दिख रही है। नाटो देशों के इस कदम से यूक्रेन को बड़ा झटका लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यूरोपीय नेता बदली भू-राजनीतिक परिस्थितियों में अब ब्रिटेन और फ्रांस द्वारा प्रस्तावित सैनिकों को भेजने की चुनौतियों पर विचार कर रहे हैं, और उसे पलटने की योजना पर काम कर रहे हैं। माना जा रहा है कि यूरोपीय देश अब अपने प्रस्ताव से पीछे हट रहे हैं क्योंकि हाल के दिनों में ट्रम्प प्रशासन के तहत अमेरिका-रूस संबंधों में सुधार हुआ है और मॉस्को धीरे-धीरे वॉशिंगटन के करीब आ रहा है।

### बेबी एडॉप्शन घोटाला: यूं ही बांट दिए दो लाख बच्चे

**सियोल।** साउथ कोरिया में अजीबोगरीब घोटाला सामने आया है। वहां 2 लाख बच्चों को यूं ही बांट दिया गया। ना सही रिकार्ड, ना सही प्रमाणपत्र, इसे दुनिया में सबसे शर्मनाक बच्चा गोद घोटाला बताया जा रहा है इसकी कहानी जान के आप भी हैरान हो जाएंगे। दक्षिण कोरिया में बच्चा गोद लेने के तरीकों की जांच कर रही जांच टीम ने जब खंगालना शुरू किया तो पता चला कि देश की एजेंसियों ने बच्चों को गोद लेने के लिए विदेश भेजने में जबरदस्त जल्दबाजी दिखाई। इसमें उनकी हेल्थ और मानवाधिकार का भी ख्याल नहीं रखा गया।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले शुक्रवार से इस क्षेत्र में लगी जंगल की आग ने भारी तबाही मचाई है

# दक्षिण कोरिया के जंगल में नहीं थम रही आग, 26 की मौत, 30 झुलसे



**एजेंसी ■ सोल**

दक्षिण कोरिया के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नॉर्थ ग्योंगसांग में लगी आग नियंत्रण से बाहर हो रही है। यहां अब 26 लोगों की मौत हो गई जबकि 30 लोग बुरी तरह झुलस गए।अग्निशमन कर्मी हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले शुक्रवार से इस क्षेत्र में लगी जंगल की आग ने भारी तबाही मचाई है और लगभग 36,000 हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो गया है। यह आग 2000 में पूर्वी तट पर लगी जंगल की आग से लगभग 13,000 हेक्टेयर ज्यादा क्षेत्र को प्रभावित कर रही है। उस समय की



आग में 23,794 हेक्टेयर जंगल जल गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक वन अधिकारियों ने सोल से करीब 180 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में उइसियोंग काउंटी में लगी आग पर काबू पाने के लिए शनिवार सुबह 6-30 बजे हेलीकॉप्टर, दमकल गाड़ियां और अग्निशमन कर्मी भेजने शुरू कर दिए। यह आग तेज हवाओं के कारण जल्दी फैल गई। मौसम अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत में लगभग 5 मिमी बारिश होने की उम्मीद है। प्रांत में लगी आग से 21 लोगों की मौत होने का अनुमान है, जिनमें से चार लोग एंडोंग में मारे गए और आठ लोगों की मौत येओंगदेओक काउंटी में हुई। लगभग 37,000 लोग अपने घरों से बेघर हो गए हैं, जिनमें उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के उइसियोंग और अंडोंग इलाकों के 29,911 लोग शामिल हैं। इससे पहले कार्यवाहक दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति हान डक-सू ने कार्यवाहक आंतरिक मंत्री की-डोंग को उत्तर ग्योंगसांग प्रांत में रहकर आग पर काबू पाने तक प्रभावित लोगों के लिए राहत कार्यों की देखरेख करने का आदेश दिया।

# गाजा हुआ तबाह, 50 हजार से अधिक लोगों की हुई मौत, जंग फिर भी जारी

## फिलिस्तीन का गाजा शहर पूरी तरह तबाह हो गया है

**एजेंसी ■ गाजा**

हमास और इजरायल के बीच जारी जंग में अब तक 50 हजार से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। फिलिस्तीन का गाजा शहर पूरी तरह तबाह हो गया है। गाजा पर हमास का शासन है। इजरायली हमले में हमास के तमाम बड़े नेता और हजारों लड़ाके मौत की नींद सो चुके हैं। आम लोगों को भी बड़ी तबाही झेलनी पड़ी है।

इस बीच अब गाजा की फिजा में चैन की बायर बहती दिख रही है। दरअसल, हमास-इजरायल के बीच जारी इस जंग से फिलिस्तीन की आम जनता भी बुरी तरह त्रस्त हो चुकी है। वह अब चैन चाहती है। ऐसे वह सड़कों पर उतर रही है। बुधवार को उत्तरी गाजा में बुरी तरह नष्ट हो चुके एक कस्बे में हजारों फिलिस्तीनियों ने जुलूस निकाला। यह युद्ध-विरोधी प्रदर्शनों का दूसरा दिन था। कई लोग हमास के खिलाफ नारे लगा रहे थे। यह इस चरमपंथी संगठन के खिलाफ आम लोगों का गुस्सा दिखाता है।



सवाल यह है कि आखिर फिलिस्तीन में आम लोग अब हमास के खिलाफ क्यों सड़कों पर उतर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि आम इंसान जंग से आजीज आ चुके हैं। कुछ ये भी कह रहे हैं कि यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस चेतावनी का भी असर हो सकता है जिसमें उन्होंने हमास-इजरायल जंग को खत्म करने के लिए फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाने की बात कही थी। खैर इसका कारण जो भी, लेकिन आम फिलिस्तीनियों का सड़क पर उतरना गाजा और पूरे मध्य पूर्व में शांति की आहट का संकेत देता है।

बुधवार को ज्यादातर प्रदर्शन गाजा के उत्तरी हिस्से में हुए। लोग 17 महीने से चल रही इजराइल के साथ जंग को खत्म करने की मांग कर रहे थे, जिसने गाजा में जिंदगी को बहुत मुश्किल बना दिया है। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने हमास की भी खुलकर आलोचना की, जिसका अब भी गाजा पर कब्जा है। बेत लाहिया कस्बे में करीब 3,000 लोग जमा हुए। वहां मंगलवार को भी ऐसा ही प्रदर्शन हुआ था। जनता हमास का पतन चाहती हैज जैसे नारे लगाए गए। गाजा शहर के शिजैया इलाके में भी दर्जनों लोगों ने बाहर, बाहर, हमास बाहर जाओ के नारे लगाए।

रिपोर्ट के मुताबिक अबेद रदवान नाम के एक शख्स ने कहा, हमारे बच्चे मारे गए, हमारे घर तबाह हो गए। उन्होंने बेत लाहिया के प्रदर्शन में हिस्सा लिया था और कहा कि यह युद्ध, हमास, फिलिस्तीनी गुटों, इजराइल और दुनिया की चुप्पी के खिलाफ था। अम्मार हसन, जिन्होंने मंगलवार को प्रदर्शन में हिस्सा लिया, ने बताया कि यह शुरू में युद्ध के खिलाफ छोटा प्रदर्शन था, लेकिन बाद में 2,000 से ज्यादा लोग जुट गए और हमास के खिलाफ नारे लगाने लगे। बेत लाहिया के परिवारों के बुजुर्गों ने इजराइल के नए हमले और गाजा में सभी आपूर्तियों पर सख्त रोक के खिलाफ प्रदर्शनों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि समुदाय इजराइल के खिलाफ सशस्त्र प्रतिरोध का पूरा समर्थन करता है। बेत हनून के मोहम्मद अबू साकर ने कहा, यह प्रदर्शन राजनीति के बारे में नहीं था, यह लोगों की जिंदगी के बारे में था।

जबालिया में भी मंगलवार को ऐसा ही प्रदर्शन हुआ। एक प्रदर्शनकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि वे इसलिए शामिल हुए क्योंकि सबने हमें नाकाम किया। उन्होंने इजराइल, हमास, पश्चिमी समर्थित फिलिस्तीनी प्राधिकरण और अरब मध्यस्थों के खिलाफ नारे लगाए। वहां हमास की सुरक्षा बल नहीं दिखे, लेकिन समर्थकों और विरोधियों के बीच झड़पें हुईं। बाद में उन्हें प्रदर्शन में शामिल होने का पछतावा हुआ, क्योंकि इजराइली मीडिया ने हमास विरोध पर जोर दिया। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने फिलिस्तीनियों से प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की

## व्हाइट हाउस में ट्रंप ने रखी इफ्तार पार्टी, मुस्लिम नेताओं को निमंत्रण नहीं मिलने पर विवाद



**एजेंसी ■ वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में अपने कार्यकाल की पहली इफ्तार पार्टी की मेजबानी की, लेकिन यह आयोजन विवादों में घिर गया है। अमेरिकी मुस्लिम समुदाय इस इफ्तार पार्टी से नाखुश नजर आए हैं, क्योंकि इस बार मुस्लिम सांसदों और समुदाय से जुड़े नेताओं को आमंत्रित नहीं किया गया। इफ्तार पार्टी के अवसर पर ट्रंप ने कहा, मैं आप सभी का व्हाइट हाउस के इफ्तार डिनर में स्वागत करता हूं। रमजान इस्लाम का पवित्र महीना है और हम इस अवसर का सम्मान करते हैं। उन्होंने मुस्लिम समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनके समर्थन के लिए आभार भी जताया। यह अलग बाात है कि व्हाइट हाउस की इस इफ्तार पार्टी में अमेरिकी मुस्लिम संगठनों, सांसदों और समुदायिक नेताओं को निमंत्रण नहीं भेजा गया। इसके बजाय, मुस्लिम देशों के विदेशी राजदूतों को आमंत्रित किया गया। इस फैसले की आलोचना करते हुए कई मुस्लिम सिविल राइट्स संगठनों ने नॉट ट्रंप इफ्तार के नाम से विरोध प्रदर्शन किया। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ट्रंप एक तरफ मुस्लिम बैन लगाते हैं और दूसरी तरफ इफ्तार पार्टी रखते हैं - यह पाखंड है।

### बिल क्लिंटन ने शुरु की थी इफ्तार पार्टी

गौरतलब है कि व्हाइट हाउस में इफ्तार डिनर की परंपरा 1996 में तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने शुरू की थी, जिसे जॉर्ज बुश और बराक ओबामा ने भी जारी रखा। 2017 में ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान इस परंपरा को रद्द कर दिया था, और अब इस बार आयोजित इफ्तार पार्टी ने विवादों को जन्म दे दिया है।

# मोहम्मद यूनुस चार दिवसीय यात्रा पर चीन रवाना, भारत ने दिया ठंडा रिस्पॉन्स

## बीजिंग से पहले दिल्ली आना चाह रहे थे यूनुस,

**एजेंसी ■ ढाका/नई दिल्ली**

बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस, 1971 के युद्ध में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के कुछ ही घंटों बाद, चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर चीन रवाना हो गए। यह यात्रा भारत और बांग्लादेश के तनावपूर्ण संबंधों के बीच हो रही है और इसे केवल संयोग नहीं माना जा सकता।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका से मिली जानकारी के अनुसार, मोहम्मद यूनुस चीन रवाना होने से पहले भारत की यात्रा करना चाह रहे थे, लेकिन भारत ने उनके इस प्रस्ताव पर ठंडा रवैया अपनाया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, यूनुस के प्रेस सचिव ने पुष्टि की कि भारत की ओर से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली, जिसके कारण उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा के लिए चीन को प्राथमिकता देनी



पड़ी। यूनुस यात्रा के दौरान चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। उनके साथ बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मंत्री और सलाहकारों का दल भी गया है, जिसमें विदेशी मामलों, बिजली, ऊर्जा, खनिज, सड़क परिवहन, पुल और रेलवे से जुड़े विशेषज्ञ शामिल हैं। बांग्लादेश के इस रुख से संकेत मिलता है कि ढाका और बीजिंग के बीच सहयोग को और मजबूत किया जा सकता है। वहीं, भारत के लिए यह एक स्पष्ट संदेश है कि यदि नई दिल्ली अपने दक्षिण एशियाई पड़ोसी के साथ संबंधों को महत्व नहीं देती है, तो बांग्लादेश चीन की ओर झुक सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत और बांग्लादेश के बीच व्यापार, जल संसाधनों के बंटवारे, सीमा सुरक्षा और रोहिंग्या शरणार्थियों जैसे मुद्दों पर असहमति बनी हुई है। भारत चाहता है कि बांग्लादेश इन संवेदनशील मामलों पर स्पष्ट रुख अपनाए और पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा दे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश के 'नेशनल डे' के अवसर पर मोहम्मद यूनुस को शुभकामनाएं भेजीं, जिससे संकेत मिलता है कि भारत, संबंधों को सामान्य बनाए रखना चाहता है। लेकिन यह भी स्पष्ट है कि नई दिल्ली, बांग्लादेश की नीतियों और उसके चीन के प्रति रुख को लेकर सतर्क है।

### अमेरिकी संसद में पाक सेना प्रमुख पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान विदेश कार्यालय ने अमेरिकी सांसदों की ओर से संसद में पेश किए गए द्विदलीय विधेयक की निंदा की। अमेरिकी संसद में पेश किए गए विधेयक में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए सेना प्रमुख सहित देश के सरकारी अधिकारियों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की मांग की गई। पाकिस्तान ने देश की विभिन्न वाणिज्यिक संस्थाओं पर संयुक्त राज्य अमेरिका की ओर से हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों की भी निंदा की और इसे बिना किसी परामर्श, साक्ष्य या प्रमाण के लिया गया एकतरफा फैसला बताया। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने गुरुवार को साप्ताहिक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, हमें अमेरिकी कांग्रेस में पेश किए गए विधेयक की जानकारी है। यह व्यक्तियों की राय को दर्शाता है, न कि व्यापक अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों को।



दक्षिण कोरिया में जंगल की आग से बचाये गये लोग एक सामुदायिक केन्द्र में आराम करते हुए।

**रिसर्च** शोधकर्ता एक नए लौह-आधारित नैनोकणों, या नैनो-एडजुवेंट्स को डिजाइन कर रहे हैं

# नैनोकणों से होगा ब्रेस्ट कैंसर के घातक स्वरूप का उपचार



**एजेंसी ■ सिडनी**

ब्रेस्ट कैंसर के सबसे घातक रूपों में से एक ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर (टीएनबीसी) के इलाज के लिए ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ता नैनोकणों का विकास कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शोधकर्ता एक नए लौह-आधारित नैनोकणों, या नैनो-एडजुवेंट्स को डिजाइन कर रहे हैं। इसके तहत बालों के एक ही रेशे पर हजारों नैनोकणों को फिट किया जा सकता है। इसका उद्देश्य टीएनबीसी के खिलाफ शरीर की प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को मजबूत करना है। रिपोर्ट में एआईबीएन के प्रोफेसर के मुताबिक अन्य ब्रेस्ट कैंसरों के विपरीत, टीएनबीसी में अन्य कैंसरों के खिलाफ इस्तेमाल किए जाने वाले कुछ पारंपरिक उपचारों द्वारा लक्षित प्रोटीन की कमी होती है, जिससे प्रभावी उपचार करना चुनौती बन जाता है। उन्होंने कहा, कि इम्यूनोथेरेपी के बावजूद, ट्रिपल-नेगेटिव ब्रेस्ट कैंसर के खिलाफ इसकी प्रभावशीलता बेहद सीमित है। इससे प्रभावी उपचार नहीं हो पाता। ऐसी अवस्था में शोध के जरिए नए विकल्प की तलाश की जा रही है। प्रोफेसर के मुताबिक नैनोकणों को ट्यूमर माइक्रो एनवायरनमेंट के भीतर टी-कोशिकाओं से लड़ने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा उपयोग की जाने वाली श्वेत रक्त कोशिकाओं की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे कैंसर कोशिकाओं को पहचानने और उन पर हमला करने की प्रतिरक्षा प्रणाली की क्षमता में वृद्धि होती है। इस शोध परियोजना का उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर के उपचार को और प्रभावी बनाना है। यह नई पहल न केवल टीएनबीसी के लिए, बल्कि डिम्बग्रंथि के कैंसर के उपचार के लिए भी नए मार्ग प्रशस्त करेगी।

उम्मीद की जा रही है कि यह सफलता इम्यूनोथेरेपी को अधिक प्रभावी बनाकर कैंसर उपचार को बदल देगी। एआईबीएन के निदेशक ने कहा कि यह शोध विज्ञान की सीमाओं को आगे बढ़ाएगा और ऐसे नए उपचार खोजेगा, जो इस कैंसर से लड़ने के हमारे तरीके को बदल देंगे। यह जीवन व मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहीं महिलाओं के लिए आशा की किरण बनेगा।

## वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी कहा- सूर्यग्रहण खाली आंखों से देखना पड़ सकता है भारी

**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

साल का पहला सूर्यग्रहण शनिवार को होने जा रहा है। यह एक आंशिक सूर्यग्रहण होगा जिसे उत्तरी अमेरिका के साथ ही पश्चिमी यूरोप, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका और रूस में देखा जा सकेगा। इसके साथ ही यह संभवतः सबसे खतरनाक भी होगा। पर्यवेक्षकों का कहना है कि शनिवार को लगने वाला सूर्यग्रहण आंखों के लिए खतरनाक हो सकता है। खास बात ये है कि साल का पहला आंशिक सूर्यग्रहण इसी महीने हुए ब्लड मून यानी पूर्ण चंद्रग्रहण के दो सप्ताह बाद हो रहा है। यह सूर्यग्रहण क्यों खतरनाक होगा, इसे हम आपको बताएंगे लेकिन उसके पहले इसके बारे में जान लेते हैं।

पर्यवेक्षकों का कहना है कि सूर्य कभी भी पूरी तरह से ढका नहीं होगा, इसलिए इसे देखना खतरनाक होगा। ग्रहण के दौरान सूर्य को देखने के लिए ग्रहण का चश्मा या सोलर फिल्टर की आवश्यकता होगी। इसे धूप के चश्मे के साथ न देखने की सलाह दी गई है। फोटोग्राफरों को सौर फिल्टरों का इस्तेमाल करना चाहिए।

# डिजिटल भारत में विचारों की बेड़ियां

सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों की निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश और आईटी नियम 2021 ने डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित किया है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है। धारा 79 डिजिटल मंचों को मध्यस्थ सुरक्षा प्रदान करती है, लेकिन हालिया सरकारी हस्तक्षेप ने इस सुरक्षा को चुनौती दी है। सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्मों पर निगरानी, सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश, और आईटी नियम 2021 का कड़ा अनुपालन डिजिटल अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सीमित कर रहा है। सेंसरशिप और आत्म-नियमन के भय से प्लेटफार्म अधिक सामग्री हटाने लगे हैं, जिससे विचारों की विविधता प्रभावित होती है। हालांकि, झूठी सूचनाओं और साइबर अपराधों को रोकने के लिए कुछ हद तक नियमन आवश्यक है। इसीलिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्लेटफार्म जवाबदेही के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। भारत को यूरोप के डिजिटल सर्विसेज एक्ट और अमेरिका के सेक्शन 230 जैसे संतुलित मॉडल से सीख लेकर, एक पारदर्शी और न्यायसंगत डिजिटल नीति अपनानी होगी। सूचना की इस नित परिवर्तनशील धारा में, जहाँ डिजिटल प्लेटफॉर्म विचारों के विस्तृत वितान की भूमिका निभा रहे हैं, वहीं उन पर लगने वाली बंदिशें एक नवीन प्रश्नचिह्न उत्पन्न करती हैं। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नियमन की कठोरता के मध्य झूलते इस युग में, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79 एक महत्वपूर्ण पृष्ठभूमि निर्मित करती है। आईटी अधिनियम की धारा 79 डिजिटल मंचों को एक ऐसा आश्रय प्रदान करती है, जो उन्हें उपयोगकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत सामग्री की जवाबदेही से मुक्त रखता है, बशर्ते कि~वे मात्र संदेश वाहक की भूमिका निभाएं, न कि नियंत्रक की। किसी अवैध सामग्री की सूचना मिलने पर, नियमानुसार उसे हटाने का यत्न करें। नवीनतम आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का अनुपालन करें। किन्तु, सरकार के हालिया कदमों ने इस कवच को किसी हद तक छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है, जहाँ



अभिव्यक्ति की आज़ादी और नियमन की शक्ति के मध्य एक सतत संघर्ष दृष्टिगोचर होता है। सूचना और संप्रेषण के इस युग में सरकार द्वारा लागू किए गए कुछ प्रमुख हस्तक्षेपों पर यदि दृष्टिपात करें, तो पाते हैं कि ओटीटी प्लेटफार्मों पर बढ़ती निगरानी ने रचनात्मकता को एक कठोर परिधि में बाँधने का प्रयास किया है। सोशल मीडिया पर टेकडाउन आदेश विचारों के मुक्त प्रवाह में एक बाधा के समान प्रतीत होते हैं। आईटी नियम, 2021 का क्रियान्वयन डिजिटल संवाद के सहज प्रवाह को नियंत्रित करने की मंशा रखता है।

# म्यांमार-थाईलैंड समेत हिल गई कई देशों की दुनिया!

म्यांमार और थाईलैंड में दोपहर के समय आए भयंकर भूकंप को रिक्टर पैमान पर 7.9 की तीव्रता का नापा गया है। इतने तेज भूकंप के कारण दोनों ही देशों में भारी तबाही हुई है। इन देशों की विशाल इमारतें और पुल ढह गए और भारी जान माल का नुकसान हुआ।थाईलैंड के प्रधानमंत्री शिनवात्रा ने बैंकाक के अंदर आपातकाल की घोषणा की है। इस भूकंप का केंद्र म्यांमार बताया गया है। जिसका भारी प्रभाव थाईलैंड तक हुआ है। बैंकाक में वशिाल इमारत के ढहने से उसमें 43 लोग फंस गए हैं। आपातकालीन सेवाओं में जुटे कर्मियों का कहना है कि बैंकाक के चाटूचाक पार्क की इस इमारत के अंदर 50 लोग मौजूद थे। इस भूकंप की वजह से बैंकाक में अभी तक एक व्यक्ति के मरने की पुष्टि हो गई है, जबकि 50 लोग घायल हैं।म्यांमार में भी भारी तबाही हुई है। वहां मौजूद लोग चीखते-चिल्लाते हुए भागते नजर आ रहे हैं। बैंकॉक के 'चटुचक मार्केट' के पास



स्थित घटनास्थल पर राहत एवं बचाव का कार्य किया जा रहा हैं । बैंकॉक में 7.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से इमारतें हिलने लगीं थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि दोपहर को यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था, जिसका केंद्र म्यांमार में था। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र की आबादी 170 लाख से अधिक है, जिनमें से कई लोग ऊंची इमारतों वाले अपार्टमेंट में रहते हैं।दोपहर करीब डेढ़ बजे भूकंप आने पर इमारतों में अलार्म बजने लगे और घनी आबादी वाले मध्य बैंकॉक की ऊंची इमारतों एवं होटल से लोगों को बाहर निकाला गया। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि कुछ ऊंची इमारतों के अंदरूनी हिस्सों में 'स्वीमिंग पूल' में पानी में लहरें उठती दिखीं। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है।थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जहां सैंकड़ो लोग इमारतों से बाहर निकल आए। हालांकि जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि म्यांमार में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र मंडाले शहर के पास 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार दुनिया के सबसे भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक माना जाता है।



डॉ श्रीगोपाल नारसन

भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम और नागालैंड राज्यों में आज आए भूकंप से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए।वही

दिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्र में विगत 17 फ़रवरी की सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे,जिसमे कई सेकंड तक धरती डोलती रही थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था। इसीलिए तेज झटके महसूस हुए। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया था, जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी।

भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 4 में आता है, जिससे यहां मध्यम से तीव्र भूकंप आने का खतरा रहता है। समय-समय पर दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं, लेकिन इस तीव्रता के झटके बहुत समय बाद महसूस किए गए हैं। उत्तराखंड समेत नेपाल और भारत के अन्य क्षेत्रों में धरती बार बार डोलने लगती है। भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ जाते है।सन 2022 में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सोए लोग हड़बड़ाहट में उठे और घरों से बाहर की ओर भागे थे।उस समय उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.5 मापी गई थी। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकेंड तक भीषण झटके महसूस किए गए। इसके कारण लोग उठ गए और कई लोग अपनी सोसायटी में बाहर निकल आए।ऐसा लगा कि बेड को कोई बहुत तेज धक्का मार रहा है। इस दौरान घर के फैन और झूमर भी भूकंप के असर के कारण तेजी से हिलने लगे।भूकंप पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरी आबादी को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है।भूकंप का मापन भूकम्पमापी यंत्र से किया जाता है, जिसे सीस्मोग्राफ कहते है। 3 या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है।भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है।पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं।पिछले साल यानि सन 2021 में 11 सितंबर को जोशीमठ से 31 किलोमीटर पश्चिम दक्षिण पश्चिम में सुबह 5~58 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। इस भूकंप की रिक्टर स्केल पर तीव्रता 4.6 थी।



▪ संजय गोस्वामी

# संस्कार की कमी से बढ़ते हैं तलाक के मामले

आजकल कुछ लेख पढ़ा जो बढ़ते तलाक के मामले पर था अपनी विशाल संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों और समृद्धि की ऊंचाइयों के लिए मशहूर भारतीय समाज में तला के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले कुछ सालों में भारत में तलाक के मामलों की संख्या में 50 से 60त्न की बढ़ोतरी हुई है। ऐसा नहीं है कि ये सभी मामले सिर्फ बड़े शहरों से हैं। मथुरा, हापुड़ और झज्जर जैसे छोटे शहर भी इन आंकड़ों में बराबर का योगदान दे रहे हैं। लेकिन अच्छी खबर यह है कि 50 से 60त्न की पर्याप्त वृद्धि के बाद भी भारत में तलाक की दर केवल 11त्न है और यह प्रतिशत अभी भी अन्य देशों की तुलना में कम है।

संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विकसित और प्रगतिशील देशों में तला की दर 55%, स्वीडन में 55%, रूस, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन और उत्तरी आयरलैंड में 43% और जर्मनी में 40% है। इससे पता चलता है कि रिश्तों को बनाए रखने के मामले में भारत का प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से काफी बेहतर है। लेकिन सिर्फ इसलिए कि यहां तलाक कम हो रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि यहां के लोग अपने रिश्तों से खुश हैं। इसके पीछे कई अन्य कारण भी हो सकते हैं। हमारे देश में सामाजिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का बोलबाला है। भारतीयों के लिए अलगाव या तलाक कभी भी आसान बात नहीं रही, इसे पुरुष या महिला के चरित्र पर एक काला धब्बा माना जाता है। अन्य देशों की तरह यहां रिश्ते केवल शारीरिक आकर्षण के आधार पर नहीं बनते।इसके अलावा हिंदू धर्म तलाक शब्द को नहीं जानता।हिंदू ध र्में विवाह एक पवित्र और अनमोल रिश्ता है जिसे केवल एक जन्म के लिए नहीं बल्कि सात जन्मों के लिए माना जाता है।इसके अलावा कई अन्य कारक भी हैं जिनमें आर्थिक और भावनात्मक निर्भरता, सामाजिक और पारिवारिक दबाव शामिल हैं। अगर बच्चे की जिम्मेदारी है तो अलगाव और भी मुश्किल हो जाता है।इस विस्तृत चर्चा में तला के मामलों में वृद्धि के पीछे क्या कारण हो सकते हैं, इस पर गंभीरता से विचार किया गया जिसमें सबसे बड़ा तर्क ऐ निकला जो संस्कार है और विचार का सही तालमेल ना होना इसलिए शादी को गंभीरता से लें नहीं तो शादी ना करें यदि आप किसी अध्यात्मिक देवता को पूजते हैं तो ऐ कोई जरुरी नहीं की वो भी पूजे ,। सामाजिक परिवर्तन से आधुनिक युग में सामाज में परिवर्तन भी हो रहा है जिसका सीधा असर विवाह और तलाक पर पड़ता है। पुरानी रूढ़िवादी विचारधारा से बाहर निकलने के दबाव, महिलाओं की आत्मनिर्भरता और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की मांग में वृद्धि के साथ ही स्थिर संबंध बनाए रखना मुश्किल होता जा रहा है। आधुनिक समाज में हो रहे परिवर्तन विभिन्न क्षेत्रों में शोध और प्रक्रिया को प्रेरित कर रहे हैं। युवा पीढ़ी आत्म-स्वतंत्रता के महत्व को समझ रही है और इसलिए स्थिर संबंधों को बनाए रखने के बारे में अधिक चिंतित हो रही है। यह इच्छा अक्सर उन्हें अपने जीवनसाथी से अधिक मानवाधिकारों और अधिकारों की मांग करने के लिए प्रेरित करती है, जो तला का कारण बन सकती है।। महिलाएं स्वतंत्र हो रही हैं आज की युवा पीढ़ी व्यक्तिगत स्वतंत्रता के महत्व को समझती है और अपने जीवन को अपने रास्ते पर





ले जाना चाहती है। इसलिए, व्यक्तिगत स्वतंत्रता के आदर्शों के लिए लड़ते हुए, वे अपने जीवनसाथी से अधिक मानवाधिकारों और अधिकारों की मांग कर रहे हैं। यह अक्सर रिश्ते की स्थिति को कठिन बना देता है, जिससे तलाक का खतरा होता है। पहले, पुरुष ही एकमात्र व्यक्ति था जो पूरे परिवार के लिए रोटी कमाने जाता था और महिला घर पर रहती थी, इसलिए वह बाकी दुनिया से अलग-थलग थी। इससे उनके पतियों पर उनकी आर्थिक और भावनात्मक निर्भरता भी बढ़ गई। इसके कारण, कई बार उन्हें अपने पतियों के आक्रामक व्यवहार को सहना पड़ा लेकिन आज इसके विपरीत भी सुनने को मिल रहा है यहाँ तक हत्या और आत्महत्या भी पुरुष कर रहें हैं क्योंकि उनका शारीरिक और मानसिक शोषण का भी सामना करना पड़ा। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। महिलाएं भी पुरुषों की तरह ही बाहर जा रही हैं, व्यापार और नौकरी कर रही हैं और जब एक महिला पुरुष के स्वभाव से मेल नहीं खाती है , तो यह पुरुष पर कई नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। साथ ही, अब महिलाएं हर मामले में स्वतंत्र जरूर हैं,लेकिन उसका ऐ भी फ़र्ज है कि लड़के के माता पिता को ध्यान देना, इसलिए वे बूढ़े बुजुर्गो के बात को बर्दाश्त नहीं करती हैं। शायद यही वजह है कि तलाक के ज्यादातर फैसले महिलाएं ही लेती हैं। व्यावसायिक दबाव भी है आधुनिक जीवनशैली में व्यावसायिक दबाव की बढ़ती गति ने भी तला की दरों में वृद्धि को बढ़ावा दिया है। रिश्तों में यह दबाब विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों की जीवनशैली में बदलाव का प्रतिबिंब है, जो तला की दर को बढ़ा रहा है। व्यवसाय की दुनिया में काम करने वाले लोगों के लिए, जीवनशैली में बदलाव ने रिश्तों को निभाने में आने वाली कठिनाइयों से निपटने के लिए चुनौतियां पैदा की हैं। इसमें अक्सर समय की कमी, असमानता और पारिवारिक दबाव की बढ़ती गति शामिल होती है, जो रिश्तों में तनाव और असंतुलन पैदा कर रही है। 4। आर्थिक कठिनाइयाँ महिलाओं द्वारा सामना की जाने वाली आर्थिक कठिनाइयाँ विवाह की प्रणाली को भी प्रभावित कर रही हैं आर्थिक प्रतिस्पर्धा, असमानता और यहां तक कि रोजगार और उद्यमिता में महिलाओं की बढ़ती भूमिका ने उन्हें स्वतंत्रता की ऊंचाइयों की ओर बढ़ने के लिए अधिक अधिकार दिए हैं, लेकिन इसका दुरुपयोग तला के मामलों में भी देखा जा सकता है। नैतिक मूल्यों का अभ्यास में सुधार होना चाहिए ऐ मान कर चलना चाहिए की पैसे को बचाने को सीखें, कुछ इसी में क़ोई पति को छोड़ कर गया कुछ पत्नी को लेकिन जो रकम खर्च हुई वो साधारण परिवार के लिए 25000 रूपये से कम नहीं होगा क्योंकि आजकल ट्रेन से सफर कौन करता है और कम भी होगा तो होटल का बिल और खाने पीने में महानगर में लगभग इतना खर्चा होगा ही जब नाव वाला 1000 की जगह 20000 रूपये तक लिया है ऐ तो न्यूज़ चैनल ने आपका ब्रेनवास कर दिया और आप गए लेकिन यदि किसी बुरी स्थिति में क़ोई 5000 भी देने को तैयार नहीं होगा जो आवश्यक नहीं है उसे कम करना चाहिए पुराने लोगों से सीखना चाहिए कि कैसे पैसे का सम्मान किया जाता है आप ने जब कुछ गलत ही नहीं किया है तो डर किसका फिर महाकुम्भ जाए या ना जाएं उससे कुछ भी फर्क नहीं पड़ता है अतः आज कुछ मीडिया के रुख के कारण नैतिकता का आधार कमजोर होता जा रहा है। इसके अलावा विवाह के बाद किसी का भी मन स्थिर नहीं रहता और अहंकार में संबंध में दरार भी बढ़ते जा रहे हैं।

## राजकाज



### हनी ट्रैप की गंगा में बिना भेदभाव के डुबकी

कर्नाटक के हनी ट्रैप का मामला सारे देश में चर्चा का विषय बना हुआ है। विधानसभा में इस मामले ने तूल पकड़ा। इसकी गूंज सारे देश में हो गई। कर्नाटक की पुलिस तक इसकी आवाज नहीं पहुंच पाई।कर्नाटक के सहकारिता मंत्री का दावा है। 48 लोगों की सीडी और पेन ड्राइव जिसमें अंतरंग संबंधों के राज हैं। इसमें केंद्रीय मंत्री और राज्य के मंत्री भी शामिल हैं। कांग्रेस-बीजेपी और अन्य पार्टियों के नेता भी शामिल हैं। जज और अधिकारी इस हनी ट्रैप की सीडी में साथ साथ हैं। हनी ट्रैप विवाद को लेकर कर्नाटक की राजनीति तेज हो गई है। उप मुख्यमंत्री डीके शिव कुमार की चुप्पी सभी को आश्चर्य में डाल रही है। वहीं मुख्यमंत्री सिद्धू रमैया का खेमा इसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित कर रहा है। हनी ट्रैप की जद में सभी बिना किसी भेदभाव के साथ हैं। यह स्पष्ट हो गया है। इससे बड़ा राष्ट्रीय एकता और अखंडता का और कोई दूसरा सबूत नहीं हो सकता है।

### सबसे गरीब पार्टी कांग्रेस सबसे अमीर भाजपा

लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद भारत के राजनीतिक दलों के पास 14848 करोड रुपए का फंड था। चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले यह फंड 11326 करोड रुपए था। लोकसभा का चुनाव खत्म होने के बाद भाजपा के खाते में 10107 करोड रुपए जमा थे। वहीं कांग्रेस के पास कुल 134 करोड रुपए का फंड बचा था। तीन राजनीतिक दलों का फंड चुनाव के बाद बढा।पहले नंबर पर भाजपा दूसरे नंबर पर तेलुगू देशम पार्टी और तीसरे नंबर पर कम्युनिस्ट पार्टी थी। चुनाव के पहले तेलुगू देशम पार्टी के पास 207 करोड रुपए थे। जो बढ़कर 272 करोड रुपए हो गए। वहीं सीपीएम के पास चुनाव के पहले 176 करोड़ थे, चुनाव के बाद 184 करोड़ हो गए। कई राजनीतिक दलों के लिए चुनाव कमाई का जरिया होता है। कांग्रेस से ज्यादा पैसा भारत राष्ट्र समिति, बीजू जनता दल, बसपा, सपा, डीएमके, टीएमसी, अन्ना डीएमके के पास है। इस हिसाब से कांग्रेस देश की सबसे गरीब पार्टी है।लेकिन सबसे ज्यादा इज्जत कांग्रेस पार्टी की है। यही सत्य है।

### कार्यकर्ताओं से पैसा नहीं वसूल करेगी बसपा

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती चंदे के कारण सारे देश में जानी जाती थी। बसपा के कार्यकर्ता को भी पैसे देने पड़ते थे। उम्मीदवार की टिकट लेने के लिए लाखों-करोड़ों रुपए पार्टी को दान देते पड़ते थे। हर साल जन्मदिन पर करोड़ों रुपए की सौगात बहन जी को मिलती थी। समय बदला, उसके साथ ही स्थितियां बदल गई हैं। कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए बहन जी ने घोषणा की है। वह कार्यकर्ताओं से चंदा नहीं वसूल करेगी। इस घोषणा के बाद बहन जी के कार्यक्रमों में शायद ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटे। इस बात की आशा तो बहन जी कर ही सकती है। कार्यकर्ताओं को अब बहन जी के दर्शन मुफ्त में उपलब्ध होंगे। समय जब बदलता है, तो सब कुछ एक साथ बदल जाता है।

## फीचर




# अमेरिका में पढ़ने के लिए छात्रों को चाहिये होता है ये वीजा

भारत में बहुत से छात्रों का सपना विदेश में पढ़ने का सपना होता है। इसी कारण अमेरिका में पढ़ने वाले भारतीय छात्रों की संख्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है और ये आंकड़ा तीन लाख से अधिक पहुंच गया है।

अमेरिका में पढ़ाई करने के लिए स्टूडेंट्स को वीजा की जरूरत होती है। इस वीजा के जरिए विदेशी छात्रों को देश में आकर पढ़ाई करने का मौका मिलता है। लेकिन अमेरिका में पढ़ने से पहले यहां पर मिलने वाले स्टूडेंट वीजा को समझना जरूरी होता है। अमेरिका में छात्रों को दो तरह का वीजा दिया जाता है, इस वीजा को एम वन-1 और एम-1 वीजा के रूप में जाना जाता है।

अमेरिका में पढ़ाई करने से पहले यह जानना छात्रों के लिए बहुत जरूरी होता है कि स्टूडेंट वीजा होता क्या है। किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या शैक्षणिक संस्थान में पढ़ाई के मकसद से अमेरिकी स्टूडेंट वीजा विदेशी नागरिकों को अमेरिका में आने की इजाजत देता है। हालांकि किस छात्र को किस कैटेगरी के वीजा के लिए अप्लाई करना है, यह उसके कोर्स पर निर्भर करता है। छात्र वीजा नॉन-इमिग्रेंट वीजा होता है, जिसका मतलब यह होता है कि ये वीजा स्थायी तौर पर रहने के लिए दिया जाता है। वहीं कोर्स खत्म होने के बाद स्टूडेंट्स को अपने देश वापस लौटना पड़ेगा।

एफ-1 और एम-1 वीजा दोनों ही विदेशी छात्रों को दिए जाने वाले नॉन-इमिग्रेंट वीजा हैं। यह अलग-अलग तरह की जरूरतें पूरी करते हैं। कोर्स खत्म होने के बाद वीजा धारकों को देश छोड़ना पड़ता है। वहीं अगर छात्रों को इस दौरान नौकरी मिल जाती है, तो वह वर्क वीजा में शिफ्ट होकर अमेरिका में रह सकते हैं।

एफ-1 वीजा अमेरिका में पढ़ने के लिए ये वीजा मिलता है, जोकि सबसे आम वीजा होता है। मान्यता प्राप्त अमेरिकी संस्थानों में पढ़ाई के लिए यह वीजा दिया जाता है। इसके पूरा होने के बाद छात्रों को वापस लौटना पड़ता है।

## प्रेरणा

# दूर करें अध्यात्म विद्या का अभाव

अध्यात्म विद्या के विषय में अधिकांश भौतिक विद्वान शिक्षा को ही विद्या मान बैठते हैं। वे विद्या और शिक्षा के अंतर को भी समझने में असमर्थ हैं जबकि विद्या और शिक्षा में धरती और आसमान का अंतर है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए महात्मा परमचेतनानंद ने अपने प्रवचन में कहा कि शिक्षा शब्द शिक्ष धातु से बना है जिसका अर्थ है सीखना। भौतिक शिक्षा अनुकरण के द्वारा सीखी जाती है जिसका संबंध ज्ञानेन्द्रियों, कर्मेंद्रियों व मन बुद्धि तक सीमित है। इसके अतिरिक्त विद्या शब्द विद् धातु से बना है जिसका अर्थ है जानना अर्थात् वास्तविक ज्ञान।



यह ज्ञान स्वयं अंदर से प्रकट होता है, इसे ही अध्यात्म ज्ञान कहा जाता है। इसे आत्मा की गहराई में पहुंचने पर ही जाना जाता है। शिक्षा के विद्वान अहंकार से ग्रसित होते हैं, उनमें विनम्रता का अभाव होता है जबकि विद्या का प्रथम गुण विनम्रता है। विद्या वास्तव में मानव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है।

इस अध्यात्म विद्या से मानव निष्काम कर्म योगी बनता है जो सभी को समान भाव से देखता है। पहले निष्काम कर्म योगी को ही प्रजा अपना राजा चुनती थी। वे अपने पुत्र तथा अन्य प्रजा के साथ समान रूप से न्याय करते थे। आज के असमय में अध्यात्म विद्या का अभाव होने के कारण राजा और प्रजा दोनों ही अशांत हैं फिर भी इसे ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जबकि अध्यात्म विद्या के वेत्ता तत्वदर्शी संत आज भी मौजूद हैं।

## अपनी बात



संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा, यह पहली बार है जब दिल्ली सरकार हिंदू नव वर्ष को इतने व्यापक स्तर पर मनाने जा रही है। इस आयोजन की शुरुआत 30 मार्च को दिल्ली विधानसभा लॉन में एक भव्य कार्यक्रम से होगी, जिसमें संपूर्ण भवन को दीपों से सजाया जाएगा, ठीक उसी प्रकार जैसे दीपावली के मौके पर किया जाता है।



सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने कहा कि देश में लंबे समय से मुसमानों की नीयत पर शक किया जाता रहा है। उन्होंने दावा किया है कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भगदड़ में मुसलमानों ने हिंदू श्रद्धालुओं की मदद की थी। खास बात है कि सुमन की ओर से राणा सांगा को लेकर दिया गया बयान भी खासा विवाद में रहा था। दिल्ली में मीडिया से बात करतें हुए सांसद सुमन ने कहा, लंबे अरसे से मुसलमानों की नीयत पर शक किया जाता रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### कोतवाली थाना क्षेत्र में बाइक चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की वारदात सामने आई है। फरियादी जफर कुरैशी पुत्र अब्दुल बासित निवासी कुंदन निवास धर्मशाला के पीछे नदी मोहल्ला गुना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी के अनुसार गत दोपहर करीब 3:30 बजे उसने अपनी हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक क्रमांक एमपी 08-3877 को रोजाना की तरह को-ऑपरेटिव बैंक के पास खड़ा किया और अपनी दुकान आनंद भोजनालय चला गया। शाम को जब वह दुकान बंद कर घर जाने के लिए लौटा, तो बाइक गायब मिली। आसपास काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं लगा। फरियादी ने अज्ञात चोर के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी का पता लगाया जा सके।

### खेत में बने गैराज से मोटर चोरी, आरोपी पकड़ा गया

**गुना।** आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम खजूरी में खेत में बने गैराज से मोटर चोरी की घटना सामने आई है। फरियादी शैलेन्द्र सिंह जाट पुत्र युधिष्ठिर सिंह जाट निवासी ग्राम खजूरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दिवस को उन्होंने अपनी ट्यूबवेल की सिंगल फेज मोटर बोर से निकालकर केबल सहित गैराज में रखी थी और ताला बंद कर दिया था। सुबह करीब 9 बजे जब वे गैराज पहुंचे, तो ताला टूटा हुआ मिला और फाटक खुले थे। अंदर जाकर देखा, तो सिंगल फेज की सबमर्सिबल मोटर और 50 फीट केबल गायब थी। मोटर पर लाल पेंट से उनका नाम लिखा था और केबल पर भी लाल निशान थे। तलाश के दौरान गांव के जडेंल सिंह जाट और पहलवान सिंह रघुवंशी ने बताया कि रात करीब 11 बजे उन्होंने गांव के मनोज उर्फ मन्ना अहिरवार को मोटर और केबल ले जाते देखा था। फरियादी और उनके साथियों ने आरोपी मनोज को तलाश किया और खेतों की ओर टगर में उसे चोरी की केबल के साथ पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी गई मोटर और शेष सामान की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### शादी समारोह में हर्ष फायरिंग, दो नामजद सहित छह के खिलाफ मामला दर्ज

**गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में हर्ष फायरिंग का मामला सामने आया है। थाना सिहोनिया, जिला मुरैना से प्राप्त जीरो एफआईआर के आधार पर पुलिस ने दो नामजद सहित छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना सिहोनिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह गौर के अनुसार, 6 फरवरी 2025 को सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए, जिनमें छह लोग शादी समारोह के दौरान बंदूक से हर्ष फायरिंग करते दिख रहे थे। जांच के दौरान वीडियो को स्थानीय लोगों को दिखाया गया, जिससे दो आरोपियों की पहचान हो गई। इनमें पहला आरोपी डब्बू उर्फ पार्थ सिंह तोमर पुत्र रामरूप उर्फ रामदुलारे सिंह तोमर और दूसरा आरोपी बटी उर्फ कुलदीप तोमर पुत्र अभिलाख तोमर दोनों निवासी सिहोनिया शामिल हैं। वीडियो में चार अन्य लोग भी फायरिंग करते दिखे, लेकिन उनकी पहचान नहीं हो सकी।

# हाईवोल्टेज ड्रामा: गांजे के नशे में पति को पत्नी ने भाइयों संग बांधा और ले गई घर

### गुना में सडक़ पर दिखा अनोखा नजारा



सत्ता सुधार ■ गुना

शहर के केंट थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब एक महिला ने अपने गांजे के नशे में धुत पति को काबू करने के लिए अनोखा तरीका अपनाया। महिला ने अपने भाइयों के साथ मिलकर पति को पकडक़र उसके हाथ-पैर बांध दिए और जबरन घर ले गई। गांजे की लत से परेशान थी पत्नी पीड़िता का कहना है कि उसका पति मुनेश शिकारी काफी समय से गांजे का आदी हो चुका था। नशे में धुत होकर वह अक्सर घर में झगड़ा करता था और परिवार को परेशान करता था। इस परेशानी से तंग आकर महिला ने अपने भाइयों के साथ मिलकर उसे पकडऩे की योजना बनाई।

**सडक़ पर इकट्ठी हुई भीड़ :** जब महिला और उसके भाइयों ने नशे में धुत मुनेश को पकडक़र बांधने की कोशिश की, तो वह चिल्लाने लगा। इस हाईवोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए सडक़ पर भारी भीड़ इकट्ठी हो गई। करीब 30 मिनट तक यह नाटकीय घटना चलती रही, लेकिन किसी ने हस्तक्षेप नहीं किया। पति को सडक़ से बांधकर ले जाने के दौरान महिला ने खुद मामले को संभाला। वह अपने भाइयों के साथ मिलकर उसे घर ले गई, ताकि आगे की स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। इस अनोखी घटना की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रमिक परिवारों को सिंगल क्लिक के माध्यम से किया राशि का अंतरण

### संबल योजना के 23 हजार 162 प्रकरणों में श्रमिक परिवारों को मिले 505 करोड़ रूपये

सत्ता सुधार ■ गुना



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा आज मंत्रालय भोपाल से संबल योजना में अनुग्रह सहायता के 23 हजार 162 प्रकरणों में 505 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गयी। कार्यक्रम में श्रम, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल व्हीसी के माध्यम से उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत लाखों श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते है। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिये सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

### जिले के 187 प्रकरणों में श्रमिक परिवारों को मिलें 4 करोड़ 5 लाख रूपये

सहायक श्रमपदाधिकारी आशीष तिवारी ने बताया कि आज इस दौरान गुना जिले के 187 प्रकरणों में श्रमिक परिवारों को 04 करोड़ 05 लाख रुपए की राशि उनके खाते में अंतरित की गई। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण एनआईसी कक्ष में किया गया। इस दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने उपस्थित हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि के प्रमाण पत्र दिये गये। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेजसिंह यादव, श्रम निरीक्षक रामकुमार सहित रमेश मालवीय सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

# टेकरी पर हनुमान जयंती एवं पर्वों की तैयारियां पूरी, प्रशासन ने कसी कमर

सत्ता सुधार ■ गुना

शहर की जनता के लिए यह समय भक्ति और उल्लास से भरा होने वाला है, क्योंकि नवदुर्गा पर्व, रामनवमी, महावीर जयंती और हनुमान जयंती के भव्य आयोजनों की तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इस संबंध में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक गुना ने एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन का लक्ष्य है कि ये पर्व व्यवस्थित, सुरक्षित और भव्य रूप से संपन्न हों। प्लास्टिक की थैलियों पर पूर्ण प्रतिबंध, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें प्लास्टिक की थैलियों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध, मेला स्थल पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, स्ट्रीट लाइट और विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश शामिल हैं।

हनुमान जयंती के अवसर पर मंदिर प्रांगण में अगरबत्ती एवं दीपक जलाने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है, जिससे सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह रहेगी पार्किंग व्यवस्था

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है। ऑटो बूढ़े बालाजी स्थित ग्राउंड में खड़े होंगे, जबकि चार पहिया वाहन, ट्रैक्टर-ट्राली की पार्किंग खेतों में होगी। दोपहिया वाहनों के



लिए ब्रिज के पास विशेष पार्किंग बनाई गई है।

### 500 पुलिसकर्मी तो 500 वालंटियर रहेंगे तैनात

सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने 500 पुलिस कर्मियों को तैनात करने का निर्णय लिया है, जिनका सहयोग 500 वालंटियर करेंगे। जिले के अलावा राजस्थान सहित अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुना पहुंचते हैं, इसलिए व्यवस्थाओं को विशेष रूप से सुव्यवस्थित किया गया है। समाजसेवी संगठनों से अनुरोध किया गया है कि वे हर वर्ष की भांति इस बार भी ठंडाई और प्रसाद की व्यवस्था सुनिश्चित करें। टेकरी समिति के सेवादार आनंद भार्गव और श्याम रघुवंशी ने प्रेस को जानकारी देते हुए जिला प्रशासन, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, विद्युत विभाग, नगर पालिका और स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य अधिकारियों को धन्यवाद दिया। मंदिर के पुजारीगण और सेवादार समिति ने प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं से अपील की कि वे श्रद्धा और नियमों के साथ हनुमान टेकरी सरकार के दर्शन कर अपनी मनोकामनाएँ पूर्ण करें।

हनुमान जयंती के दिन सुबह चार बजे मंगल आरती होगी, और रात्रि 12 बजे से ही पट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

# बमोरी विधायक अग्रवाल ने विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए लिखा पत्र

### ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति और पेयजल संकट के समाधान की मांग



**गुना।** जिले के बमोरी विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती और ट्रांसफार्मर जलने के बाद उन्हें बदले न जाने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर बमोरी विधायक इंजीनियर ऋषि अग्रवाल ने मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। विधायक ऋषि अग्रवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि बमोरी विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जानी थी, लेकिन अघोषित कटौती के कारण लोग प्रभावित हो रहे हैं। कई गांवों में ट्रांसफार्मर जल जाने के बाद उन्हें बदला नहीं गया है, जिससे जबरन बिजली बंद कर दी गई है। इसके चलते किसान और मजदूरों को 10-15 किलोमीटर दूर जाकर गेहूं पिसवाना पड़ रहा है। वहीं, पेयजल संकट भी गंभीर रूप से बढ़ रहा है, क्योंकि जलस्तर गिरने के कारण ग्रामीणजन विद्युत मोटरों से ही पानी प्राप्त करते हैं। ऐसे में उन्हें 5-5 किलोमीटर दूर जाकर पीने के पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। विधायक ने यह भी कहा कि 30 मार्च से सनातन संस्कृति के नवसंवत्सर, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि जैसे प्रमुख धार्मिक पर्व शुरू हो रहे हैं। ऐसे समय में बिना किसी बाधा के बिजली और पानी की आपूर्ति आवश्यक है, ताकि श्रद्धालु सुचारू रूप से पूजा-अर्चना कर सकें। उन्होंने मांग की है कि ग्रामीणों को राहत देने के लिए तत्काल प्रभाव से अघोषित विद्युत कटौती बंद की जाए और 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। इस संबंध में विधायक ने ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक, जिला कलेक्टर और मुख्य महाप्रबंधक को भी पत्र की प्रतिलिपि भेजी है, ताकि इस समस्या का शीघ्र समाधान हो सके। उन्होंने प्रशासन से की गई कार्यवाही की जानकारी भी देने को कहा है। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने यह स्पष्ट किया कि बमोरी क्षेत्र के लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर में अव्यवस्था, पेंशनरों में रोष

**गुना।** प्रत्येक माह के चौथे शुक्रवार को शासकीय अस्पताल कैंट गुना में पेंशनरों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है। यह शिविर जिला पेंशन फोरम की बैठक में लिए गए निर्णय और सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन के आदेश के अनुसार संचालित किया जा रहा है। शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ, जिला गुना के अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व सिविल सर्जन द्वारा इस व्यवस्था का निरंतर क्रियान्वयन किया जाता था, लेकिन वर्तमान में सिविल सर्जन द्वारा जिला अस्पताल गुना और शासकीय अस्पताल कैंट गुना में निश्शुल्क स्वास्थ्य शिविर की समुचित व्यवस्था नहीं की जा रही है। 28 मार्च 25 को आयोजित शिविर में ड्यूटी चिकित्सक की अनुपस्थिति के कारण पेंशनरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया गया कि चिकित्सक की तबीयत खराब थी, लेकिन उसके स्थान पर कोई अन्य व्यवस्था नहीं की गई, जिससे उपस्थित पेंशनरों में रोष व्याप्त हो गया। हालांकि, शिविर में स्टाफ द्वारा कुछ जांचें कराई गई, लेकिन समुचित स्वास्थ्य परीक्षण नहीं हो सका। संघ के अध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव, सचिव जैनेंद्र जैन एवं कोषाध्यक्ष कैलाश नारायण बंसल ने इस अव्यवस्था पर नाराजगी जताई और आयुक्त स्वास्थ्य विभाग एवं कलेक्टर गुना को इस विषय से अवगत कराने की बात कही।

# फोरलेन हाईवे पर 24 घंटे में दो युवकों की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

सत्ता सुधार ■ गुना

जिले में फोरलेन हाईवे के पास गादेर क्षेत्र में बीते 24 घंटों के भीतर दो अलग-अलग घटनाओं में दो युवकों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। एक युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला, जबकि दूसरे युवक का शव सड़क किनारे लहूलुहान हालत में बरामद किया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है।

### जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक

पहली घटना में, सकतपुर निवासी 26 वर्षीय लक्ष्मण कुशवाह का शव गादेर के पास जंगल में पेड़ से लटका मिला। वह मूल रूप से कुंभराज क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला था और बीते चार सालों से सकतपुर में रह रहा था। लक्ष्मण धनिया और मिर्ची पाउडर बेचने का कारोबार करता था और स्थानीय



फुटकर दुकानदारों को सामान सप्लाई करता था। परिजनों के अनुसार, लक्ष्मण बीते दिन घर से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा। सुबह राहगीरों ने हाईवे से कुछ दूरी पर एक मोटरसाइकिल खड़ी देखी और पास ही जंगल में एक व्यक्ति को पेड़ से लटका पाया। तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। फिलहाल आत्महत्या के पीछे के कारणों का कोई स्पष्ट संकेत नहीं मिला है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि लक्ष्मण ने आत्महत्या क्यों की।

### सड़क किनारे संदिग्ध हालत में मिला शव

वहीं जिले के गादेर क्षेत्र में दूसरी घटना में राजस्थान के झालावाड़ जिले का रहने वाला 22 वर्षीय युवक रविंद्र भील संदिग्ध हालत में मृत पाया गया। रविंद्र अपने दो साथियों के साथ शिवपुरी काम की तलाश में निकला था, लेकिन शाम को गादेर के पास हाईवे पर उसका शव मिला। प्रारंभिक जांच में यह मामला सड़क दुर्घटना प्रतीत हो रहा था, लेकिन परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के भाई ने बताया कि रविंद्र दोपहर करीब 3 बजे अपने दो दोस्तों के साथ निकला था, लेकिन बाद में उसकी मौत की खबर आई।

### शनिवार को यहां रहेगी बिजली गुल

**गुना।** मेंटीनेंस के चलते शनिवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में बिजली गुल रहेगी। सहायक प्रबंधक शहर से प्राप्त जानकारी अनुसार 220 के.व्ही. उपकेन्द्र द्वारा गुना पर स्थापित 33 के.व्ही. मेनबस के क्षतिग्रस्त कंडक्टर बदलने के कार्य होने से दिनांक 29 मार्च 2025 को सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। जिससे पुराने औद्योगिक क्षेत्र के उच्च दाब वाले कनेक्शन की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार 33/11 केव्ही बूढ़े बालाजी सब-स्टेशन पर मेंटीनेंस कार्य होने से 29 मार्च को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पुरानी छावनी, सकतपुर रोड, हरिपुर रोड, सरस्वती विहार, बूढे बालाजी, पवन कॉलोनी हाउसिंह बोर्ड एवं मरघट शाला के पास वाला क्षेत्र। हनुमान टेकरी, शिवपुरण कॉलोनी वाले क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त विद्युत कटोती के समय को आवश्यकतानुसार कटौती के समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

# किसानों पर दमन के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ आरोन



अखिल भारतीय किसान खेत मजदूर संगठन ने किसान आंदोलन पर पंजाब सरकार द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। तहसील सचिव नीलेश बैरागी ने ज्ञापन में बताया कि पंजाब सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर किसानों की जायज मांगों के खिलाफ दमनात्मक कार्रवाई कर रही है। संविधान के अनुसार नागरिकों को अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन पंजाब में किसानों के प्रदर्शन को कुचलने के लिए पुलिस बल का उपयोग किया जा रहा है। संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 5 मार्च से चंडीगढ़ में प्रस्तावित सात दिवसीय धरने को रोकने के लिए पूरे प्रदेश को खुली जेल में तब्दील कर दिया गया। 19 मार्च को जब किसान नेता केंद्र सरकार के मंत्रियों से वार्ता कर लौट रहे थे, तब उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। शंभू और खनौरी में किसानों के धरना स्थलों पर बुलडोजर चला दिए गए, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित उनके उपकरणों को तोड़ दिया गया और बड़े पैमाने पर सामान चोरी होने की भी खबरें हैं।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पुलिस बर्बरता की हदें पार कर रही है। कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ के खिलाफ हुई कार्रवाई और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद लोगों के घरों को बुलडोजर से गिराना इसका उदाहरण है। इसके अलावा, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में पारित नया भूमि अधिग्रहण कानून किसानों के हितों के खिलाफ है। यह कानून 2013 के भूमि अधिग्रहण अधिनियम के मुआवजा और पुनर्वास संबंधी प्रावधानों को कमजोर कर देगा, जिससे किसानों को औने-पौने दामों पर अपनी जमीन बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन में सरकार से मांग की गई कि पुलिस द्वारा किया जा रहा अत्यधिक बल प्रयोग तुरंत बंद किया जाए और लोकतांत्रिक अधिकारों की बहाली सुनिश्चित हो। गिरफ्तार किए गए सभी किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए। किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और अन्य जब्त किए गए उपकरणों को वापस किया जाए तथा क्षतिग्रस्त या चोरी हुए सामान की भरपाई पंजाब सरकार द्वारा की जाए। इसके अलावा, मध्यप्रदेश में लाए गए नए भूमि अधिग्रहण कानून को तत्काल वापस लेने की भी मांग की गई।

### रमजान का आखिरी जुमा अदा, ईद की तैयारियों में जुटे लोग

# अलविदा जुमा पर नमाजियों की भीड़, इबादत और दुआओं में मग्न रहे रोजेदार

सत्ता सुधार ■ गुना

रमजान का पवित्र महीना अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है और इसी के साथ शुक्रवार को पूरे जिले में अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। इस मौके पर मस्जिदों में बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे और अल्लाह से अपने रोजों और इबादत को कुबूल करने की दुआ मांगी। इसके साथ ही देश-दुनिया की सलामती और अमन-चैन के लिए भी प्रार्थनाएं की गई। रमजान के आखिरी जुमे को मुस्लिम समाज में विशेष महत्व दिया जाता है। इस दिन मस्जिदों में भीड़ उमड़ती है और हर मोमिन अपने गुनाहों की माफी



मांगने और नेक अमल करने की कोशिश करता है। शहर की जामा मस्जिद, बड़ी मस्जिद, मदनी मस्जिद सहित अन्य प्रमुख मस्जिदों में विशेष इंतजाम किए गए थे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग नमाज अदा कर सकें। नमाज के दौरान खुत्बा दिया गया, जिसमें रोजों, इबादत और सदका-ए-फित्र की अहमियत पर जोर दिया गया।

### इफ्तार की दावतों की तैयारी जोरों पर

रमजान के इस पाक महीने में इफ्तार करवाने को बड़ा सवाब माना जाता है। इसलिए अलविदा जुमा के दिन शाम को विभिन्न स्थानों पर इफ्तार दावतों की तैयारियां की गई हैं। कुछ लोग अपने घरों में मेहमानों के लिए विशेष आयोजन कर रहे हैं, तो कई मस्जिदों में सामूहिक इफ्तार का इंतजाम किया गया है। शहर में जगह-जगह फलों, शरबत, खजूर और अन्य पकवानों की खरीदारी होती दिखी।

### आखिरी अशरा जारी, एतकाफ में बैठे इबादतगुजार

रमजान के आखिरी दस दिन सबसे अहम माने जाते हैं, जिन्हें आखिरी अशरा कहा जाता है। इस दौरान मस्जिदों में विशेष इबादत की जाती है और कई लोग एतकाफ में बैठते हैं, यानी खुद को दुनिया के कामों से अलग कर पूरी तरह अल्लाह की इबादत में लीन हो जाते हैं। शहर की मस्जिदों में करीब 90 लोग एतकाफ में हैं, जो ईद का चांद दिखने के बाद अपने घरों को लौटेंगे। शब-ए-कद्र की रातें भी इसी अशरे में आती हैं, जिसे हजार महीनों से बेहतर कहा गया है। इन रातों में लोग रातभर जागकर इबादत करते हैं, कुरआन की तिलावत करते हैं और अल्लाह से रहमत की दुआ मांगते हैं।

### सदका, फित्र और जकात देने की अपील

शहर काजी नूर उल्लाह यूसुफ जई ने अपील की है कि हर मुस्लिम को ईद का चांद दिखने से पहले सदका-ए-फित्र और जकात अदा कर देनी चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोग भी ईद खुशी से मना सकें। इस बार रमजान का 29वां रोजा रहने की संभावना जताई जा रही है, जिससे 30 मार्च को चांद दिखने की पूरी उम्मीद है और ईद 31 मार्च को मनाई जाएगी।

# नगर जैन मिलन द्वारा शीतल जल सेवा का शुभारंभ



**गुना।** नगर जैन मिलन द्वारा राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। संस्था अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया की जल सेवा के लिए वाटर कूलर भारतीय जैन मिलन फाउंडेशन ट्रस्ट मुकेश जैन एवं नगर जैन मिलन संस्था के द्वारा उपलब्ध कराया गया है। वाटर कूलर में पानी और बिजली की उपलब्ध करने के लिए मुकेश कुमार जैन एवं दीपिका जैन ने प्रतिदिन सेवा करने की शपथ ली है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार जैन के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया एवं महावीर प्रार्थना हुई। उक्त कार्यक्रम विनय कुमार जैन उपाध्यक्ष भारतीय जैन मिलन, पीके जैन क्षेत्रीय मंत्री, व्हीके जैन अध्यक्ष जैन मिलन गुना, संस्था संरक्षक डॉ एसपी जैन, नगर मिलन के नवीन अध्यक्ष विश्वास जैन, मंत्री अमित टाटिया, कोषाध्यक्ष सुनील पंचायत, चंद्रेश गढ़ा, पुष्पेंद्र धरनावदा, महेश जैन, चंद्रेश गोलछा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। अंत में आभार मुकेश जैन ने माना।

# बादाम खाने के फायदे ही नहीं बल्कि नुकसान भी हैं



**आपमें से ज्यादातर लोग सर्दी के दिनों में भीगे बादाम का सेवन करते हैं। लेकिन बादाम का सेवन आखिर भिगोकर ही क्यों किया जाता है, सूखे बादाम क्यों नहीं? अगर आप नहीं जानते इसका जवाब, तो चलिए हम बता देते हैं।**



दरअसल छिलके सहित बादाम खाना उतना फायदेमंद नहीं होता, जितना बगैर छिलके वाले बादाम खाने से होता है। इसका प्रमुख कारण है छिलकों का आपके पोषण में रूकावट पैदा करना। जी हां, बादाम के छिलके में टैनीन नाम का एक तत्व मौजूद होता है जो कि इन पोषत तत्वों के अवशोषण को रोक लेता है।

अगर आप सूखे बादाम का सेवन करते हैं, तो छिलकों को निकालना संभव नहीं होता, जबकि बादाम को पानी में भिगो देने पर इससे छिलका आसानी से निकल जाता है। ऐसे में आपको बादाम का पूरा पोषण मिल पाता है, जो छिलकों के रहते नहीं मिल पाता। यही कारण है कि कच्चे यानी सूखे बादाम की जगह भीगे हुए बादाम खाना ज्यादा फायदेमंद होता है।

### बादाम के फायदे

- भीगे बादाम खाने से पाचन क्रिया भी संतुलित रहती है।
- इनमें भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट्स होता है, जो बढ़ती उम्र को कंट्रोल करता है।
- बादाम से ब्लड में अल्फाल टोकोफेरॉल की मात्रा बढ़ती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है।
- भीगे बादाम से गुड कॉलेस्ट्रॉल बढ़ता है और बैड कॉलेस्ट्रॉल कम होता है।
- इसमें भरपूर फॉलिक एसिड होता है, जो प्रेगनेंसी में शिशु के मस्तिष्क और न्यूरोलॉजिकल सिस्टम के विकास में सहायक होता है।

### किन लोगों को नहीं खाने चाहिए बादाम

ऊपर आलेख में जाना कि बादाम खाने के कई फायदे होते है। सही भी है लेकिन सभी लोगों के लिए नहीं। जी हां, ऐसे भी कुछ लोग हैं जिनके लिए बादाम का सेवन करना उनकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। आइए, जानते हैं ऐसे लोगों के बारे में जिन्हें बादाम खाने को अवॉइड करना चाहिए -

- हाई ब्लड प्रेशर के पेशेंट्स को बादाम के सेवन से बचना चाहिए क्योंकि इन लोगों को नियमित ब्लड प्रेशर की दवाइयां लेनी रहती हैं। इन दवाओं से साथ बादाम खाने से सेहत को नुकसान हो सकता है।
- जिन लोगों कि किडनी में पथरी या गॉल ब्लेडर संबंधी परेशानी हो, तो ऐसे में उन्हें भी बादाम नहीं खानी चाहिए।
- अगर किसी को पाचन संबंधी परेशानी है, तो उन्हें भी बादाम खाने से बचना चाहिए, क्योंकि इनमें फाइबर बहुत अधिक मात्रा में होता है जो आपकी परेशानी को और बढ़ा सकता है।
- अगर कोई व्यक्ति एंटीबायोटिक मेडिसन ले रहा हो, उस दौरान उसे भी बादाम खाना बंद कर देना चाहिए। बादाम में ज्यादा मात्रा में मैग्नीशियम होता है, जिसके सेवन से शरीर में दवाइयों का जो असर होना चाहिए, वह प्रभावित हो सकता है।
- जो लोग मोटापे से परेशान हैं, उन्हें भी बादाम का सेवन नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसमें कैलोरी और वसा बहुत अधिक मात्रा में होती है, जो वजन बढ़ाने का काम करता है।
- यदि किसी को एसिडिटी की शिकायत रहती हो, तो उन्हें भी बादाम नहीं खाना चाहिए।

# दिल की बीमारी का इलाज नहीं होने से मौत का खतरा 5 गुना ज्यादा



अस्पताल में भर्ती हुए कोविड मरीज अक्सर दिल की बीमारियों को नजरअंदाज कर देते हैं। एक ताजा रिसर्च से पता चला है कि दिल की बीमारी का इलाज नहीं होने से कोविड रोगियों के मरने की संभावना लगभग पांच गुना अधिक हो जाती है। अध्ययन में कोविड रोगियों को पहले चरण के इजेक्शन अंश के साथ दिखाया गया है । इसके तहत बाएं वेंट्रिकुलर इजेक्शन अंश का एक माप जब तक कि अधिकतम वेंट्रिकुलर संकुचन का समय 25 प्रतिशत से कम हो, तो मरीज की मौत की आशंका पांच गुना अधिक बढ़ जाती है। टीम ने यह भी पाया कि समान जोखिम वाले कारकों के समान अनुपात वाले, जिनके पास कोविड नहीं था, उनमें प्रथम-चरण अस्वीकृति अंश के निम्न मान थे। यह पता चलता है कि दिल को नुकसान पुरानी पूर्व-मौजूदा स्थितियों के कारण हो सकता है । इसे कोविड संक्रमण का परिणाम नहीं माना जा सकता है। ये दावा शोधकताओं ने किया है।

लंदन में सेंट थॉमस अस्पताल में कार्डियोवस्कुलर क्लिनिकल फामार्कोलॉजी के प्रोफेसर फिल चिवेंस्की ने कहा, परंपरागत रूप से, हृदय का कार्य इजेक्शन अंश द्वारा मापा जाता है, या हृदय के प्रत्येक संकुचन के साथ बाएं वेंट्रिकल पंप से कितना रक्त निकलता है। उन्होंने कहा, प्रथम चरण का इजेक्शन अंश, दिल के कार्य का एक नया माप है, जो पारंपरिक इजेक्शन अंश उपायों की तुलना में दिल के शुरूआती, अनिर्धारित क्षति के प्रति अधिक संवेदनशील लगता है। इस रिसर्च के नतीजे पत्रिका हाइपरटेंशन में प्रकाशित हुए हैं। कार्डियोवस्कुलर रिस्क फैक्टर और बीमारी को कोविड जोखिम कारकों के रूप में मान्यता दी गई है जो कि सार्स-कोव -2 महामारी के शुरूआती दिनों में रोगी के परिणामों पर उच्च नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। शोधकताओं ने परिकल्पना की है कि हृदय की विफलता की पूवार्नुभूति अस्पताल में भर्ती मरीजों में कोविड के अधिक गंभीर मामलों से जुड़ी होगी।

इस मामले में रिसर्च करने वाली टीम ने चीन के वुहान में 129 हॉस्पिटलाइज्ड कोविड रोगियों और दक्षिण लंदन में 251 हॉस्पिटलाइज्ड कोविड रोगियों के लिए फरवरी और मई 2020 के बीच मृत्यु दर का विश्लेषण किया है। प्रोफेसर फिल चिवेंस्की ने कहा निष्कर्ष बताते हैं कि अगर हम पहले चरण के इजेक्शन अंश इमेजिंग का उपयोग करके पता लगाए गए हृदय को होने वाली बहुत पुरानी क्षति को रोक सकते हैं, तो लोगों को कोविड जैसे श्वसन संक्रमण से बचने की अधिक संभावना होगी। इसके अलावा स्वस्थ जीवन शैली विकल्प, बेहतर उपचार, उच्च रक्तचाप और उच्च कोलेस्ट्रॉल के उपचार भी महत्वपूर्ण हैं। ''

# गले की खराश से न घबराएं, ये तरीके आजमाएं

**गले में खराश होने पर किसी भी कार्य में मन नहीं लगता है। बार - बार खराश आती है। कई बार आस-पास मौजूद लोग भी परेशान हो जाते हैं। जब खराश बहुत अधिक बढ़ जाती है तब हम सीधे ऐलोपैथिक दवा लेने के बारे में सोचते हैं। लेकिन घर में मौजूद कई सारी चीजें है जिनके सेवन से आप घर पर आसानी से खराश से छुटकारा पा सकते हैं। तो जानते हैं घर पर कैसे आसानी से गले में हो रहे खराश को दूर भगाएं -**



### नमक पानी की गरारे



जी हां, आपको हर थोड़े - थोड़े दिन में कफ हो जाता है तो आप पानी में नमक डालकर उसे गर्म कर लीजिए। और तीन वक्त गर्म पानी के गरारे करें। आपको 2 दिन में ही आराम मिलने लगेगा। साथ इसके कोई साइड इफेक्ट भी नहीं है। आप रोज भी कर सकते हैं। कफ खत्म होने के साथ ही आवाज भी खुलती है और साफ भी होती है। शोध में भी इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि नमक के पानी के गरारे करने से गले की सूजन और दर्द में भी आराम मिलता है। डॉक्टर भी नमक के पानी के गरारे करने की सलाह देते हैं। जी हां, यह आपको किचन में आराम से मिल जाएगी। सोना सुहागी को रात में दूध से लिया जाता है। इससे आपको एक दिन में ही आराम मिल जाएगा। सोना सुहागी सफेद रंग की होती है उसे तवे पर धीमी आंच पर रखा जाता है, वह धीरे - धीरे फूलने लगती है। इसके बाद गैस बंद कर दीजिए। और दूध के साथ लेकर सो जाएं। इसे लेने के बाद आप पानी या अन्य चीज कुछ भी खाएं पिएं नहीं। आपको अगले दिन सुबह ही आराम मिल जाएगा।

### शहद और काली मिर्च

रसोई घर पर हर दर्द की दवा है। रात को सोने से पहले आप एक चम्मच में शहद लें और काली मिर्च को उसमें मिक्स कर दें। वह एक चम्मच आप पूरा खा लीजिए। इसके बाद किसी भी चीज का सेवन नहीं करें, पानी का भी नहीं। अगले दिन सुबह आपको आराम मिल जाएगा।

### अदरक

अदरक में एंटी बैक्टीरियल तत्व मौजूद होते हैं। एक कप पानी में अदरक को डालकर उबाल लें। इसे गुनगुना होने के बाद इसमें शहद मिलाएं और दिन में दो बार पिएं। इसके सेवन से आपके गले का कफ दूर होगा और दर्द में भी आराम मिलेगा।

### मसाला चाय

जी हां, चाय के सेवन से भी काफी राहत मिलती है। चाय में आप लौंग, तुलसी, अदरक, काली मिर्च डालकर उबाल लें। इसके बाद पानी में शक्कर और चाय की पत्ती डालकर उबालें और फिर छानकर पिएं। इसके सेवन से आपको कफ में भी राहत मिलेगी और गले के दर्द में भी आराम मिलेगा।

### अमृतधारा

यह भीमसेनी कपूर,पिपरमिंट और अजवाइन के सत से बनती है और खराश में इसे गले पर लगाने और बूंद भर सेवन करने से आश्चर्यजनक फायदा करती है.

# कैसे तैयार करें जीरा-धनिया-सौंफ का पानी

**लॉकडाउन के कारण कई लोग वजन बढ़ने जैसी समस्या से परेशान हैं। यदि आपकी भी यही शिकायत है और आप अपने आकार में अपने शेप में वापस आने की कोशिश कर रहे हैं तो यह लेख सिर्फ आपके लिए हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भोजन स्वस्थ जीवनशैली में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए हम आपको अपने इस लेख में बता रहे हैं एक ऐसे डिटॉक्स ड्रिंक के बारे में जिसके सेवन से यह आपके लिए स्वस्थ और फिट रहने में कारगर साबित होगा। यह ड्रिंक है जीरा, धनिया और सौंफ से तैयार डिटॉक्स ड्रिंक जिसके सेवन से यह शरीर से विषाक्त पदार्थ को बाहर निकालने में मदद करता है, साथ ही त्वचा को कोमल और स्वस्थ चमकदार बनाने में भी सहायक है, आइए जानते हैं।**



### वजन घटाने और चमकती त्वचा के लिए जीरा

यह भारतीय मसाला अपने विभिन्न स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। जीरा पाचन संबधी समस्या को खत्म करता है और पाचन तंत्र मजबूत करता है। साथ ही वजन कम करने में भी यह बहुत काम आता है। गर्मियों के समय पाचन संबधी समस्या आम हो जाती है, वहीं जीरा उन सभी समस्याओं से निजात दिलाने में मदद कर सकता है। यह पोटेशियम, कैल्शियम व कॉपर जैसे पोषक तत्वों से भी समृद्ध है, जो आपकी त्वचा को कोमल रखने में मदद कर सकता है।

### वजन घटाने और चमकदार त्वचा के लिए धनिया

धनिया विभिन्न प्रकार के खनिजों और विटामिनों का एक अच्छा स्रोत है, जो शरीर के अतिरिक्त वजन को कम करने में मदद करता है। धनिये के बीजों में एंटीसेप्टिक गुण पाए जाते हैं, जो त्वचा संबंधी कई समस्याओं के इलाज के लिए प्रभावी हो सकते हैं। इसलिए धनिये का सेवन गर्मियों के दौरान महत्वपूर्ण माना जाता है, क्योंकि गर्मी और पसीने के कारण त्वचा पर अतिरिक्त तेल त्वचा की विभिन्न समस्याओं को जन्म देता है।

### वजन घटाने और चमकती त्वचा के लिए सौंफ

गर्मियों के मौसम में मुंहासे त्वचा से जुड़ी एक आम समस्या है और सौंफ को त्वचा को ठंडा करने के लिए जाना जाता है। इसमें जस्ता, कैल्शियम और सेलेनियम जैसे गुण होते हैं, जो शरीर में हार्मोन और ऑक्सीजन के स्तर को संतुलित करने के लिए अच्छे होते हैं, जो त्वचा पर एक स्वस्थ चमक लाते हैं। साथ ही इससे वजन कम होता है।

### कैसे तैयार करें जीरा-धनिया-सौंफ का पानी?

आधा चम्मच जीरा, धनिया और सौंफ को 1 गिलास पानी में रातभर भिगो दें। अगली सुबह इस पानी को अच्छी तरह उबाल लें और पानी छान लें। काला नमक, शहद और आधा नींबू का रस इसमें मिला लें।

- इस डिटॉक्स ड्रिंक से जहां आपको मिलेगी ग्लोइंग स्किन वहीं होगा आपका कई किलो वजन कम।
- यह आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर मसालों का पानी है। जो शरीर में कई तरह की कमी को पूरा करके मेटाबॉलिज्म बढ़ाता है।
- यह डिटॉक्स ड्रिंक स्किन को चमकदार और साफ भी रखता है।
- पाचन शक्ति बढ़ाने के लिए भी अच्छा है। जिंक, कैल्शियम, सेलेनियम जैसे कई न्यूट्रिएंट्स हैं इनमें होने के कारण हार्मोन्स को बैलेंस रखने में भी मदद करता हैं।

# इस आयुर्वेदिक चाय से मजबूत होगा इम्यून सिस्टम

**अगर आपकी प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ गई है और आप बार-बार सर्दी, खांसी, जुकाम या बुखार से पीड़ित हो रहे हैं तो आपको जरूरत है इस खास आयुर्वेदिक चाय की। तुलसी और अन्य मसालों से बनी ये चाय तेजी से आपकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगी। चलिए जानते हैं इस चाय को बनाने के लिए जरूरी सामग्री और चाय बनाने की सही विधि -**



**सामग्री :** तुलसी के सुखाए हुए पत्ते (जिन्हें छाया में रखकर सुखाया गया हो) 500 ग्राम, दालचीनी 50 ग्राम, तेजपान 100 ग्राम, ब्राह्मी बूटी 100 ग्राम, बनफशा 25 ग्राम, सौंफ 250 ग्राम, छोटी इलायची के दाने 150 ग्राम, लाल चन्दन 250 ग्राम और काली मिर्च 25 ग्राम।

**विधि :** सब पदार्थों को एक-एक करके इमाम दस्ते (खल बत्ते) में डालें और मोटा-मोटा कूटकर सबको मिलाकर किसी बरनी में भरकर रख लें। बस, तुलसी की चाय तैयार है। दो कप चाय के लिए यह 'तुलसी चाय' का मिश्रण (चूर्ण) आधा छोटा चम्मच भर लेना काफी है।

दो कप पानी एक तपेली में डालकर गरम होने के लिए आग पर रख दें। जब पानी उबलने लगे तब तपेली नीचे उतार कर आधा छोटा चम्मच मिश्रण डालकर फौरन ढक्कन से ढंक दें। थोड़ी देर तक उबलने दें फिर छानकर कप में डाल लें। इस चाय में दूध नहीं डाला जाता। मीठा करना चाहें तो उबलने के लिए आग पर तपेली रखते समय ही उचित मात्रा में शकर डाल दें और गरम होने के लिए रख दें।

# श्रद्धा की स्कूल के दिनों की तस्वीर हो रही वायरल



**सोशल मीडिया पर बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की स्कूल के दिनों की एक तस्वीर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में वह सफेद यूनिफॉर्म में नजर आ रही हैं, जिस पर उनके दोस्तों ने पेन से मैसेज लिखे हैं। माना जा रहा है कि यह उनकी स्कूल फेयरवेल की तस्वीर है।**

तस्वीर में लिखा है 'लव यू साहू' और 'हमेशा प्यार', जिससे पता चलता है कि उनके दोस्त उन्हें 'साहू' कहकर बुलाते थे। रेडिट पर यह तस्वीर शेयर होते ही फैंस ने मजेदार कमेंट्स करने शुरू कर दिए। एक यूजर ने लिखा, 'अब भी ऐसी ही दिखती हैं साहू', तो वहीं दूसरे ने श्रद्धा के डर्मेटोलॉजिस्ट का नंबर पूछ लिया। एक और फैन ने लिखा, 'श्रद्धा हमेशा से ही सुंदर थीं और अब भी हैं।' श्रद्धा कपूर पिछले 15 सालों से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 2010 में फिल्म 'तीन पत्ती' से की थी, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई। इसके बाद उन्होंने 2013 में आई फिल्म 'आशिकी 2' में आरोही का किरदार निभाया, जिससे उन्हें जबरदस्त लोकप्रियता मिली। यह फिल्म सुपरहिट साबित हुई और श्रद्धा का करियर चमक उठा। इसके बाद उन्होंने 'हैदर', 'एक विलेन', 'एबीसीडी 2', 'बागी', 'छिछोरे' और 'साहो' जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय किया। हाल ही में उन्हें रणबीर कपूर के साथ 'तू झूठी मैं मक्कार' में देखा गया था, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। उनकी फिल्म 'स्त्री' को भी जबरदस्त सफलता मिली थी, और अब वे इसके सीक्वल 'स्त्री 2' में नजर आने वाली हैं।



इसके अलावा श्रद्धा बड़े बजट की कुछ हॉरर और थ्रिलर फिल्मों में भी काम कर रही हैं। उनकी अपकमिंग फिल्मों को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। बता दें कि श्रद्धा कपूर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अपने फैंस को लाइफ से जुड़ी अपडेट देती रहती हैं। उनकी बिना मेकअप वाली तस्वीरें हों या पिज्जा खाते हुए कैजुअल मोमेंट्स, हर पोस्ट वायरल हो जाती है। यही वजह है कि इंस्टाग्राम पर श्रद्धा के 94 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। इस मामले में उन्होंने दीपिका पादुकोण, आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा जैसी दिग्गज एक्ट्रेसेस को पीछे छोड़ दिया है।

# रवि किशन और सनी देओल की तस्वीरें वायरल

अभिनेता और सांसद रवि किशन ने हाल ही में सनी देओल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जो तेजी से वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में दोनों कलाकार वैनिटी वैन में साथ पोज देते नजर आ रहे हैं। रवि किशन ने पोस्ट के साथ कैप्शन दिया, इस तस्वीर के लिए कैप्शन की जरूरत नहीं है। रवि किशन और सनी देओल ने 2018 में रिलीज़ हुई फिल्म 'मोहल्ला अस्सी' में साथ काम किया था, जिसमें सनी ने 'धर्मनाथ पांडेय' और रवि ने 'कन्नी गुरु' का किरदार निभाया था। काम की बात करें तो रवि किशन हाल ही में 'डाकू महाराज' और 'सिंगम अगेन' में नजर आए, जहां उनके रोल को काफी सराहा गया। अब उनके फैंस को 'सन ऑफ सरदार 2' का इंतजार है, जिसमें अजय देवगन, संजय दत्त और मृणाल ठाकुर भी अहम भूमिकाओं में हैं। सनी देओल की पिछली फिल्म 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त सफलता हासिल की थी, जिससे उम्मीदें और बढ़ गई हैं कि 'सन ऑफ सरदार 2' भी एक बड़ी हिट साबित होगी।

# 'बिग बॉस' पर प्रतिबंध की मांग

टेलीविजन का लोकप्रिय रियलिटी शो 'बिग बॉस' एक बार फिर विवादों में आ गया है। भाजपा के ण्क सांसद अनिल फिरोजिया ने इस शो पर अश्लीलता और अभद्र भाषा को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि इस शो की सामग्री समाज के लिए हानिकारक हो सकती है और इसका युवाओं व बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। संसद में अपनी बात रखते हुए कहा कि 'बिग बॉस' भारतीय टेलीविजन पर बड़े पैमाने पर प्रसारित होता है और इसके करोड़ों दर्शक हैं। उन्होंने दावा किया कि शुरुआत में यह एक सामान्य रियलिटी शो था, लेकिन समय के साथ इसमें अश्लीलता और विवाद बढ़ गए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शो में अभद्र भाषा और निजी जीवन की अनावश्यक बातें दिखाई जाती हैं, जिससे समाज पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने खासतौर पर सलमान खान का नाम लेते हुए कहा कि इस शो को तुरंत बंद किया जाना चाहिए। बता दें, 'बिग बॉस' के अब तक 18 सीजन आ चुके हैं, और हर बार यह शो किसी न किसी नई कंट्रोवर्सी को लेकर चर्चा में बना रहता है।

# अयान मुखर्जी से मिलने पहुंचे आलिया-रणबीर और आकाश



फिल्म निर्माता अयान मुखर्जी इन दिनों मुश्किल समय से गुजर रहे हैं। होली के दिन 14 मार्च 2025 को उनके पिता देब मुखर्जी का 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। इस दुखद घड़ी में बॉलीवुड और बिजनेस जगत की कई हस्तियां अयान से संवेदना जताने पहुंच रही हैं। हाल ही में बिजनेस टाइकून मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के बड़े बेटे आकाश अंबानी अयान मुखर्जी के घर पहुंचे। उनके साथ बॉलीवुड कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट भी मौजूद थे। तस्वीरों में देखा गया कि आकाश अंबानी फ्रंट सीट पर बैठे थे, जबकि रणबीर और आलिया कार की पिछली सीट पर नजर आए। इस दौरान आकाश अंबानी व्हाइट शर्ट और पैंट में नजर आए, जबकि आलिया भट्ट ने ब्लैक आउटफिट पहना और बालों का जूड़ा बनाया हुआ था। रणबीर कपूर भी बेहद सिंपल लुक में दिखे। सोशल मीडिया पर इन तीनों की तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। बता दें कि अयान मुखर्जी बॉलीवुड के मशहूर निर्देशक हैं और उन्होंने ब्रह्मास्त्र जैसी बड़ी फिल्म बनाई है।

# मजेदार पाव भाजी चैलेंज लिया अर्चना पूरन सिंह ने



हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह ने अपने परिवार संग एक मजेदार पाव भाजी चैलेंज लिया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

अर्चना इन दिनों अपने परिवार के साथ मस्ती भरे पलों का आनंद ले रही हैं। इस व्लॉग में सबसे ज्यादा ध्यान आकर्षित किया अर्चना के बेटे आर्यमान की एक्टिंग ने, जिसने वेटर की भूमिका निभाकर सभी को चौंका दिया। जब परिवार रेस्टोरेंट पहुंचा और ऑर्डर देने की बारी आई, तो आर्यमान ने वेटर बनकर मेन्यू पढ़ना शुरू कर दिया। टी-शर्ट और स्लिंग बैग पहने हुए उनकी यह एक्टिंग इतनी शानदार थी कि उनके परिवार के साथ-साथ इंटरनेट पर भी इसे खूब पसंद किया गया।

कई यूजर्स ने उनकी तारीफ करते हुए कहा कि वह नेपो किड्स से कहीं बेहतर हैं और उनके पास जबरदस्त सेंस ऑफ ह्यूमर है। एक यूजर ने लिखा, उसके पास बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग है, जो उसे अपनी मां से मिली है। वहीं, एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, आर्यमान के उच्चारण और एक्टिंग में एक अलग ही अंदाज है, वह एक दिन बड़े पर्दे पर कमाल करेंगे। कुछ लोगों ने उन्हें अगला 'बाबू भैया' तक कह दिया। आर्यमान सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि सिंगिंग में भी रुचि रखते हैं। उनके इंस्टाग्राम प्रोफाइल से पता चलता है कि वह सिंगर बनना चाहते हैं। उन्होंने 13 जनवरी को अपना पहला सिंगल समा रिलीज किया था।

इसके बाद उनके गाने बंजारा और फॉर यू भी आए, जिन्हें काफी पसंद किया गया। उनका हालिया वीडियो छोटी बातें उनके भाई द्वारा डायरेक्ट किया गया था। वहीं, अगर अर्चना पूरन सिंह की बात करें, तो उनकी हालिया फिल्म नादानियां रिलीज हुई थी, जिसमें वह नजर आई थीं।

# गायन में भी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार मन्नारा चोपड़ा



**बालीवुड अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा अब गायन में भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। मन्नारा चोपड़ा जल्द ही मशहूर गीत 'अजीब दास्तान है ये' को अपनी आवाज में पेश करेंगी। इस खास प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने न सिर्फ गाने को अपनी आवाज दी है, बल्कि इसके म्यूजिक वीडियो के कुछ हिस्सों का निर्देशन भी किया है। यह वीडियो न्यूयॉर्क शहर की खूबसूरत पृष्ठभूमि में शूट किया गया है, जिसमें पुरानी दुनिया के संगीत का आकर्षण भी समाहित होगा।**

मन्नारा ने अपने इस नए कदम को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, संगीत हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है। यह प्रोजेक्ट मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि इसमें क्लासिक्स के प्रति मेरे प्यार को मेरे खुद के कलात्मक दृष्टिकोण के साथ जोड़ा गया है। मैं चाहती थी कि कुछ ऐसा बनाऊं जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ सार्वभौमिक भी हो। मुझे उम्मीद है कि लोग इस गाने को उसी तरह महसूस करेंगे, जैसे मैं इसे महसूस करती हूं।

मूल रूप से यह गाना 1960 की सुपरहिट फिल्म दिल अपना और प्रीत पराई का हिस्सा था, जिसमें मीना कुमारी, राजकुमार और नादिरा जैसे कलाकार थे। लता मंगेशकर द्वारा गाए गए इस गाने को आज भी क्लासिक म्यूजिक लवर्स पसंद करते हैं। इस गीत के लिए मन्नारा ने विशेष रूप से अपनी आवाज को निखारने के लिए ट्रेनिंग ली और इसे अपने अंदाज में गाने की कोशिश की है।

मन्नारा चोपड़ा का जन्म हरियाणा के अंबाला में हुआ था और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत एक फैशन डिजाइनर और सहायक कोरियोग्राफर के रूप में की थी। बाद में उन्होंने 2014 में तेलुगू फिल्म प्रेमा गीमा जंता नाई से अभिनय की दुनिया में कदम रखा।

हिंदी सिनेमा में उन्होंने अनुभव सिन्हा की फिल्म जिद से डेब्यू किया। इसके अलावा उन्होंने थिक्का, रॉग जैसी फिल्मों में भी काम किया। साल 2023 में मन्नारा 'बिग बॉस 17' में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपनी मासूमियत और स्पष्टवादिता से दर्शकों का दिल जीत लिया। वह शो की दूसरी रनर-अप रही थीं, जबकि मुनव्वर फारूकी विजेता बने थे। शो के बाद उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ और अब वह एक तेलुगू फिल्म थिरागबदरा सामी और एक पंजाबी फिल्म में नजर आने वाली हैं। अब गायन की दुनिया में कदम रखकर मन्नारा एक नया सफर शुरू कर रही हैं।

# कॉन्सर्ट में तीन घंटे की देरी से पहुंचीं नेहा, मागी माफी

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ का हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में एक कॉन्सर्ट था, लेकिन यह इवेंट उनके लिए भावुक कर देने वाला साबित हुआ। नेहा तीन घंटे की देरी से कॉन्सर्ट में पहुंचीं, जिससे वहां मौजूद दर्शक नाराज हो गए। जब नेहा ने स्टेज पर आकर माफी मांगी, तो वह भावुक हो गईं और रोने लगीं।

इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें नेहा अपनी देरी के लिए खेद जताते हुए नजर आ रही हैं। रेडिट पर शेयर किए गए वीडियो में नेहा कक्कड़ स्टेज पर आंसू बहाते हुए दर्शकों से माफी मांग रही हैं। उन्होंने कहा, गाइज, आप लोग वाकई बहुत अच्छे हैं। आपने इतना धैर्य रखा। मुझे बहुत बुरा लग रहा है, मैंने कभी किसी को वेट नहीं करवाया। आप लोग इतनी देर से खड़े होकर मेरा इंतजार कर रहे थे, यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं यह शाम हमेशा याद रखूंगी। हालांकि, इस देरी से कुछ दर्शक गुस्से में आ गए और उन्होंने नेहा को ट्रोल करना शुरू कर दिया। वीडियो में कुछ लोग चिल्लाते हुए सुनाई दे रहे हैं। एक शख्स ने कहा, ये भारत नहीं, ऑस्ट्रेलिया है। वापस जाओ और होटल में आराम करो। जब नेहा जोर-जोर से रोने लगीं, तो एक अन्य व्यक्ति ने व्यंग्य करते हुए कहा, बहुत अच्छी एक्टिंग कर रही हो, ये इंडियन आइडल नहीं है।

हालांकि, नेहा को वहां मौजूद कई फैंस का सपोर्ट भी मिला। कुछ लोग तालियां बजाकर उन्हें चुप कराने की कोशिश करते दिखे। नेहा ने भी अपने फैंस को भरोसा दिलाया कि वह इस गलती को भविष्य में दोहराने से बचेंगी और दर्शकों को एक बेहतरीन परफॉर्मेंस देंगी। नेहा कक्कड़ बॉलीवुड की लोकप्रिय गायिकाओं में से एक हैं, और उनके लाइव शोज़ को दुनियाभर में पसंद किया जाता है।





# 'यारियां' फिल्म बनाना आसान नहीं था: दिव्या खोसला

**बालीवुड फिल्म निर्माता दिव्या खोसला ने अपने करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और शानदार यात्रा बताया। अपनी पहली निर्देशित फिल्म 'यारियां' की निर्माण प्रक्रिया को दिव्या खोसला ने याद किया। साल 2014 में रिलीज हुई इस फिल्म में हिमांश कोहली, रकुल प्रीत सिंह, निकोल फारिया और एवलिन शर्मा मुख्य भूमिका में थे। फिल्म की कहानी सिक्किम के एक कॉलेज के छात्रों के संघर्ष पर आधारित थी, जो अपने कैंपस को बचाने के लिए एक प्रतियोगिता जीतने का प्रयास करते हैं।**

दिव्या ने बताया कि फिल्म बनाना आसान नहीं था और 'यारियां' उनके लिए खासतौर पर कठिन रही। उन्होंने कहा, मैंने ऐसी जगहें खोजने की कोशिश की, जहां पहले कभी शूटिंग नहीं हुई थी, इसलिए मैं सिक्किम और दार्जिलिंग गई। पहाड़ की चोटियों पर चढ़ना और उन अनदेखी जगहों की तलाश करना जो स्क्रीन पर पहले कभी नहीं आईं, अपने आप में एक बड़ा चैलेंज था।

जब आप 'यारियां' देखते हैं, तो हर फ्रेम एक पेंटिंग जैसा लगता है, क्योंकि मैंने इसे उसी तरह डिजाइन किया था। फिल्म निर्माण के दौरान व्यक्तिगत रूप से भी दिव्या के लिए यह समय कठिन था। उन्होंने कहा, जब मैंने शूटिंग शुरू की, तब मेरा बेटा सिर्फ छह महीने का था। एक नई मां होने के साथ-साथ फिल्म का निर्देशन करना मेरे जीवन की सबसे मुश्किल परीक्षा थी। लेकिन इससे भी खास यह था कि दर्शकों ने फिल्म को खूब प्यार दिया। 'यारियां' बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉकबस्टर बन गई। फिल्म की री-रिलीज़ को लेकर उत्साहित दिव्या ने कहा, 'यारियां' को जब पहली बार रिलीज़ किया गया, तब इसे दर्शकों से बहुत प्यार मिला था।

इसे दोबारा रिलीज़ करना, दर्शकों को उनका प्यार लौटाने का मेरा तरीका है। उन्होंने एक खास किस्सा साझा करते हुए कहा, जब मैं अपनी दूसरी फिल्म 'सनम रे' की शूटिंग लद्दाख में कर रही थी, तब एक सुनसान जगह पर कुछ पर्यटक आए। उनमें से एक लड़की मेरे पास आई और बताया कि उसने 'यारियां' 56 बार देखी है। यह सुनकर मैं हैरान रह गई और मेरा दिल खुशी से भर गया। दिव्या ने कहा कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है, क्योंकि इसने उन्हें बतौर निर्देशक इंडस्ट्री में पहचान दिलाई।

# सुभाष घई ने 'कर्ज' के 45 साल पूरे होने पर मनाया जश्न



मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक सुभाष घई द्वारा साल 1980 में रिलीज हुई फिल्म 'कर्ज' के 45 साल पूरे होने का जश्न मनाया गया। सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस कार्यक्रम की तस्वीर साझा करते हुए लिखा, रेड लॉरी फिल्म फेस्टिवल में जब नीतू ऋषि कपूर ने अपने पति को भगवान की ओर देखते हुए श्रद्धांजलि दी, तो वह क्षण हम सभी के लिए बेहद भावुक कर देने वाला था।

हमने ऋषि कपूर को एक बेहतरीन अभिनेता और इंसान के रूप में याद किया और उन्हें सम्मान दिया। इस इवेंट का आयोजन पीवीआर बीकेसी बांद्रा, मुंबई में 21 मार्च को सुबह 11-30 बजे किया गया था। कर्ज बॉलीवुड की एक कल्ट क्लासिक फिल्म मानी जाती है, जो पुनर्जन्म की कहानी पर आधारित थी। इस फिल्म में ऋषि कपूर ने मोंटी का किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया। इसका संगीत भी सुपरहिट साबित हुआ, खासकर ओम शांति ओम और एक हसीना थी जैसे गाने आज भी याद किए जाते हैं। इस फिल्म का रीमेक 2008 में कर्ज नाम से ही बनाया गया, जिसमें हिमेश रेशमिया ने मुख्य भूमिका निभाई थी। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा सकी। सुभाष घई ने एक और पोस्ट में खुलासा किया कि उन्होंने कर्ज की पूरी पटकथा सिर्फ एक सीन के आधार पर लिखी थी।

उन्होंने लिखा, यह वही सीन था जब मां अपने मरे हुए बेटे की आत्मा को पहचान जाती है, लेकिन बाकी सभी लोग हैरान रह जाते हैं। मैंने इसी भावनात्मक क्षण के इर्द-गिर्द पूरी कहानी तैयार की, और यह फिल्म एक कल्ट क्लासिक बन गई। सुभाष घई ने इस मौके पर यह भी बताया कि उनकी प्रोडक्शन कंपनी मुक्ता आर्ट्स नए लेखकों और निर्देशकों की तलाश कर रही है, जो पैन सिनेमा के लिए शानदार कहानियां तैयार कर सकें।

## ब्रीफ न्यूज

### देश की खुशहाली के लिए मांगी दुआ

**सीहोर।** राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के मध्य प्रदेश अध्यक्ष अलविदा का जुम्मा पढने अजमेर पहुंचे जुम्मा पढने के बाद वहां के खादिम होने नौशाद खान की दास्तान बंदी कर उनका स्वागत किया नौशाद खान ने दुआएं मांगी हमारा देश हमेशा खुशहाल रहे भारत देश का डंका पूरी दुनिया में बजे और तमाम मुस्लिम भाई के हित में भी दुआएं मांगी नहीं हिंदू मुस्लिम भाई हमेशा एकता की डोर में बंधे रहे और सभी देशवासियों को अलविदा जुमे की दिल्ली मुबारकबाद दी।

### अच्छी कीमत मिलने से किसानों की पसंद बन रहा शरबती

**सीहोर।** जिले में रबी की फसल में गेहूं की फसल प्रमुख है, इसके साथ ही उत्तम क्वालिटी का गेहूं शरबती के बेहतर दाम मिलने से गेहूं की यह किस्म किसानों की पसंद बनता जा रहा है, दूसरी ओर शरबती को जीआई टैग मिलने के बाद किसान रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन कर रहे हैं। अभी तक जहां 515 किसान रजिस्ट्रेशन के लिए अपने आवेदन जमा करा चुके हैं, तो वहीं शरबती गेहूं का रकबा भी दोगुना हो गया है। जिला शरबती गेहूं के नाम से प्रसिद्ध है। वर्तमान में सीहोर जिले में शरबती गेहूं का क्षेत्रफल 40390 हे. है जोकि निरंतर बढ़ रहा है। विभाग एवं किसान संस्था के प्रयास से सीहोर जिले में शरबती गेहूं को जीआई टैग प्रदाय किया गया है। जिले के कुछ ग्रामों की मिट्टी शरबती गेंहू उत्पादन के लिए उपयुक्त है। शरबती गेहूं की उत्पादकता 2700-2800 कि.ग्रा./हेक्टर आती है। कृषि उपज मंडी सीहोर में व्यापारियों द्वारा शरबती गेहूं प्रोसेसिंग कर महानगरों में भेजा जाता है। इसकी उत्पादकता बढ़ाने हेतु नवीन उन्नत किस्मों के बीजों का वितरण कर बीज समितियों एवं द्वारा शरबती गेहूं बीजोत्पादन कराया जाकर उत्पादकता बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे है। शरबती गेहूं की उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने हेतु सुजाता, 306, 1531, 1544, 1634, 1636, 1650 किस्मों का बीज कृषकों को उपलब्ध कराया जा रहा हैं।

### युवक को दस्तयाब कर परिवार के किया सुपुर्द

**हरदा/सिराली।** सिराली पुलिस ने लापता युवक को दस्तयाब कर परिवार के सुपुर्द किया। सिराली थाना सिराली जिला हरदा अपराध क्रमांक 95/25 धारा 137 (2) बीएनएस नाम अपहृत बालक राकेश खरते पिता झिना खरते जाति बारेला उम्र 17 वर्ष 09 माह निवासी ग्राम उमरी थाना सिराली जिला हरदा गुमशुदा दिनांक - 16/03/25 दस्तयावी दिनांक 26/03/25 विवरण थाना सिराली में फरियादी झिना पिता स्व हैदरिया खरते जाति बारेला उम्र 60 वर्ष निवासी उमरी ने थाना में रिपोर्ट किया कि उसका बालक राकेश खरते उम्र 17 वर्ष 09 माह दिनांक 16/03/25 को पीपल्या मेले घूमने गया था मेले से बापस नहीं आया फरियादी कि रिपोर्ट पर थाना सिराली में अपराध क्रमांक 95/25 धारा 137 (2) बीएनएस दर्ज किया गया। जो बालक की तलाश पतारसी किया जो बालक दिनांक 26/03/25 को घूम फिरकर घर वापस आ गया जिसने बताया कि वह अपनी मर्जी से बिना बताये चला गया और घूम फिरकर घर वापस आ गया उसके साथ कोई घटना घटित नहीं हुई है।

सीवन नदी के सौंदर्यीकरण और सीवेज का काम होगा शुरू, अब रेन वॉटर हार्वेस्टिंग लगाने की शर्त पूरी करना अनिवार्य

# शहर के विकास के लिए 311 करोड़ रूपए खर्च करेगी नगर पालिका

सत्ता सुधार ■ सीहोर

शहर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का बजट बनाया गया है। इसमें नागरिकों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। करीब 311 करोड़ से अधिक के बजट में सबसे ज्यादा 52 करोड़ अमृत योजना मिशन 2.0 के तहत खर्च होंगे। उक्त विचार शहर के नगर पालिका के सभाकक्ष में प्रस्तावित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 का सर्व सम्मिति से बजे पेश करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहे। केन्द्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार के आशीर्वाद से शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहाकि भू जल स्तर गिरता जा रहा है, इसके लिए अब भवन निर्माण में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शर्त अनिवार्य करने के अलावा एक राष्ट्र एक चुनाव का प्रस्ताव भी पारित किया गया है। वाटर हार्वेस्टिंग का सिस्टम प्रदेश और देश के लिए भी जरूरी है।



बजट बैठक के दौरान सभापति अजय पाल राजपूत ने बजट पेश किया। इस मौके पर नगर पालिका सीएमओ भूपेन्द्र दीक्षित ने कहा कि शुक्रवार की सुबह नगर पालिका के सभाकक्ष में परिषद का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया था। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा आदि की गई। बैठक के दौरान सभी पार्षदों ने शहर के अरबों रुपए के इस बजट को सर्व सम्मिति से हर्ष व्यक्त करते हुए पूरे हर्ष के साथ अपना समर्थन किया। विशेष सम्मेलन के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता के अलावा समस्त पार्षद गण और नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि इसमें पानी की लाइन के साथ सीवर लाइन बिछाने के अलावा पार्कों का सौंदर्यीकरण, घाटों का नवनिर्माण, डामरीकरण कार्य, आडोटोरियम हाल, जिम स्विमिंग पूल निर्माण, शहर में स्टेडियम निर्माण, ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन ट्रंचिंग ग्राउंड, नवीन कार्यालय भवन ग्रीन ब्लिडिंग, सोलर प्लांट, नवीन गीता भवन निर्माण लागत बीस करोड़, मुख्यमंत्री घोषण से विकास कार्य, ट्रंचिंग ग्राउंड में लीगेसी वेस्ट का बायोरेमेडियेशन और नवीन दुकान काम्प्लेक्स निर्माण आदि किया जाना है।

शहर को महानगर की तर्ज पर विकसित करने के लिए हम पूरी तरह से एकजुट है। जिसके अंतर्गत विशेषकर उक्त नवीन प्रस्तावित कार्य है तथ मुख्य रूप से शहर में नवीन सड़क, नाली, जल प्रदाय, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस बजट को तैयार करने के लिए बीते दिनों शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधियों और परिषद के साथियों से सलाह भी ली गई। इसी सलाह के आधार पर नगर पालिका का बजट पेश किया गया। बजट में निर्माण, सफाई, पथ-प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था में विस्तार के लिये बल दिया गया है। जिसके अंतर्गत विशेषकर उक्त नवीन प्रस्तावित कार्य है तथ मुख्य रूप से शहर में नवीन सड़क, नाली, जल प्रदाय, सौंदर्यीकरण और स्वच्छता आदि पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस बजट को तैयार करने के लिए बीते दिनों शहरवासियों के अलावा जनप्रतिनिधियों और परिषद के साथियों से सलाह भी ली गई। इसी सलाह के आधार पर नगर पालिका का बजट पेश किया गया। बजट में निर्माण, सफाई, पथ-प्रकाश और पेयजल की व्यवस्था में विस्तार के लिये बल दिया गया है।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, शहर में निरीक्षण के लिए टीम

नगर पालिका रेन वॉटर हार्वेस्टिंग लगाने की शर्त पूरी करने के लिए भवन निमार्ताओं से आठ हजार रुपए अग्रिम जमा कराती है। इसके बाद उन्हें निर्माण के लिए एनओसी दी जाती है। सिस्टम लगाने के प्रमाण देने के बाद यह राशि वापस कर दी जाती है, लेकिन अब करीब 25 हजार रुपए जमा कराए जाऐंगे और एक टीम का गठन कर निमार्णाधीन मकानों का निरीक्षण भी किया जाएगा। जिन मकानों में सिस्टम नहीं लगा है उस पर कार्रवाई करने की बात भी कही गई है।

### बजट की स्थिति

प्रस्तावित बजट वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट का विवरण निम्नानुसार है।

कुल आय-3,11,86,66,000, कुल व्यय-3.11,86,00,000, शुद्ध लाभ-66000

नवीन प्रस्तावित कार्य, नवीन कार्यालय भवन निर्माण कार्य-पांच करोड़, पुल निर्माण कोतवाली, इंग्लिशपुरा, मछलीपुल, दूल्हा बादशाह 19.27 करोड़, सीवन नदी घाट निर्माण सौंदर्यीकरण हाउसिंग बोर्ड, तालाब/फर्ट तालाब आदि 22 करोड़ सहित दो दर्जन से अधिक विकास कार्य पर चर्चा की गई।

# राजस्व अमले से सांठ-गांठ के चलते नहीं हो पा रही भू-माफियाओं पर कोई कारगर कार्रवाई

## सिंधिया के संकल्प को जुमला बनाने पर तुले अधिकारी

राजकुमार नामदेव ■ अशोकनगर

जिले में भू-माफियाओं का बढ़ता प्रभाव अब लोगों को नागवार गुजर रहा है,निजी हो या शासकीय जमीन,किसी तरीके से उसे अपना बनाने पर तुले हुए हैं,ऐसा नहीं कि प्रशासन इन पर कोई कार्रवाई न कर सके, परंतु राजस्व अमले से सांठ-गांठ के चलते इनका कोई कुछ बिगाड़ नहीं पा रहा और यह खूब फल फूल रहे हैं।लोकसभा चुनाव के पूर्व केंद्रीय मंत्री, क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा क्षेत्र की जनता को वचन दिया गया था कि उनके जीतने के बाद इस संसदीय क्षेत्र को माफिया विहीन कर देंगे,विशेष कर भू-माफियाओं पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी और उन्हें क्षेत्र से खदेड़ दिया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद श्री सिंधिया ने मुंगावली में धन्यवाद सभा के दौरान भी अपने वचन को दोहराते हुए संकल्प लिया कि क्षेत्र से भू-माफिया, खनन माफिया, राशन माफिया सहित सभी तरह के माफियाओं को जड़ मूल से खत्म कर देंगे। शुरू-शुरू में तो जिला प्रशासन और राजस्व विभाग,सक्रिय दिखा। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया।अधिकारियों ने कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया। जिसके चलते जिले भर से जनसुनवाई में सर्वाधिक शिकायतें शासकीय,निजी भूमि पर दबंग भू-माफियाओं के कब्जे की आने लगी। एक बार फिर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने जिले भर में एसडीएम की अध्यक्षता में टीम गठित कर भू-माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू की। लेकिन टीम गठित किए हुए करीब दो माह का समय बीत रहा है। लेकिन



अभी तक कोई कार्रवाई सामने नजर नहीं आई। इसका सबसे बड़ा कारण राजस्व अमले की भू-माफियाओं से साठ-गांठ और राजनीतिक संरक्षण है। इससे लगता है कि जो सांसद सिंधिया ने क्षेत्र को माफिया विहीन बनाने का संकल्प लिया था,अधिकारी सिंधिया के उस संकल्प को जुमला बनाने पर तुले हुए हैं। भू-माफिया राजस्व के जमीनी अमले से सांठ-गांठ कर अभी तक कार्रवाई से बच रहे हैं। श्री सिंधिया के संकल्प से क्षेत्र के लोगों में पिछले दो-तीन माह से उम्मीद जगी थी कि अब शायद शासकीय,निजी जमीन पर से भू-माफियाओं का अवैध कब्जा हट पाएगा,लेकिन अभी तक ऐसा हो ना सका। ऐसा नहीं कि अधिकारियों,विशेष कर राजस्व के जमीनी अमले के संज्ञान में भू-माफियाओं की करतूत ना हो। बल्कि क्षेत्र के लोगों को सिंधिया पर अटूट विश्वास है। इसी के चलते इस बार उन्हें ऐतिहासिक मतों से क्षेत्र की जनता ने चुनकर संसद में भेजा है। तथा भू-माफियाओं की करतूतें अखबारों के माध्यम से सुर्खियां बनी हुई है। जिसे इन मामलों से सहज ही समझा जा सकता है।

**24 साल से ढूंढ रहा है चतरा आदिवासी अपनी पट्टे जमीन:** जिले के मुंगावली अनुविभाग की पिपरई तहसील के ग्राम गरेंठी के हल्का नंबर 15 की सर्वे नम्बर 436/18 रकवा 0.500 हे. शासकीय भूमि का पट्टा गांव के चतरा आदिवासी के नाम तो हुआ,उसके पास जमीन के पट्टे की किताब भी है, लेकिन उसकी जमीन कहां है,उसे पता नहीं। पिछले 24 साल में उसने कई बार सीमांकन कराने आवेदन कर फ़ीस जमा की, कार्यालय और अधिकारियों के चक्कर लगाए लेकिन मजाल है कि अधिकारी उसे उसकी जमीन ढूंढ कर दे पाए हों। गत दिनांक 17/05/2024 को भी उसने तहसील कार्यालय पिपरई में आवेदन दिया था।लेकिन आज तक उसे खेत नहीं मिला।

### तीसरा मामला -

**शासकीय जमीन से हटाए अतिक्रमण पर भू-माफिया ने फिर किया कब्जा :** अशोकनगर तहसील अंतर्गत ग्राम बमुरिया दांगी की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 6/1/2, 7/2, 8, 9 11/1, 11/2, 12/3,45, 139 141 144 151 166 कुल किता 13 कुल रकवा 3.893 हेक्टेयर भूमि से तहसीलदार अशोक नगर नायब तहसीलदार व्रत कचनार राजस्व निरीक्षक एवं हल्का पटवारी के सहयोग से भू-माफिया अतिक्रामक रामबाबू पुत्र कमरजी दांगी निवासी बमूरिया दांगी व अन्य के कब्जे से भूमि मुक्त करवाकर अतिक्रमण की कार्रवाई की गई थी,उक्त कार्रवाई का प्रशासन द्वारा प्रचार प्रसार भी खूब किया गया था। और उक्त अतिक्रमित भूमि की अनुमानित कीमत 38 लाख 50 हजार रुपए बताई गई थी। इधर प्रशासन अतिक्रमण हटाकर गया, उधर फिर से उक्त अतिक्रमणकारी ने जमीन पर कब्जा कर लिया और बोवनी करके अपनी फसल बो दी थी। आज उक्त शासकीय जमीनों पर अतिक्रमणकारी की फसल खूब लहलहा रही है। इससे लगता है कि प्रशासन की कार्रवाई बेकार हो गई। और भू-माफिया को कोई फर्क नहीं पड़ा है।

**दूसरा मामला:** शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर मजे से खेती कर रहे भू-माफिया, जिले की पिपरई तहसील अंतर्गत ग्राम महिदपुर में करीब 10 बीघा शासकीय भूमि पर गांव के दबंग भू-माफिया ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है,और उस जमीन पर खेती कर रहा है। इतना ही नहीं अवैध कब्जा धारी ने अपने फायदे के लिए जमीन खाली करने के लिए वहां पर रखी पुरातत्व महत्व की अति प्राचीन धरोहरों से भी छेड़छाड़ कर उन्हें खुर्द कर दिया है। गांव की सर्वे क्रमांक 24/1 रकवा 8.9960 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर भू-माफिया का कब्जा है।

# शहर में 58 जगह लगा सकेंगे विज्ञापन होर्डिंग्सः नपा अध्यक्ष



### चालू वित्तीय वर्ष 2025=26 के लिए नगर पालिका ने किया बजट प्रावधान

सत्ता सुधार ■ अशोकनगर

वित्तीय वर्ष की समाप्ति 31 मार्च के पूर्व 28 मार्च को नगर पालिका के सभा गार में परिषद की बैठक के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया सहित परिषद के सभी सदस्यों ने बजट प्रस्ताव के साथ साथ जल कर , किराया आदि प्रमुख मुद्दों पर चर्चा कर परिषद बैठक के प्रस्तावित मुद्दों पर सहमति पूर्वक बजट प्रस्तुत किया । आगामी वित्तीय वर्ष 2025=26 के लिए जल कर , टेक्स तथा किराए की दरों में आंशिक वृद्धि की गई हैं इस दौरान परिषद सदस्यों की सहमति पर जल कर में 10 रु बढ़ाए हैं तो बही संपत्ति कर के विषय में नगर पालिका को शासन के दिशा निर्देशों का इंतजार रहेगा । परिषद की इस खास बैठक में अध्यक्ष श्री मनोरिया मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान सहित नगर पालिका प्रशासन के सभी शाखाओं के प्रभारी अधिकारी तथा उपाध्यक्ष श्री मति रीना मनोज शर्मा एवं परिषद के वार्ड पार्षद प्रमुख रूप से उक्त बैठक में मौजूद रहे जिन्होंने तय किया है कि शहर के सार्वजनिक स्थलों और पार्क तथा प्रतिमा स्थापित चौराहों पर किसी भी तरह के विज्ञापन होर्डिंग्स नहीं लगाए जाए विज्ञापन फैक्स , बोर्ड और होर्डिंग्स आदि लगा देने से पार्कों और प्रतिमा स्थापित चौराहों की सुंदरता छिप जाती हैं इस मुद्दे पर अध्यक्ष श्री मनोरिया की सहमति पर शहर में 58 सार्वजनिक स्थल तय किए गए हैं जहां होर्डिंग्ज विज्ञापन के उपयोग में लाया जा सकता हैं शहर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों को विज्ञापन लगाने की मनाही रहेगी , नगर पालिका परिषद द्वारा विगत रोज 28 मार्च को बैठक में बजट प्रस्तुत करते हुए 50 करोड़ 81 लाख ,27 हजार का प्रावधान किया है तो बही आमदनी बजट का आंकलन 4 लाख 82 हजार का उल्लेख किया इस बजट में विगत वर्ष की तुलना में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई हैं । नपा की वित्तीय वर्ष बजट प्रावधान को संतुलित एवं शहर के समग्र विकास से जोड़ कर रखा है जिसमें सभी प्रमुख जरूरतों में समाविष्ट किया जाना है।

# फर्जी शेयर मार्केट ऐप्लीकैशन में निवेश के नाम पर ठगो 09 लाख 65 हजार रुपये, सायबर सेल ने कराए वापस

सत्ता सुधार ■ खरगोन

जिले के मंडलेश्वर थानाक्षेत्र में एक कृषक को टेलीग्राम पर शेयर मार्केट में निवेश कर कम दाम पर शेयर खरीदने का लालच लेकर लाखों रुपए की कि गई ठगी मामले में सायबर सेल ने बड़ी सफलता हासिल की है। समय पर शिकायत मिलने पर सायबर सेल ने किसान से ठगी गई राशि बरामद कर किसान को लौटा दी। मिली जानकारी अनुसार मंडलेश्वर क्षेत्र के निवासी किसान ने शिकायत की थी कि कुछ दिन पूर्व उसे टेलीग्राम के माध्यम से शेयर मार्केट में आईपीओ व कम दाम पर शेयर



आदि दिलाने का लालच दिया गया था। अज्ञात व्यक्तियों से चेटिंग के दौरान उनके झांसे में आकर कहे अनुसार फर्जी शेयर मार्केट ऐप्लैकेशन डाउनलोड किया व पैसे डाले गए। थोड़े दिनों बाद जब अपने निवेश किए पैसे निकालने चाहे तो टैक्स, सर्विस चार्ज आदि के नाम पर और पैसे लिए गए। जब अंदेशा हुआ तब तक वह 9 लाख 65 हजार रुपए गंवा चुका था। इसके बाद थाने आया व शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने सायबर डेस्क से संपर्क किया व पूरी घटना बताई। सायबर सेल ने जिन बैंक खातों में फरियादी का पैसा गया था उन्हें तत्काल होल्ड कराया। होल्ड लगने के बाद कानूनी न्यायालयीन प्रक्रिया के उपरांत फरियादी के राशि 9 लाख 65 हजार रुपये वापस कराए गए है।

### नागरिकों से की अपील

- किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन पर अपनी निजी जानकारी व बैंक संबंधी जानकारी शेयर न करे।
- .किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा दी गई लिंक पर क्लिक न करे ।
- अनजान व्यक्ति द्वारा दिए गए कैशबैकए रिफन्ड आफर आदि से बचे।
- किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आने वाली ंएंचा फाइल को डाउनलोड न करे।
- किसी भी अनजान मोबाईल एप्लीकेशन को मोबाईल की पर्मिशन न दे।

# कबड्डी में कीर्तीमान रचेंगी बरखेड़ा हसन की छात्राएं विधायक ने प्रदान की कबडडी खेलने के लिए किट

सत्ता सुधार ■ सीहोर

कबडडी खिलाड़ी ग्रामीण छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए विधायक सुदेश राय ने गुरूवार को बरखेड़ा हसन छात्रावास की अधीक्षिका को विधायक कार्यालय आमंत्रित कर कबडडी किट प्रदान किया। खेल और युवक कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के द्वारा विधायक सुदेश राय की अनुशंसा पर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा हसन में संचालित छात्रावास में रहने वाली कबडडी खिलाड़ी छात्राओं को प्रोत्साहन देने के लिए कबडडी किट स्वीकृत किया गया है। विधायक सुदेश राय ने कहा कि



हमारे ग्रामीण क्षेत्र की छात्राऐं भी खेल के मैदान में बेहतरीन प्रदर्शन करती है,अब छात्राओं को कबडडी की प्रेक्टिस करने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होने कहा कि सीहोर से दो वाहनों में भरकर उनके छात्रावास कबडडी किट भेजा जा रहा है।

**अभियान** नये तालाब बनेंगे, पुराने तालाबों, बावडि़यों तथा कुँओं का होगा जीर्णोद्धार

# जिले में चलेगा जल गंगा संवर्धन अभियान

सत्ता सुधार ■ सीहोर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावडि़यों और कुँओं का जीर्णोद्धार कराया जायेगा। साथ ही सघन वृक्षारोपण भी होगा। इसके लिए जिले में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। यह अभियान 30 मार्च से प्रारंभ होकर आगामी 30 जून तक सतत चलेगा। यह जानकारी आज कलेक्टर बालागुरू ने कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक में दी। जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत 30 मार्च 2025 से की जायेगी। इस अभियान में जलस्त्रोतों और देवालयों की सफाई की योजना बनाई जाएगी। यह संतों, जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जाएगा।





### बनेंगे नये अमृत सरोवर

जिले में गत वर्ष चलाये गये अभियान के तहत नये अमृत सरोवर बनाये गये थे। इन सरोवरों को राजस्व अभिलेखों में दर्ज करने की कार्यवाही की जायेगी। अभियान में अमृत सरोवर 2.0 के तहत नए अमृत सरोवर बनाए जाएंगे, अभियान के तहत राजस्व विभाग के साथ तालाबों का सीमांकन किया जायेगा। राजस्व अभिलेखों में नवीन तालाबों को दर्ज किया जायेगा। तालाबों पर अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी। तालाबों का जन भागीदारी से गहरीकरण होगा। मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से तालाब का जीर्णोद्धार और सुदृढ़ीकरण किया जायेगा।

### नदियों के स्त्रोत के कैचमेंट पर होंगे कार्य

जिले की महत्वर्पर्ण नदियों के स्त्रोत से वाटरशेड क्षेत्र में जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्य किये जायेंगे। रिमोट सेंसिंग और फील्ड सर्वेक्षण के आधार पर कार्ययोजना बनाकर एक वर्ष के भीतर कार्य पर्ण किया जाएगा। गेबियन संरचना, ट्रेंच, वृक्षारोपण, चेकडेम तालाब आदि कार्य समुदाय की भागीदारी से किये जायेंगे।

### सर्व समाज ने किया सुमन का पुतला दहन



**अशोकनगर।** आज अशोक नगर में सर्व समाज द्वारा उत्तर प्रदेश से समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन का स्थानीय गांधी पार्क पर पुतला दहन कर नारेबाजी की गई। मौके पर बाहरी पुलिस बल तैनात रहा सर्व क्षत्रिय महासंघ एवं करणी सेना भारत द्वारा तहसीलदार शंभू मीणा को सभापति के नाम ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में सपा सांसद रामजीलाल को सदन की गरिमा एवं इतिहास अध्ययन करने की बात की गई और सदस्य की सदस्यता निरस्त करने की मांग की गई इस अवसर पर गजराम सिंह राजपूत , अग्रसेन रघुवंशी , मनीष रघुवंशी , नरेन्द्र सिकरवार , राहुल पंडा , कप्तान राजपूत , अजय प्रताप रघुवंशी ,प्रमोद महाना , वरुण रेटाई , अमित सोलंकी, सोम चौहान , शिवराम सिंह सिकरवार, सूर्यांश राजपूत , प्रिंस रघुवंशी, अभिषेक शर्मा , राजन सिंह सोलंकी , योगेंद्र सिंह सोलंकी , गोल्डी राजपूत , कृष्णा राजपूत , जितेंद्र राजपूत , मोहित, मोनू राजपूत , कार्तिक शर्मा गौरव शर्मा विजय चौहान गोलू ओझा भरत सेन सतीश राय निक्की मीणा अमित धोरेटे , अंकित तोमर, चंद्रपाल सिंह गौर, साहब सिंह, जगपाल राजपूत इस अवसर पर सर्व समाज के युवा एकत्रित हुए।

## ब्रीफ न्यूज़

### एक अप्रैल को हर्षोल्लास से मनाई जाएगी मिनेश जयंती

**इंदौर।** मीणा समाज के आराध्य देव भगवान मिनेश की जयंती को लेकर प्रदेशभर के मीणा समाज में उत्साह का माहौल है। मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास रावत के नेतृत्व में प्रदेश में 31 मार्च से 15 अप्रैल तक मिनेश जयंती महोत्सव पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया गया। एक अप्रैल को इंदौर मीणा समाज ने वृहद पैमाने पर मिनेश जयंती महोत्सव मनाने का निर्णय लिया। मप्र मीणा समाज सेवा संगठन की इंदौर जिला इकाई के अध्यक्ष सत्यनारायण मीणा ने बताया कि एक अप्रैल को इंदौर में रेलवे कम्युनिटी हॉल में सुबह 10 बजे से स्वजातीय बंधुओं के सहयोग से मिनेश जयंती समारोह आयोजित किया गया है। अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास रावत करेंगे। मुख्य अतिथि मप्र मिनेश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष लालाराम मीणा, विधायक रमेश मैंदोला, पूर्व विधायक गणपत पटेल, आईपीएस अधिकारी विनोद मीणा, ऋषिकेश मीणा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष मीणा ने बताया कि समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और समाजसेवियों का सम्मान भी किया जाएगा।

**गांव-गांव और घर-घर दिए निमंत्रण:** जिलाध्यक्ष मीणा ने बताया कि इंदौर जिले के मीणा समाज निवासरत अनेक गांवों का भ्रमण कर मीणा बंधुओं को आमंत्रित करते हुए आग्रह किया कि वे एक अप्रैल को इंदौर में अपने ईष्ट देव भगवान मिनेष के जयंती महोत्सव में सपरिवार शामिल हों। इसी प्रकार इंदौर शहर में निवासरत मीणा बंधुओं को भी घर-घर जाकर आमंत्रित किया? है। श्री मीणा ने बताया कि जयंती महोत्सव को लेकर मीणा समाज में जबरदस्त उत्साह है। जिलाध्यक्ष मीणा ने बताया कि ऐसे आयोजन समाज की एकता, उन्नति व जाग्रति के लिए मील का पत्थर साबित होते हैं।

### आईटीआई की जमीन पर बसी कॉलोनी की फाइल कमिश्नर ने फिर खुलवाई

**इंदौर।** शासकीय भूमि पर कब्जा कर बसाई गई अंबे नगर कॉलोनी का मामला एक फिर खुल गया। 12 साल बीत जाने के बावजूद इस भूमि पर भूखंडों के अवैध कब्जे काबिज हैं। आईटीआई सुखलिया की सर्वे नंबर 596 की भूमि पर अंबे नगर कॉलोनी विकसित की गई थी, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्कालीन कलेक्टर ने कॉलोनाइजर पर रासुका भी लगाई थी। अब संभागायुक्त ने फिर जांच के निर्देश दिए है। अब उक्त जमीन का मौका मुआयना कर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। संभागायुक्त कार्यालय से भेजे गए पत्र के अनुसार एक समिति का गठन कर मौका स्थल का विस्तृत सर्वे करवाया जाना है। कॉलोनी के सर्वे में मुख्य रूप से यह देखा जाएगा कि वहां कितने परिवार निवास कर रहे है। उनमें से कितने परिवारों द्वारा मकान बनाकर कितनी भूमि पर अतिक्रमण किया गया है। उक्त मकान का निर्माण कच्चा है या पक्का यह भी देखा जाएगा। विस्तृत सर्वेक्षण रिपोर्ट में प्रत्येक रहवासी का नाम, उनका व्यवसाय, आय, परिवार के सदस्यों की संख्या, रहवासी या उसके परिजनों की अन्य स्थान पर भूमि, आवास की उपलब्धता की जानकारी भी तैयार की जाएगी।

### आयुक्त को लिखे लेटर में अभद्र व्यवहार करने का आरोप, पार्षद बोले- ये बदले की कार्रवाई

# निगमकर्मियों ने आयुक्त से की एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा की शिकायत

सत्ता सुधार ■ इंदौर

निगमकर्मियों ने एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा की शिकायत नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा से की है। उन्होंने एमआईसी मेंबर पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया है। निगमकर्मियों ने आयुक्त से इस घटना को संज्ञान में लेकर नियमानुसार कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। शिकायत में निगमकर्मियों ने कहा है कि 26 मार्च को उपायुक्त ऑफिस में अपर आयुक्त स्वास्थ्य स्थापना अनिल बनवारिया, उपायुक्त केएस सगर व अन्य के साथ लोकायुक्त की 89 फाइलों पर बातचीत कर रहे थे। इस दौरान अन्य निगम अधिकारी-कर्मचारी भी वहां मौजूद थे। इस दौरान शहरी गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के प्रभारी एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा मामा



वहां आए। उन्होंने अपर आयुक्त और उपायुक्त से तेज आवाज में कहा कि आपको बुलाया जाता है तो आप आते नहीं है। क्या बार-बार फोन लगाना पड़ेगा। क्या आप लोगों को अपनी भाषा में समझाना पढ़ेगा सहित अन्य बातें कही। उनके इस व्यवहार पर यूनियन नेता लीलाधर करोसिया ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि यूनियन भी यहां बैठी है और कर्मचारियों के हित की चर्चा चल रही है। उनके समझाने के बाद वे चुप हो गए और वहां से चले गए। गुरुवार रात को सोशल मीडिया पर एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा %मामा% का एक मैसेज वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि अपर आयुक्त द्वारा विभाग में मनमानी की जा रही है। उन्होंने मन से ही टेंडर जारी कर दिया और निरस्त भी कर दिया। उनसे कई बार जानकारी मांगी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसको लेकर मैंने एमआईसी बैठक में भी आपत्ति दर्ज कराई थी। उसका बदला लेने के लिए मुझ पर आरोप लगाए गए हैं। वे इसकी जानकारी महापौर व निगम कमिश्नर को दे चुके हैं। मामले में अपना पक्ष रखते हुए मनीष शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का मैं प्रभारी हूं। मुझे अव्यवस्थाओं के बारे में सूचना मिलती रहती है। मैंने पहले भी कई बार इस तरह की कार्रवाई करवाई है। अधिकारी काम न करे तो उन्हें काम के लिए किसी अधिकारी को बार-बार बोलना पड़ता है। अधिकारियों को पारदर्शिता रखना चाहिए। मैं विभाग में नियमित जाकर बैठूंगा। अधिकारी-कर्मचारी काम नहीं करेंगे तो कार्रवाई होगी।

# शहर में तैयार हो रहे डिजिटल बस स्टॉप, चार्जिंग की भी मिलेगी सुविधा

### पुराने बस स्टॉप को बदलने का काम शुरू, यात्रियों को बस स्टॉप पर दिखेगा कब आएगी बस

सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर के बस स्टॉप अब नए लुक में नजर आएंगे। पीपीपी मॉडल के तहत शहर के पुराने बस स्टॉप को बदलने का काम शुरू हो चुका है। बांबे हॉस्पिटल चौराहे पर एक डिजिटल बस स्टॉप तैयार किया जा चुका है। जिसमें डिजिटल स्क्रीन भी लगाई है। साथ ही यहां बैठने की उचित व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था के साथ ही रैम्प भी बनाया गया है। इसी तरह से शहर के 200 बस स्टॉप का बदलने का काम शुरू किया गया है। पूरे शहर में 400 बस स्टॉप को डिजिटल बस स्टॉप में बदला जाएगा। जिससे यात्रियों को काफी सुविधा मिल सकेगी। स्मार्ट सिटी सीईओ दिव्यांक सिंह ने बताया डिजिटल बस स्टॉप के लिए 200 जगह चिह्नित की गई है। वहां पर पीपीपी मॉडल पर डिजिटल बस स्टॉप तैयार किए जाएंगे। वर्तमान में शहर में कई जगह बस स्टॉप पुराने हो गए हैं, उन्हें सही करना है। बस स्टॉप का इन्फ्रास्ट्रक्चर बदला जा रहा है।




**यात्रियों को मिलेगी अलग-अलग सर्विसेज:** सीईओ दिव्यांक सिंह ने बताया कि इन डिजिटल बस स्टॉप पर यात्रियों को अलग-अलग सर्विसेज मिलेंगी। इसमें चार्जिंग की सर्विस, रैम्प, बैठने की अच्छी स्पेस के साथ ही डिजिटल डिसप्ले भी मिलेगा। इससे पता चलेगा कि कौन सी बस कब आ रही है, कितना समय उसे लगने वाला है। इस तरह की अन्य सुविधाएं भी दी जा रही है। इसके साथ ही इमरजेंसी नंबर की सूची भी यहां डिसप्ले की गई है।

**बाम्बे हॉस्पिटल पर डिजिटल बस स्टॉप हो चुका है तैयार:** शहर में 200 जगह है जहां पर डिजिटल बस स्टॉप तैयार किए जा रहे हैं। बांबे हॉस्पिटल पर डिजिटल बस स्टॉप तैयार किया जा चुका है। इसकी तर्ज पर ही बाकी की जगह पर भी काम शुरू किया जा रहा है। आने वाले समय में जल्द सभी जगह काम शुरू कर दिया जाएगा।

**ओपन लाइब्रेरी के साथ फीडिंग रूम भी:** दिव्यांक सिंह ने बताया कि बस स्टॉप के पास जहां पर जगह मिलेगी उसे ओपन फंग्शनल पब्लिक प्लेस की तरह हम इसमें काम करने की कोशिश कर रहे है। जहां बस स्टॉप के पास जगह होगी वहां पर ओपन लाइब्रेरी तैयार की जाएगी। इसके साथ ही फीडिंग रूम, ज्यादा जगह होने पर छोटा गार्डन भी डेवलप करने का प्लान किया गया है। एक नवाचार करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि 200 बस स्टॉप हम ले रहे है और 200 आईडीए को दिए है। इस तरह इंदौर शहर में कुल 400 बस स्टॉप तैयार किए जाएंगे।

#### एक डिजिटल बस स्टॉप 8 लाख की लागत से बनेगा

एक डिजिटल बस स्टॉप 8 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा। इन बस स्टॉप का काम जल्द शुरू हो जाएगा। शहर में अलग-अलग जगह इन्हें बनाया जाएगा। रीजनल पार्क, पालिका प्लाजा, बड़ा गणपति, एमजी रोड पलासिया चौराहा, संजय सेतु, वीआईपी रोड टाटा स्टील के पास, रामचंद्र नगर, एयरपोर्ट रोड, कालानी नगर, महू नाका, कलेक्टर ऑफिस, अग्रसेन चौराहा, सपना संगीता, अहिल्याश्रम, बड़वाली चौकी, परदेशीपुरा, एमवाय अस्पताल सहित अन्य जगह स्थान चिह्नित किए गए हैं।

# आभूषण कारखाने से प्रशासन ने 27 घरेलू सिलेंडर किए जब्त



सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर की मोरसेली गली में प्रशासन की टीम ने छापामार कार्रवाई की। यहां मेटल पिघलाकर आभूषण बनाने वाले कारखाने पर कई अनियमितताएं मिली। इस दौरान कारखाने से 27 घरेलू सिलेंडर जब्त किए। क्षेत्र की पांच दुकानों में भी पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम नहीं पाए गए। इतना ही नहीं यहां बाल श्रमिक काम करते मिले हैं। टीम ने कार्रवाई करते हुए संचालक के खिलाफ केस भी दर्ज किया है।

#### बंगाल से लाते है बाल श्रमिकों को

प्रशासन की छापेमारी में बाल श्रम का भी बड़ा मामला सामने आया है। यहां दुकान संचालक इन बाल श्रमिकों से काम कराते हैं। उनसे मेटल पिघलाने, तेजाब से धातु धोने का काम कराया जाता है। इन बच्चों को बंगाल से लाया जाता है और उनके माता-पिता को सालभर का पैसा इसके एवज में दिया जाता है। इस क्षेत्र में कई अन्य संस्थान हैं, जहां बाल श्रमिकों से काम कराया जा रहा है। प्रशासन अन्य क्षेत्रों की जांच भी करेगा और उनके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

#### खाद्य विभाग ने जब्त किए सिलेंडर

एसडीएम निधि वर्मा ने कमला टॉवर के जिस कारखाने पर छापा मारा है। वहां भी सिलेंडरों से धातु पिघलाकर ज्वेलरी बनाई जा रही थी, लेकिन सुरक्षा के इंतजाम नहीं थे। यहां से सिलेंडरों को खाद्य विभाग ने जब्त किया है। संचालक के खिलाफ केस भी दर्ज किया है।

# संस्थाओं में रहने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए संरक्षण समिति की बैठक



सत्ता सुधार ■ इंदौर

शहर में किशोर न्याय के तहत संचालित संस्थाओं में रहने वाले बच्चों के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण, सुरक्षा की विशेष व्यवस्था रहेगी। इन संस्थाओं से निर्धारित 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले आवासीय युवाओं के लिये आवास की विशेष व्यवस्था की जाएगी, जिससे की वे सुरक्षित जीवन यापन कर सकें और परेशान नहीं हो। यह जानकारी कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में हुई जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक में दी गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्थाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी आवासीय बच्चे को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। संस्थाओं में सभी आवश्यक इंतजाम रहे। बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया जाए। संस्था परिसर में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाए। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी नियमित निगरानी हो। बैठक में बताया गया कि इंदौर में 11 बाल देखरेख संस्थाएं संचालित हैं। इनमें से 4 शासकीय और 7 अशासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित की जा रही है। कलेक्टर ने बालक/बालिकाओं के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं जैपी.एम. केयर फॉर चिल्ड्रन योजना, मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, फॉस्टर केयर/स्पोंसरशिप योजना, ऑफ्टर केयर योजना, दत्तक ग्रहण योजना आदि की भी समीक्षा की। इस अवसर पर सीएमएचओ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला पंचायत जिला इंदौर के प्रतिनिधि, बाल कल्याण समिति, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग, जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग, जिला कौशल विभाग, जिला योजना अधिकारी, परियोजना अधिकारी और संस्थाओं के अधीक्षक उपस्थित थे।

### परीक्षा में फेल होने से तनाव में छात्रा ने दी जान



**इंदौर।** परीक्षा में फेल होने के बाद डिप्रेशन में आई एक छात्रा ने जहर खाकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि दूसरे प्रयास के बाद भी वह पास नहीं हो पाई तो यह कदम उठा लिया। संजय नगर राऊ की रहने वाली 18 साल की खुशी पिता संजय ने गुरुवार को घर पर जहर खा लिया। उसकी तबीयत बिगड़ने लगी तो परिजन इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से एमवाय अस्पताल रैफर कर दिया गया। इलाज के दौरान खुशी की मौत हो गई। परिजन का कहना है कि वह 12वीं की छात्रा थी। पिछले साल वह स्कूल में फेल हो गई थी। उसने दूसरी बार भी एग्जाम दी। उसमें भी वह फेल हो गई। इसी बात को लेकर वह तनाव में आ गई और जान दे दी। खुशी के पिता संजय मजदूरी करते हैं। परिवार में उसकी एक बहन और भाई है।

# निगम की टीम ने पुल के ऊपरी हिस्से के आसपास बनी रैलिंग और अन्य निर्माण तोड़े

### मालवा मिल से पाटनीपुरा जाने वाले पुल का काम शुरू

सत्ता सुधार ■ इंदौर

मालवा मिल से पाटनीपुरा जाने वाले वर्षों पुराने पुल की हालत जर्जर होने के चलते निगम द्वारा उसे तोड़कर नया बनाए जाने का काम शुरू कर दिया है। पुल के ऊपरी हिस्से में बनी रैलिंग और जालियां हटाने के साथ-साथ कुछ निर्माण भी तोड़े गए। नगर निगम अधिकारियों के मुताबिक वर्षों पुराने पुल की हालत अत्यधिक खराब थी और पूर्व में वहां सुधार कार्य कराए गए थे, मगर उसके बावजूद स्थिति खतरनाक होने के चलते नए पुल का निर्माण शुरू किया गया है। इसके चलते पुल के निचले हिस्से में नर्मदा की मेन सप्लाय लाइनों को शिफ्ट करने का काम चल रहा है। निगम द्वारा पुल के ऊपरी छोर के हिस्सों को तोड़ना शुरू कर दिया है। अब वहां तेजी से काम शुरू कराया जाएगा और



साथ ही इस मार्ग को आवागमन के लिए दो-तीन दिनों में बंद करने की तैयारी है। अफसरों का कहना है कि इसके लिए दो वैकल्पिक मार्ग हैं। इनमें एक मार्ग शिवाजीनगर से परदेशीपुरा होते हुए पाटनीपुरा तक है और दूसरा मार्ग जंजीरवाला से लक्ष्मी मेमोरियल हास्पिटल होते हुए सीधे अटल द्वार तक है। वाहन चालकों को इन दोनों वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के लिए सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे। मिल क्षेत्र का यह प्रमुख मार्ग है और अब पुल का काम चलने से करीब 4 से 5 महीने तक मार्ग बंद रहेगा। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई दुकानदार भी व्यापार को लेकर चिंतित हैं।

**सहयोग** 23 समाजों को 2-2 लाख तो दो समाजों को 8 लाख का सहयोग

# मंत्री विजयवर्गीय की पहल से 25 धर्मशालाओं का होगा जीर्णोद्धार

सत्ता सुधार ■ इंदौर

प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने निर्वाचन क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 में 25 समाज की समस्याओं के समाधान के लिए पहल की है। उनके निर्देश पर पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने इन समाज के प्रतिनिधियों को एक साथ बैठाकर बात की। उन्होंने 23 समाज को दो-दो लाख रुपए का सहयोग दिया, जबकि दो समाजों को 8 लाख का सहयोग दिया है।

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के निर्देश पर पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों की एक संयुक्त बैठक ली। इसमें इन समाजों के सामने मौजूद



समस्याओं पर बात की। इस दौरान विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने अपने समाज की धर्मशालाओं के जीर्णोद्धार के लिए आर्थिक सहायता देने का आग्रह किया। समाजों के प्रतिनिधियों से यह जानकारी भी ली गई कि उनके समाज की धर्मशाला की क्या स्थिति है और उसकी कितनी उपयोगिता है।

पूरी स्थिति समझने के पश्चात विजयवर्गीय ने इन सभी समाज की धर्मशाला के लिए आर्थिक सहायता को मंजूरी दी। इसके तहत कुल 25 धर्मशालाओं को धनराशि दी गई। बैठक में विभिन्न समाज के वरिष्ठजनों, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के पार्षदगणों एवं मंडल अध्यक्ष शामिल थे। इस योजना के तहत निमाड़ कोयला मोची समाज, जांगीड़ ब्राह्मण समाज सुवालका, राजस्थानी प्रजापति समाज, श्री पद्मवंशीय मारवाड़ी राठौर पंचायत समाज, नवयुवक लेखरा युवा संगठन, क्षत्रीय हल्दिया कुशवाह समाज, आदर्श क्षत्रिय खटीक समाज, मेवाड़ माली समाज नवयुवक समिति, श्री चैना माता लखेरा समाज, महानगर अहिरवार समाज, क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज, दामोदरवंशीय क्षत्रिय जूना गुजराती दर्जी समाज, तिरोले कुनबी पटेल समाज, क्षत्रिय ताम्रकार कसेरा समाज, श्रीश्री यादे प्रजापति बरदिया समाज, रघुवंशी समाज पारमार्थिक ट्रस्ट, सकल साहू कर्मा सामाजिक, श्री फलौदी शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट, श्री मारवाड़ा प्रजापति समाज, श्री केश्व समाज, नाथ योगी समाज, श्री वशिष्ठ मालवीय धोबी समाज पंचायत एवं अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज की कुल 23 धर्मशालाओं को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई। साथ ही मुराई मौर्य समाज को 5 लाख और क्षत्रिय धनगर समाज को 3 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई।

# ट्रक ड्राइवर से 5 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद



इंदौर। शराब की तस्करी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 5 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब जब्त की है। आरोपी इंदौर गुरजात में अवैध रूप से शराब सप्लाई करता था।चन्दन नगर थाना पुलिस को देर रात मुखबिर से सूचना मिली कि एक आईसर वाहन जिस पर पीले रंग कि तिरपाल लगी है जिसका नंबर एमपी 13 जीबी 0994 लिखा है। उस वाहन में ट्रांसपोर्ट माल के साथ बोरियों में अवैध शराब भरकर आईसर को कश्यप पेट्रोल पंप कि पार्किंग में खड़ा किया है जो गुजरात शराब लेकर जाने की तैयारी में है। सूचना पर चन्दन नगर पुलिस टीम द्वारा वाहन के चालक साजिद मंसूरी, ग्रीन पार्क कॉलोनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो वह आनाकानी करते हुए वाहन में क्रॉकरी आइटम व वायर होना बताया जिससे माल की बिल्टी के संबंध में दस्तावेज मांगे। वाहन में अवैध शराब का संदेह होने से वाहन की तलाशी ली गई।

# वन विभाग की टीम ने चंबल की रेत से भरा डंपर पकड़ा, ड्राइवर बोला कृषि मंत्री के बेटे बंकू नेताजी का है डंपर

## कारवाई होने के बाद पेट माफिया वाला बयान फिर गरमाया

सत्ता सुधार ■ मुरैना

गुरुवार की रात्रि वन विभाग के एसडीओ की टीम ने मुरैना गांव के पास से ट्रैक्टर ट्राली का पीछा करते हुए रेत से भरे एक डंपर को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर ड्राइवर ने बताया कि यह डंपर कृषि मंत्री के बेटे बंकू नेताजी का है और वह 10 दिन से ही डंपर चला रहा है। एक चक्कर लगाने पर 1000 रूपए मिलता है, यह खबर मीडिया में आने के बाद एक बार फिर से कृषि मंत्री वाला पेट माफिया का बयान चर्चाओं में आ गया है। वन विभाग द्वारा रेत से भरा डंपर पकड़े जाने के बाद पुलिस उसे अपनी कस्टडी में लेने से भी घबराती नजर आई और देर रात्रि को काफी मशक्कत के बाद उसे कोतवाली में रखा गया। जानकारी के अनुसार भूरा गायकवाड अधीक्षक राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण मुरैना के नेतृत्व में गेम रेंज देवरी, वन परिक्षेत्र मुरैना एवं गेम रेंज अंबाह स्टाफ को साथ लेकर अवैध रेत उत्खनन परिवहन की रोक थाम हेतु मुरैना से जौरा, कैलारस के आसपास के क्षेत्र में गस्त कर रहे थे, तभी एम रोड पर मुरैना के निकट कुछ ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध रेत परिवहन करते हुए दिखाई दिए, जब उनका पीछा किया तो वह मुरैना गांव की तरफ भागने लगे। इस दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली तो भाग गए, मगर एक डंपर





टीम के द्वारा पकड़ लिया गया। चालक से उक्त रेत के संबंध में वैद्य दस्तावेज नहीं पाए गए तथा रेत को देखने पर चंबल नदी की रेत होना पाया गया। खास बात यह है कि पकड़े गए डंपर पर पीछे बंकू भाई एवं एक अन्य नाम और मोबाइल नंबर लिखे हुए हैं। मीडिया को जैसे ही पता चला तो मौके पर पहुंची और डंपर चालक से बातचीत की तो उसने बताया कि उसे 10 दिन ही हुए हैं, जब से डंपर चला रहा है। पूछने पर चालक ने बताया कि यह डंपर कृषि मंत्री के बेटे बंकू नेताजी का है, इसके बाद मामला मीडिया में हाईलाइट हो गया और देर रात से जिले और प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस कार्यवाही के बाद हाल ही में कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंषाना द्वारा रेत माफिया को पेट माफिया बताए जाने का मामला फिर से गर्म हो गया है। अब लोग सवाल पूछ रहे हैं कि क्या नेताजी भी पेट माफिया है। वन विभाग की कार्यवाही के बाद एवं सोशल मीडिया पर यह जानकारी मिलने के बाद कि पकड़ा गया डंपर कृषि मंत्री के बेटे का है, तो पुलिस भी टेंशन में आ गई और कई घंटे तक डंपर को पुलिस कस्टडी में लेने से बचती रही। देर रात को कोतवाली पुलिस द्वारा उसे कोतवाली में रखवाया गया। इधर एसडीओ भूरा गायकवाड़ ने बताया कि डंपर को जप्त कर सुरक्षा हेतु सिटी कोतवाली के सुपुर्द में रखा गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 20 लाख रुपए है तथा एक आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय मुरैना में पेश किया जा रहा है।

**वायरल वीडियो में कृषि मंत्री पुत्र ने बताया छवि खराब करने की साजिश:** जिले एवं प्रदेश भर में मंत्री के पुत्र कप्तान सिंह उर्फ बंकू कंसाना नेताजी का डंपर पकड़े जाने की घटना के बाद कृषि मंत्री के पुत्र का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि मेरा उक्त रेत के डंपर से कोई लेना-देना नहीं है और ना ही कोई डंपर मेरे नाम से है, यह सब विरोधियों द्वारा छवि धूमिल किए जाने की साजिश है।

# दलित छात्रा के साथ शादी का झांसा देकर युवक, बड़े भाई व जीजा ने किया बलात्कार

### युवती का जबरन गर्भपात करने वाले भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ मनु शर्मा, पति राजेश शर्मा सहित 6 लोगों के विरुद्ध हजीरा थाने में मामला दर्ज

सत्ता सुधार ■ सबलगढ़

ग्वालियर रोड स्थित आर एल नर्सिंग कॉलेज की छात्रा के साथ आरोपी पुष्पेंद्र रावत ने शादी का झांसा देकर कई बार बलात्कार किया और फिर उसके जीजा एवं बड़े भाई से मदद मांगने पहुंची तो उन दोनों ने भी दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा गर्भवती हो गई और जैसे-तैसे पुष्पेंद्र के घर पहुंची तो घर वालों ने सबलगढ़ स्थित के.डी. हॉस्पीटल सन्तर नम्बर 04 डॉ. मनु शर्मा एवं डॉ. राजेश शर्मा के यहां इलाज हेतु भर्ती करवा दिया, जहां डॉक्टर के द्वारा उसका जबरन गर्भपात किया गया। न्याय के लिए संघर्ष कर रही नर्सिंग छात्रा ने इस संबंध में पुलिस महानिदेशक भोपाल, पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर, पुलिस अधीक्षक ग्वालियर, हजीरा थाना प्रभारी सभी को आवेदन दिए। मामले की जांच



के बाद हजीरा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 69, 64, 89, 351(3) के तहत तीन बलात्कारियों के साथ भाजपा नेता एवं डॉक्टर सहित 6 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय युवती निवासी ग्राम हरसकरी तहसील उचावर जिला रायबरेली उ.प्र. हाल निवासी गणेशपुरा मुरैना ग्वालियर रोड स्थित आर एल नर्सिंग कॉलेज में शिक्षा हेतु अध्ययनरत् है। जहां पर उसने वर्ष 2021 में प्रवेश लिया था। इसी दौरान दलित छात्रा की मुलाकात सहेली के दोस्त के दोस्त अनूप रावत से हुई और उसने पुष्पेंद्र रावत से मुलाकात कराई। पुष्पेन्द रावत ने छात्र का नंबर लेकर शादी का वादा कर चार शहर का नाका ग्वालियर में रहने वाले अपने भतीजे कुलदीप रावत के यहां 28 मार्च 2024 को बुलाया और उसके साथ जबरन बलात्कार किया। उस दौरान आरोपी पुष्पेंद्र रावत ने उसका अश्लील वीडियो भी बनाया, जिसका विरोध किया तो जान से मारने की धमकी दी। वीडियो बनाने के बाद पुष्पेंद्र से आए दिन ब्लैकमेल करने लगा तथा 5 अप्रैल 2024 को उसके गणेशपुरा स्थित मकान पर जाकर उसके साथ जबरन बलात्कार किया। इस दौरान वह गर्भवती हो गई और पुष्पेंद्र से शादी के लिए दबाव बनाने लगी। पुष्पेंद्र द्वारा उसे जान से मारने की धमकी देने के बाद मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। दलित छात्रा ने जब उसके जीजा पान सिंह रावत से मदद मांगी तो उसके द्वारा शादी करवाने का झांसा देकर गाड़ी से उसे जौरा ले गया और अपने मकान पर ले जाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया तथा पान सिंह द्वारा भी उसे रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। दलित छात्रा ने पुष्पेंद्र के चचेरे भाई पुलिस आरक्षक अतेन्द रावत जो कि ग्वालियर में पदस्थ है, उससे भी मदद मांगी, लेकिन उसने मदद से इनकार कर दिया। इसके पश्चात उक्त दलित छात्रा द्वारा पुष्पेंद्र के बड़े भाई अरविंद को 18 जुलाई 2024 को मोबाइल फोन कर मदद मांगी तो उसने सबलगढ सन्तर नम्बर 04 पर बुलाया और छात्र को मरघट के आगे जंगल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा विरोध करने पर गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। नर्सिंग की दलित छात्रा किसी तरह जानकारी लेते हुए 26 अगस्त 2024 की शाम को पुष्पेंद्र के गांव बरोठा विजयपुर उसके घर पर पहुंच गई, जहां उसने उसकी माँ एवं बड़ी बहन रीना और छोटी बहन राधा एवं अन्य लोगों को पुष्पेंद्र, पान सिंह एवं अरविंद की करतूत के बारे में बताया और बताया कि वह प्रेग्नेंट है तथा दर्द से तड़प रही है। 27 अगस्त 2024 को पुष्पेन्द्र की बड़ी बहन रीना और उसका बडा भाई अरविन्द रावत मोटरसाईकिल से पेट दर्द के इलाज हेतु सबलगढ़ के के.डी.हॉस्पीटल सन्तर नम्बर 04 मै डॉ. मनु शर्मा एवं डॉ. राजेश शर्मा के यहां इलाज हेतु भर्ती करवा दिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ मनु शर्मा एवं डॉ राजेश शर्मा द्वारा आरोपियों के परिवार वालों के साथ मिलकर दलित छात्रा का जबरन गर्भपात करवा दिया गया। छात्रा द्वारा इस दौरान डॉक्टर और बच्चे का फोटो खींच लिया तो उसे डिलीट करवा दिया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ मनु शर्मा के पति राजेश शर्मा ने दलित छात्रा को धमकी दी और कहा कि तुम्हारे कॉलेज के डायरेक्टर मेरे मित्र हैं, अगर इस संबंध में किसी को कुछ बताया तो तुम्हें फैल करवाकर कॉलेज से निकलवा दूंगा।

## सभी संस्थाएं एकजुट होकर समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाएं: मित्तल

सत्ता सुधार ■ मुरैना

मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा ग्वालियर द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में फूलों एवं गुलाल की होली खेली गई तथा सम्मान समारोह का रंगारंग आयोजन किया गया, जिसमें समाज बंधुओ ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एकता को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल ने समाज सेवा के क्षेत्र में संस्था के योगदान को विस्तार से अवगत कराया। आने वाले समय में विकास की गति तेज करने की कोशिश और नई योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महासभा के संरक्षक विशिष्ट अतिथि रमेश अग्रवाल पूर्व विधायक ग्वालियर, अशोक गोयल अध्यक्ष महासभा ग्वालियर, संरक्षक मुकेश अग्रवाल, परिचय सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश ऐरन, जिलाध्यक्ष महासभा मुकेश



अग्रवाल, सुभम सिंघल, राम किशन सिंघल, शिवशंकर अग्रवाल, श्रीमती ममता अग्रवाल और नरेंद सिंघल सहित सभी संस्था के गणमान्य सदस्यों ने सभा में अपने विचार व्यक्त किए और विकास को बढ़ावा देने का मार्गदर्शन कर सभी को समाज हित मैं कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि अशोक गोयल ने संस्था को महाराज अग्रसेन भवन निर्माण हेतु जो 5 बीघा जमीन दी है। .उस महान कार्य को शीघ्र आगे बढ़ाने हेतु सभी गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी सहमति दी, जिस पर शीघ्र ही विशाल अग्रसेन भवन बनाए जाने के लिए सभी का सहयोग और कार्य को पूरा करने का निर्णय लिया गया। संस्था की सभी महिलाओं को सभी अतिथियों द्वारा सम्मानित भी किया गया और नए सदस्यों को ऊर्जा के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।

## पं. गोपालदास वरैया जन्म जयंती 30 को मनाई जाएगी

**मुरैना।** जैन संस्कृत महाविद्यालय मुरैना के संस्थापक पंडित गोपालदास वरैया की जन्म जयंती 30 मार्च को मनाई जाएगी। श्री गो.दि. जैन संस्कृत विद्यालय मुरैना के प्राचार्य पंडित चक्रेश जैन शास्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुनाम गुरु गोपालदास वरैया ने आज से लगभग 123 वर्ष पूर्व मुरैना नगर में एक विद्यालय की स्थापना की थी। उनके द्वारा स्थापित विद्यालय आज एक बटवृक्ष का रूप ले चुका है और श्री गोपाल दिगंबर जैन संस्कृत विद्यालय मुरैना के नाम से संपूर्ण भारतवर्ष में अपनी पताका फहरा रहा है। विगत वर्षों को भांति इस वर्ष भी विद्यालय परिवार पूज्य गुरुनाम गुरु पंडित गोपालदास वरैया की जयंती 30 अप्रैल को संस्कृत विद्यालय के प्रांगण में मनाई जा रही है। इस अवसर पर पूर्व में विद्यालय से शिक्षा प्राप्त विद्वान पंडित अरविंद कुमार जैन शास्त्री गुलगंज (रुड़की) को सम्मानित किया जायेगा।

## रहस्यमय परिस्थिति में गोली लगने से युवक घायल, पुलिस मामले की जांच में जुटी

सत्ता सुधार ■ मुरैना

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के सिकरौदा गांव में शुक्रवार की दोपहर एक युवक को रहस्यमय परिस्थितियों में पैर में गोली लगी और वह घायल होकर जिला अस्पताल पहुंचा, जहां उसका इलाज चल रहा है। इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की गई तो कहीं भी गोली चलने की आवाज पड़ोसी तो दूर घर वालों तक ने नहीं सुनी है। इधर जानकारी मिली है कि पेट्रोल डीजल बेचने के विवाद पर झगड़ा हुआ है और युवक ने स्वयं पैर में गोली मार ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिकरौदा थाना सिविल लाइन मुरैना निवासी नरेंद्र शर्मा पुत्र अशोक शर्मा 26 वर्ष के पैर में गोली लगने से वह घायल



हो गया और जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। इस मामले में सिविल लाइन थाना इंचार्ज प्रीति जादौन ने बताया कि घटना स्थल पर होटल दुकान वालों से जानकारी ली तो किसी ने गोली चलने की बात नहीं कही है, वहीं उसके घर वाले भी मना कर रहे हैं, मामला संदिग्ध है। इधर घायल युवक के द्वारा जिन लोगों पर हमला किए जाने का आरोप लगाया गया है, उनके द्वारा अस्पताल में मीडिया को बताया गया कि नरेंद्र ने स्वयं पैर में गोली मारी है। दोनों पार्टियों के बीच डीजल पेट्रोल बेचने का विवाद बताया जा रहा है। फिलहाल सिविल लाइन थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### रोटरी कैम्प में श्रीमती रितु का हुआ निःशुल्क ऑपरेशन

**मुरैना।** रोटरी मेडीकल मिशन राहत नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर में आयी रितु पति पवन उम्र 35 वर्ष पता हाथरस बताती है कि उनका मुरैना जिला चिकित्सालय में बच्चे दानी का ऑपरेशन सफलता पूर्वक हुआ। वह कहती है कि यदि यही ऑपरेशन उनका प्राइवेट अस्पताल में हुआ होता तो वह कर्जे में डूब जाती। वह कहती है कि राहत शिविर में मेरा नि:शुल्क ऑपरेशन होने पर वह इस आर्थिक बोझ से बच गई है। इसके लिए वह जिला प्रशासन एवं रोटरी की टीम को बहुत धन्यवाद देती है।

## 5वीं और 8वीं का रिजल्ट जारी, विक्टर स्कूल के सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण

सत्ता सुधार ■ मुरैना

विगत शुक्रवार को म.प्र. बोर्ड ने कक्षा 5वीं व 8वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी कर दिया। विक्टर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल की कक्षा 5वीं और 8वीं में पढ़ने वाले सभी छात्रों ने प्रथम श्रेणी से बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस लिहाज से विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत सफल रहा है। छात्रों ने अपनी मेहनत एवं अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन से विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन किया है।



यहां बता दें कि कक्षा 8वीं में निशिता कुशवाह ने 94.7, तनुष्का तोमर ने 93.8, प्रथम शर्मा ने 91.5 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इन छात्रों के अलावा सभी छात्र 80 से 90 प्रतिशत अंक लेकर पास हुए हैं। इसी के साथ कक्षा 5वीं साक्षी देवी ने 93, रिषिका बघेल ने 91.3, अंश प्रताप सिंह ने 90.3 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। बता दें कि विक्टर स्कूल की कक्षा 5वीं एवं 8वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। इसके साथ ही सारे विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## 8 वर्षीय देवेश कुशवाह का रोटरी के खर्चे पर मुम्बई में लीवरट्रान्सप्लांट

सत्ता सुधार ■ मुरैना

ग्लोबल हॉस्पीटल मुम्बई से आये डॉ. अनिल सिंह ने कैलारस निवासी 08 वर्षीय देवेश कुशवाह का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच परीक्षण के उपरांत डॉ. अनिल सिंह ने बताया कि इनका लीवरट्रान्सप्लांट किया जायेगा, किन्तु इसके लिये ग्लोबल हॉस्पीटल मुम्बई होना संभव है। इस पर पिता की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, तब मौके पर रोटरी के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने कहा कि इस बच्चे का खर्च रोटरी उठायेगी और 08 वर्षीय देवेश कुशवाह के पिता ने लीवरट्रान्सप्लांट देने की सहमति दी है। डॉक्टर अनिल सिंह ने बताया कि राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा और आलोक के चर्चा अनुसार मैं यहां आया हूं। ओपीडी में मुझे ये बच्चा दिखा, जो मैंने फाइल्स



देखी, उसमें मैंने देखा कि इसमें से लिवर ट्रांसप्लांट की आवश्यकता है। यह अहमदाबाद भी होकर आया है और जिसमें यही बताया गया है कि इस लिवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है तो जब भी हम लिवर ट्रांसप्लांट करते हैं तो वह दो तरीके से होता है। एक दाता होता है, जिससे लीवर लिया जाता है और 20 से 30 प्रतिशत बच्चों के लिए और एडल्ट के लिए 60 से 70 प्रतिशत लिया जाता है। जिसमें कोई दिक्कत नहीं होती, उनके दादाजी भी साथ में आए हैं। अगर वह फिट होते हैं तो उनकी इन्वेस्टिगेशन होंगे, हम चाहेंगे कि यह बच्चे अच्छी जिंदगी जिए और मध्यप्रदेश का नाम रोशन करें, जैसे हम करने की कोशिश कर रहे हैं।

### ख्याति प्राप्त डॉक्टर कर रहे है मरीजों का इलाज

**मुरैना।** चंडीगढ़ से आए डॉक्टर मनजीत सिंह जो कि एक नेत्र रोग विशेषज्ञ है। बताते है कि उन्होंने नेत्र रोग में मास्टर्स की पढ़ाई की है। उनका कहना है वह मध्यप्रदेश के कई जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके है, साथ ही साथ अफ्रीका के कई राज्यों में जहां पिछड़ापन था, वहां भी उन्होंने कई नेत्र ऑपरेशन नि:शुल्क किए हैं। वह अभी तक 50000 के लगभग सफल ऑपरेशन कर चुके है।

# सैकड़ों किसानों ने तहसील पर प्रदर्शन कर दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ कैलारस

शंभू और खनौरी बॉर्डर पर गत 1 वर्ष से आंदोलन कर रहे किसान जिनकी प्रमुख मांग न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी की गारंटी का कानून बनाने और किसान कर्ज माफी प्रमुख थी, उस आंदोलन को बातचीत के बहाने पंजाब की आम आदमी की सरकार ने केंद्र सरकार से मिलकर भीषण दमन किया है। सैकड़ो किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। किसानों के टेंट आदि उखाड़ दिए गए हैं। दमनात्मक कार्यवाही की गई है। उसके विरोध में 550 से ज्यादा किसान संगठनों के संयुक्त किसान मोर्चा ने सरकार के दमनात्मक रवैया के खिलाफ किसानों की मांगे पूरी करने के लिए



28 मार्च को देशव्यापी आंदोलन के आह्वान पर सैकड़ो किसानों ने तहसील कार्यालय पर एकत्रित होकर जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन तहसीलदार को दिया। इस दौरान हुई किसानों की सभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवारी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष गयाराम सिंह धाकड़ ने कहा कि किसानों की स्थिति दिनों दिन खराब होती जा रही है। न्यूनतम समर्थन घोषित नहीं किया जाता है। न हीं उस पर खरीदी की गारंटी का कानून बनाया गया है। इसके बारे में मोदी सरकार ने 9 दिसंबर 2021 दिल्ली किसान आंदोलन के दौरान लिखित में आश्वासन दिया था। उसके बाद भी किसानों की मांगे पूरी नहीं की गई है। किसानों की कर्ज मुक्ति भी नहीं की गई है। एक तरफ 10 वर्षों में 16 लाख करोड रुपए कॉर्पोरेट्स के माफ किए गए हैं किसानों का एक रूपया अभी मॉफ नहीं किया गया है। हालत इतनी ज्यादा खराव है कि 31 किसान प्रतिदिन आत्महत्या कर रहे हैं। सरकार उनकी सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के दमनात्मक रवैया का पुरजोर विरोध किया जाएगा और आगे आने वाले दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन और ज्ञापन की कार्रवाई का नेतृत्व कन्हैयालाल धाकड़, भौरूलाल, बनवारीलाल, सुरेश चंद्र, महेश प्रजापति, डा0 रामकुमार श्रीवास, उदयराज सिंह, सियाराम निरारा, यशवंत सिंह यादव, छविराम प्रजापति, सुमेर सिंह सरपंच, दिनेश धाकड़, रामजी लाल प्रजापति, जालिम शाक्य आदि ने किया है।

## छात्रा तमन्ना गुप्ता को 5वीं कक्षा में मिले 86 प्रतिशत अंक

**जौरा।** मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 24 फरवरी से 1 मार्च तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर संपन्न कराई गईं कक्षा 5 वीं व 8 वीं की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार दोपहर पोर्टल पर जारी किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही अपनी परीक्षा का परिणाम जानने के लिए स्कूल संचालक व छात्र छात्राओं के अविभावकगणों ने कंप्यूटर लैपटॉप व मोबाइल फोन के जरिए समग्र आईडी अथवा रोल नंबर के जरिए अपने-अपने परीक्षा परिणाम प्राप्त किए। वहीं कस्बे के किड्स जॉन पब्लिक स्कूल में अध्यनरत कक्षा पांचवी से अंग्रेजी मीडियम की



छात्रा कु. तमन्ना गुप्ता पुत्री विजय गुप्ता पत्रकार ने 400 में से 344 अंको के साथ 86 प्रतिशत अंक हासिल कर ए प्लस रेंक प्राप्त की है। छात्रा तमन्ना गुप्ता की इस सफलता पर विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर जगदीश गुप्ता व अन्य शिक्षक शिक्षकाओ ने मिठाई खिलाकर बधाई दी है।

## ब्रीफ न्यूज

### राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने 8 सुत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



**खरगोन।** गुरुवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के पदाधिकारियों ने किसानों के ज्वलंत मुद्दों को लेकर किए प्रदर्शन के दौरान की। एसडीएम कार्यालय परिसर में इकट्ठा हुए पदाधिकारियों ने 8 सुत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया। महासंघ के प्रांतीय पदाधिकारी गोपाल पाटीदार, जिलाध्यक्ष किशोर पाटीदार, सीताराम इंगला आदि ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन बताया कि वर्तमान में रबी फसल कटाई का दोर चल रहा है। ऐसे में सोसायटियों की ऋण वसूली का तकादा न लगाया जाए। इसकी तारीख 30 मई तक बढ़ाई जाए। इसके अलावा देशगांव से जुलवानिया तक फोर लाईन स्वीकृत हुई है, इसमें किसानों कि अधिग्रहित जमीन का बाजार मूल्य दिया जाए। ज्ञापन में आरोप लगाया कि सीसीबी एमडी द्वारा अवैध तरीके से तीन चरण में खाद प्रचार के नाम पर लाखों रुपए की गड़बडी की गई है, जिसका पूर्व में आयुक्त द्वारा कथन होने के बाद आज तक रिपोर्ट नही दी गई। उक्त मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई की जाए। इसके अलावा अन्य मांगें शामिल है।

### कक्षा 9वीं चयन प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, आरक्षित अंकों के आधार पर मिलेगा प्रवेश

**खरगोन।** जिला उत्कृष्ट विद्यालयो में कक्षा 9वी में चयन के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसके आधार पर प्रवेश प्रक्रिया के आवेदन वितरण प्रक्रिया भी शुरु हो गई है। उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य राजेंद्र पाटीदार एवं प्रवेश प्रभारी मुरलीधर खोड़े ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने कक्षा 9वी में चयन प्रवेश परीक्षा 2025 हेतु ऑनलाइन फॉर्म भरा था वे इंटरनेट से अंकसूची प्राप्त कर सकते है। जिला उत्कृष्ट विद्यालय में 1 अप्रैल से कार्यालयीन समय में प्रवेश फार्म ले सकते है। स्कूल में तय 240 सीटों पर आरक्षण के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा, जिसके लिए भोपाल से प्राप्त सूची अनुसार अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम अंक 41, अनुसूचित जनजाति वर्ग के न्यूनतम अंक 41, पिछड़ा वर्ग के न्यूनतम अंक 44 तथा अनारक्षित वर्ग के न्यूनतम अंक 53 निर्धारित किए गए है। जिन विद्यार्थियों के प्रवेश प्रक्रिया में आरक्षित अंक है वे विद्यार्थी कक्षा 9वी हेतु प्रवेश आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। 21जून 2025 से प्रथम प्रतीक्षा सूची में दर्ज विद्यार्थियों को ही केवल प्रवेश दिया जावेगा।

# पुनासा जनपद पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज

## 19 सदस्यों ने समर्थन में दिया आवेदन

सत्ता सुधार ■ खंडवा

पुनासा जनपद पंचायत अध्यक्ष राव पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को खारिज हो गया। लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक खींचतान का अंत मान्धाता विधायक नारायण पटेल व भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर के हस्तक्षेप के बाद हुआ।

**19 जनपद सदस्यों ने दिया समर्थन :** गुरुवार शाम को जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव सहित 19 सदस्यों ने कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के समक्ष उपस्थित होकर लिखित आवेदन दिया, जिसमें 16 दिन पहले दिए गए अविश्वास प्रस्ताव को खारिज करने की मांग की गई।

**जनपद अध्यक्ष के पक्ष में समर्थन देने वालों में प्रमुख सदस्य :** मुकेश यादव (जनपद उपाध्यक्ष), जवाहिरीलाल बोरयाले, सूरजपाल सिंह सोलंकी, रीना रंजीत ठाकरे, मौसम अभिषेक ठाकरे, धर्मेंद्र यादव, दयाल सोलंकी, दुलीचंद बावसकर, सोनू बावसकर, गोविंद मनसारे, नाना डाकसे, श्रीराम सहित कुल 19 जनपद सदस्य शामिल रहे।



कलेक्टर को सौंपे गए इस आवेदन के बाद जनपद अध्यक्ष राव पुष्पेंद्र सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की संभावनाएं समाप्त हो गई हैं। हालांकि, इस घटनाक्रम के राजनीतिक असर पर सभी की नजरें बनी हुई हैं। क्या यह मामला पूरी तरह समाप्त हो गया है, या फिर भविष्य में कोई नया मोड़ लेगा? यह देखना दिलचस्प होगा।

**कैसे बदला पूरा मामला?**

पुनासा जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था, जिससे पंचायत में अस्थिरता की स्थिति बनी हुई थी। लेकिन इस राजनीतिक विवाद के बीच मान्धाता विधायक नारायण पटेल और भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर ने हस्तक्षेप कर मध्यस्थता की। उनके प्रयासों के बाद अविश्वास प्रस्ताव का विरोध बढ़ गया, और अंततः 19 जनपद सदस्यों ने अध्यक्ष के समर्थन में आवेदन देकर प्रस्ताव को ही खारिज करवा दिया।

# एक अधीक्षक को मिला दो छात्रावासों का प्रभार
# छात्रावास के संचालन में अंधेर गर्दी का आलम

सत्ता सुधार ■ हरदा

जिले के छात्रावासों के संचालन में अंधेर गर्दी का आलम है। शासन द्वारा जारी गाइडलाइन की अनदेखी करते हुए छात्रावास का संचालन कर जहां एक और बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर शासन के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। छात्रावास भवन की देखरेख और मरम्मत के करण लापरवाही बरती जा रही है। इसके कारण नए भवन खंडहर और जर्जर स्थिति में पहुंच गए हैं। गुणवक्ता युक्त शिक्षा ट्यूशन और भोजन व अन्य सुविधाओं में कोताही वरती जा रही है। जिले में अनुसूचित वर्ग के कुल 18 और जनजाति वर्ग विभाग जिले में कुल 21 छात्रावास संचालित है। जिसमें शासन के आदेशों की अनदेखी करते हुए घोर अनियमित्ता की जा रही है।

जिले में तमाम छात्रावास अधीक्षकों को एक से अधिक छात्रावास का प्रभार दिया गया है। जिसकी आड़ में नदारद रहते हैं। कोई निरीक्षण करने पर पहुंचता है तो दूसरे छात्रावास की होने की बात कह कर अपना बचाव करते हैं। श्रीमती प्रमिला धोतरे से उत्कृष्ट कन्या, विकासखंड उत्कृष्ट कन्या छात्रावास हरदा का प्रभार है। इसी तरह श्रीमती ममता मर्सकोले को जूनियर-सीनियर कन्या छात्रावास रहटगांव का प्रभार है। श्रीमती शांति धोत्रे को पीपल्या और खुदिया छात्रावास का प्रभार है। दो छात्रावासों का प्रभार मिलने के कारण काम की बोझ की आड़ में नदारद रहते हैं जिसके कारण छात्रावास भगवान भाव से संचालित है।



**निरीक्षण के काम पर खानापूर्ति :** जिले के छात्रावासों के निरीक्षण के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है। अधीक्षक नदारद रहते हैं। सुविधाओं में कमी बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा, भोजन व अन्य सुविधाओं जो नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण गरीब तबके के बच्चे मजबूरी में छात्रावास में रहकर समय काट रहे हैं। छात्रावास में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों की उपलब्धि पर गौर किया जाये तो और पिछले एक दशक से परीक्षाफल के रिकॉर्ड पर गौर किया जाये तो हकीकत सामने आ जायेगी और छात्रावास अधीक्षक से और वहां की सुविधाओं की पोल खुल जायेगी ।

**मरम्मत पुताई में भ्रष्टाचार -**

छात्रावास के मरम्मत पुताई आदि के खर्च का पता लगाया जाये तो अभिलेख में व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार का सनसनी केस का मामला प्रकाश में आ जायेगा। कागजों पर राशि खर्च करके हजम कर ली गई है। जांच की मांग जोर पकड़ती है। जिसे ले देकर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है और किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। ऐसा वर्षों से किया जा रहा है, जिसे कोई देखने और सुनने वाला नहीं है।

**निरीक्षण संचालित रिपोर्ट में खुलेगी पोल :** जिले के छात्रावासों की निरीक्षण जांच रिपोर्ट को देखा जाए तो किस छात्रावास का किसने कब निरीक्षण किया और क्या कमियां पाई गई, इसका पता लगाया जाये तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। नियमों को ताक पर रखकर कर्तव्य निर्वहन में अनियमिता की जा रही है। पद एवं अधिकार का दुरूपयोग किया जा रहा है। बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ के साथ-साथ शासन के आदेश का खुलेआम आवहेलना की जा रही है ।

# शहडोल जिला 'क्लबफुट मुक्त' घोषित



### वर्ष 2024-25 में कुल 52 बच्चों का किया गया क्लबफुट उपचार एवं आपरेशन

सत्ता सुधार ■ शहडोल

राज्य शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत 0 से 18 तक बच्चों का आर.बी.एसए. के टीम द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर उन्हें चिन्हित कर जन्मजात विकृति की पहचान कर उनका उपचार अनुबंधित अस्पतालों में निःशुल्क उपचार एवं शल्य क्रिया करायी जाती है।

शहडोल जिले में भी कलेक्टर डॉ केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश मिश्रा के निर्देशन में आर.बी.एस.के की विकासखण्ड स्तरीय टीम सतत रूप से कार्य कर रही है। और इनके सफल क्रियान्वयन के कारण जिले में 02 वर्ष से 18 वर्ष तक के कुल 52 बच्चों का क्लबफुट उपचार एवं आपरेशन वर्ष 2024-25 में कराकर जिले को क्लबफुट मुक्त जिला बनाया गया है। उक्त कार्य में डॉ. अरविन्द अम्बेडकर अस्थिरोग विशेषज्ञ, डॉ. सुप्रिया शिशु रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय शहडोल, आर.बी.एस. के. चिकित्सक दल के सहयोग से वर्ष 2024-25 में जिले को क्लबफुट मुक्त किया गया।

# कलेक्टर श्री सिंह ने गेहूँ व चना उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया



सत्ता सुधार ■ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह ने शुक्रवार को टिमरनी तहसील के ग्राम करताना, तजपुरा व सोनखेड़ी स्थित गेहूँ व चना उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उप संचालक कृषि श्री जवाहरलाल कास्दे, जिला आपूर्ति अधिकारी व सहायक पंजीयक सहकारिता वासुदेव भदोरिया, एसडीएम महेश बड़ोले, तहसीलदार डॉ. प्रमेश जैन सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

**तुलाई का कार्य समय पर शुरू करने के निर्देश :** निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने उपार्जन केन्द्र पर आये किसानों से भी चर्चा की। उन्होने अधिकारियों को उपार्जन केन्द्र पर तौल कांटे, पर्याप्त संख्या में हम्माल और बारदाने की उपलब्धता, नमी मापक यंत्र की उपलब्धता के संबंध में निर्देश दिये। उन्होने कहा कि सभी उपार्जन केन्द्रों पर प्रातः 8 बजे से गेहूँ व चना तुलाई का कार्य प्रारम्भ हो जाए ताकि किसानों को अधिक इंतजार नहीं करना पड़े और जिस दिन किसान आये, उसी दिन उसकी फसल तुल जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने एसडीएम श्री बड़ोले को निर्देश दिये कि क्षेत्र के उपार्जन केन्द्रों का सुबह के समय नियमित रूप से निरीक्षण करें और वहां की व्यवस्थाओं पर नजर रखें।

### बलाही समाज संघ खंडवा के नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल

**खंडवा।** मध्य प्रदेश बलाही समाज संघ की जिला इकाई खंडवा के नव-निर्वाचित जिला अध्यक्ष बसंत ढाकसे और कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कल 30 मार्च, रविवार को गुड़ी पड़वा एवं हिंदू नववर्ष के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम किशोर कुमार सभागार में दोपहर 12 बजे से शुरू होगा, जिसमें जिलेभर से सैकड़ों कार्यकर्ताओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील होंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में विधायक कंचन तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े और महापौर अमृता यादव मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अमृत लाल बाविसा करेंगे। इसके अलावा, विशेष अतिथियों में शामिल होंगे - धार जिला अध्यक्ष एफ.एस. जगदाले, अजाक्स संभागीय महासचिव के.बी. मंसारे, भाजपा नेता मुकेश तनवे, कांग्रेस नेता मोहन ढाकसे, एसडीओ तिलक यादव, मुख्य कार्यपालन अभियंता, नर्मदा घाटी विकास मनीष पचोरे, अधीक्षण अभियंता, विद्युत वितरण कंपनी इंदौर दिलीप गांठे, मुख्य अभियंता, विद्युत वितरण कंपनी पी.सी. निमारे।

**समाज बंधुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील :** कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मानकचंद कनाडे, कालुराम ढाकसे, प्रवीण ढाकसिया, दिलीप कुमार इंगले, नरेश गोयल, राजेंद्र माणिक, भगवान पाचोरे, शंकर कनाडे, राकेश मोहे, बजरंग पांडे, संजय कनाडे और रमेश हिरवे ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# पोषण भी, पढ़ाई भी थीम के तहत दिया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण



सत्ता सुधार ■ शहडोल

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग अन्तर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों की आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को बच्चो के विकास के आयामों के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाने के उद्देश्य से आंगनवाडी एवं मिशन पोषण 02 अन्तर्गत 'पोषण भी, पढाई भी' थीम के तहत् तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिले में संचालित समस्त आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को प्रदान किया गया।

पोषण भी, पढ़ाई भी प्रशिक्षण अन्तर्गत आंगनवाडी कार्यकर्ताओ को 03 से 06 वर्ष के बच्चो में शाला पूर्व शिक्षा की आधारशिला एवं 0 से 03 वर्ष के बच्चो में नवचेतना गतिविधियों के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण आयोजित किए गए। तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिवस पढाई-विषय पर प्री-टेस्ट, अपेक्षानुसार वातावरण, पोषण भी पढाई भी के लिए तर्क, प्रारंम्भिक बाल शिक्षा के महत्व, बच्चो की आकांक्षाओ की समझ, बच्चों में विकास के क्षेत्रो का परिचय, भाषा और साक्षरता विकास, अधिगम सहायको का महत्व (टी.एल.एम.) शैक्षणिक सामग्री व अधिगम सामग्री का निर्माण, कक्षा का संचालन एवं बच्चो के लिए एक दिनचर्या की योजना बनाना आदि विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पोषण-विषय पर स्वस्थ बच्चे और मानव जीवन चक्र में पोषण की भूमिका के बारे में चर्चा, पोषण संबंधी उपायो पर चर्चा और प्रस्तुति, माइक्रो सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी विकारों पर चर्चा एवं प्रस्मृति, पोषण परामर्ष पर नाटिका, सेम-मेम बच्चो की पहचान रोकथाम प्रबंधन, स्तनपान के लाभ, स्तनपान की प्रारंम्भिक शुरूआत और कोलोस्ट्रम के लाभो की समझ, उचित स्थिरता और खाद्य विविधता के साथ आयु-विशिष्ट पूरक पोषण आहार का महत्व, 03 से 06 वर्ष के बच्चो के लिए पोषण एवं संतुलित आहार और आहार विविधता का महत्व, व्यक्तिगत स्वच्छता व सफाई, विकास निगरानी व मूल्यांकन के तकनीकें, बाल विकास में माता-पिता और समुदाय को शामिल करने का महत्व व रणनीतियां एवं बच्चो की सुरक्षा एवं संरक्षण विषय पर प्रशिक्षण मात्र ट्रेनरों द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस पोषण भी,पढाई भी-दिव्यांगता की पहचान समावेशन के अधिकार पर सामूहिक चर्चा, जांच अनुसूचियों पर केस स्टडी और चर्चा, बाल पालन प्रणालियों की देख-भाल करने वाले के प्रति जागरूकता पर सामूहिक चर्चा, 0 से 3 वर्ष के पोषण पर चर्चा, एक शिक्षण केन्द्र के रूप में मेरी आंगनवाडी एवं प्रशिक्षण के बाद प्रश्नोत्तरी और सहायक प्रतिबिंब प्रपत्र व प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# महिलाओं ने खेली पाती, बच्चों में भी दुल्हा-दुल्हन बनने की होड़





सत्ता सुधार ■ खरगोन

भावसार समाज की कुलदेवी मां हिंगलाज प्राकटेत्सव एवं गणगौर उत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान फूल पाती का आयोजन किया। इस दौरान दूल्हा.दुल्हन बनाकर पाती खेली। महिला मंडल अध्यक्ष डिंपल भावसार ने बताया कि दूल्हे के रूप में अनिता भार्गव और दुल्हन के रूप में मीनाक्षी भावसार थी। कार्यक्रम भावसार मंगल भवन में संपन्न हुआ। इसके बाद सभी श्री सिद्धनाथ मंदिर एवं हिंगलाज माता मंदिर पहुंचकर दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इसी तरह गांवों में भी फूलपाती का दौर चल रहा है। छोटे- छोटे बच्चों में भी दुल्हा- दुल्हन बनने की होड़ मची हुई है।

### ब्यौहारी पुलिस की बड़ी सफलता चोरी के 24 घंटे के अंदर चोरी गई बोलेरो वाहन सहित आरोपी गिरफ्तार 06 लाख रूपये का मशरूका जप्त

**शहडोल ।** फरियादी महेन्द्र द्विवेदी उम्र 46 वर्ष निवासी ग्राम बरा इंदवार जिला उमरिया का थाना ब्यौहारी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, दिनांक 25.03.2025 को बोलेरो गाडी क्र. एमपी 04 सीटी 3146 एवं ड्रायवर पवन कुशवाहा के साथ मानपुर जा रहे थे। रास्ते में 4-5 व्यक्ति मिले जो मानपुर चलना है कहकर लिफ्ट मांगे एवं गाड़ी में बैठ गए। ब्यौहारी से आगे निकलने के बाद बेडरा जंगल में पेशाब करने हेतु गाडी रोके जिस पर पांच लोगो मे 02 लोग एवं ड्रायवर उतर गए। गाडी की चाभी गाड़ी में ही लगी रहने दिये इसी बीच गाडी में बैठे लोग गाडी को स्टार्ट कर चोरी कर लेकर भाग गये। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना ब्यौहारी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

# नगर में भक्तिरस से सराबोर मोराने परिवार का भव्य गणगौर महोत्सव

सत्ता सुधार ■ हरदा



खंडवा बायपास रोड स्थित सीताराम गार्डन में मोराने परिवार द्वारा माता गणगौर की पावनी बुलाई गई है। भव्य एवं ऐतिहासिक गणगौर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव पूरे नगर में भक्तिरस की सरिता बहा रहा है। 23 मार्च को खड़ा स्थापना के साथ शुभारंभ हुए इस पावन पर्व में भक्तगण माता गणगौर (रनुबाई माता) एवं धनियर राजा की भक्ति में लीन होकर आराधना कर रहे हैं।

आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी भक्तिमय संध्या प्रतिदिन हो रही है। गुरुवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में विभिन्न मंडलों की भक्ति संगीतमय प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जिसमें प्रमुख मंडलियों राधा कृष्ण मंडल चौकड़ी -गायक राहुल महाजन, मां काली वाली का गणगौर मंडल पिपलिया -गायक दुर्गेश भाई, जय मां गणगौर मंडल कपासी - गायक सुधीर बागरे, राधा कृष्ण गणगौर मंडल चौकड़ी - गायक शुभम राजपूत की इन प्रस्तुतियों के दौरान पूरे पंडाल में भक्तगण भावविभोर होकर भजन-कीर्तन में झूमते नजर आए। माता गणगौर के शेर पर सवार भव्य रथ की झांकी ने भक्तों को भावविह्वल कर दिया। उत्सव का प्रमुख आकर्षण बालिकाओं का मयूर नृत्य रहा, जिसमें छोटी-छोटी बालिकाओं ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं की तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साह बढ़ाया।

**मोराने परिवार का अभिनंदन एवं नगरवासियों का योगदान :** मोराने परिवार ने इस आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी मंडलों का सम्मान एवं प्रोत्साहन स्वरूप भेंट प्रदान कर उनका अभिनंदन किया। आयोजन समिति के कैलाशचंद्र मोराने, दीपक मोराने, मनोहर मोराने, संतोष मोराने, शरद मोराने, राजेंद्र मोराने, संजय मोराने, संदीप मोराने, गौरव चोलकर सहित समस्त परिवार ने नगरवासियों से इस धार्मिक महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।

## कबाड़ की दुकान, पान दुकान और चिकन सेंटर को अपनी चपेट में

# शॉर्ट सर्किट से तीन दुकानें जलकर खाक, समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

सत्ता सुधार ■ खंडवा

शहर के मोघट रोड थाना क्षेत्र स्थित खानशाहवली वार्ड में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई, जिसमें तीन दुकानें जलकर पूरी तरह खाक हो गई। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी, जिसने देखते ही देखते एक कबाड़ की दुकान, पान दुकान और चिकन सेंटर को अपनी चपेट में ले लिया। हालात इतने भयावह हो गए कि चिकन सेंटर में रखी मुर्गियां भी आग में जल गईं।

घटना सुबह करीब 11 बजे की बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने जान पर खेलकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन 40 मिनट तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नहीं पहुंची। इस देरी से लोगों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला।

### रहवासियों ने प्रशासन पर निकाला गुस्सा

घटना के दौरान फायर ब्रिगेड को लगातार फोन किए गए, लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिला। लोगों का आरोप है कि अगर दमकल समय पर आ जाती, तो इतना बड़ा नुकसान नहीं होता। फायर ब्रिगेड के देर से पहुंचने को लेकर क्षेत्र के रहवासियों में गहरी नाराजगी देखने को मिली।

**आपातकालीन सेवाएं इतनी लचर क्यों? :** घटना के बाद रहवासियों ने प्रशासन और दमकल विभाग की कड़ी आलोचना की। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया– हम 40 मिनट तक दमकल विभाग को कॉल करते रहे, लेकिन कोई सही जवाब नहीं मिला। अगर शहर में यह हाल है, तो ग्रामीण इलाकों में क्या स्थिति होगी?



**जांच और कार्रवाई की मांग :** इस घटना ने नगर निगम और दमकल विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने इस मामले में प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो।

**फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची, क्यों?**

- दमकल वाहन बुलाने के लिए कई कॉल किए गए, लेकिन सही प्रतिक्रिया नहीं मिली।
- 40 मिनट बाद पहुंची फायर ब्रिगेड, तब तक दुकानें जलकर राख हो चुकी थीं।
- स्थानीय लोगों ने खुद आग पर काबू पाने का प्रयास किया।
- घटना से व्यापारी वर्ग और रहवासियों में भारी रोष।

अब सवाल उठता है—क्या प्रशासन इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कोई कार्रवाई करेगा?

## विद्वानों के सम्मान के साथ भवभूति समारोह संपन्न

# नगर निगम संस्कृत और संस्कृति के लिए हमेशा तत्पर रहा हैः डॉ. श्रीवास्तव

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर, राजा मानसिंह संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर और महाकवि भवभूति शोध एवं शिक्षा समिति ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय महाकवि भवभूति समारोह का समापन नगर निगम के अपर आयुक्त प्रदीप श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में संस्कृत के विद्वानों का सम्मान शॉल एवं श्रीफल प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के निदेशक डॉ.गोविन्द गन्धे ने शॉल एवं श्रीफल द्वारा प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ. भगवत शरण शुक्ल और प्रो.जेएन गौतम का सम्मान किया। कार्यक्रम में



देशभर से आए संस्कृत के लगभग 100 से अधिक संस्कृत विद्वानों एवं कवियों का नगर निगम द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ.गोविन्द गन्धे ने सम्पूर्ण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। नगर निगम अपर आयुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव ने सभी विद्वानों को सम्मानित करने के लिए नगर निगम के गौरवान्वित होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम संस्कृत और संस्कृति के लिए हमेशा तत्पर रहा है। संस्कृत आज विश्व की महत्वपूर्ण भाषा बन चुकी है। अधिकतर भाषाओं की जननी संस्कृत है। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रो.जेएन गौतम ने कहा कि संस्कृत से ही सभी भाषाओं की शुरुआत हुई है। डॉ. भगवत शरण शुक्ल ने कहा कि जो व्यक्ति संस्कृत से जुड़ा है वह निश्चित ही संस्कृति से अवश्य जुड़ा होगा। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्णा जैन व आभार डॉ. बालकृष्ण शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ.विकास शुक्ला, अनिल बरोड़, डॉ.मनीष खैमरिया, डॉ.नरोत्तम निर्मल, डॉ.आशा शर्मा, डॉ.हरेन्द्र भार्गव, डॉ.गिर्राज गुप्ता, डॉ.काजल सक्सैना, प्रो.आईके पात्रो, प्रो.हेमन्त शर्मा, प्रो.एस.डी. सिसौदिया, डॉ. ज्योत्सना सिंह, डॉ.राजपाल सिंह जादौन, टोटन माइति सहित विभिन्न महाविद्यालयों के संस्कृत प्राध्यापक, शोधार्थी, छात्र छात्राएं एवं शहर के गणमान्य संस्कृत प्रेमी उपस्थित रहे।

# राज्य आनंद संस्थान और उसके कार्यक्रमों की बढ़ती उपयोगिता

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

नागरिकों की खुशहाली एवं परिपूर्ण जीवन के लिए आंतरिक तथा वाह्य सकुशलता आवश्यक है। सिर्फ भौतिक प्रगति और सुविधाओं से प्रसन्न रहना संभव नहीं है.इस उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा आनंद राज्य संस्थान का गठन 2016 में किया गया। यह संस्थान आनंद विभाग मध्यप्रदेश शासन की स्वतंत्र इकाई के रूप में नागरिकों की मानसिक शांति प्राप्त करने और आनंद पूर्ण जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। इसके कार्यक्रमों में सर्वप्रथम आनंदक,जो संस्थान के आधार स्तंभ है, नागरिकों में मानसिक संतुलन खुशी और सकारात्मक दृष्टिकोण का विकास करता है। आनंद का प्रसार करने के लिए संस्थान आनंदम गतिविधियों को आनंदकों, वॉलिंटियर्स के सहयोग से क्रियान्वित करती है। दूसरा, अल्पविराम जो एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। शास.कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों में सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा



है। आनंद विभाग का प्रयास है कि आनंदकों को ब्लॉक स्तर पर अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित कर तैयार करना है, जो सकारात्मक जीवन शैली अपनाकर जीवन में आनंद का कारक बन सके, इस कार्यक्रम में आनंदक तैयार किए जाते हैं। आनंद क्लब, दूसरों की निस्वार्थ सहायता करना आगे बढ़कर त्याग का भाव जैसे कि जिस सामान की आवश्यकता नहीं है,जरूरतमंद को देना या निश्चित स्थान पर रख देना जिसे बिना पूछे ले जाया जा सके। जो सभी जिलों में जिला प्रशासन द्वारा स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालित है। आनंदक आरएस दिनकर ने बताया कि वह स्वयं दिसंबर माह में अल्पविराम कार्यक्रम में भाग लेकर जनवरी माह में आनंद उत्सव गोहद जिला भिंड कार्यक्रम संचालन का मौका पाकर हर्षित है तथा तीन दिवसीय संभागीय आनंदम सहयोगी प्रशिक्षण भारतीय यात्रा एवं पर्यटन प्रबंधन संस्था में प्रशिक्षण प्राप्त कर आनंदित है और स्वयं आनंदित रहते हुए दूसरों को भी आनंदित रखने का कार्य कर रहे हैं। अप्रैल माह में होने वाले राज्य स्तरीय आनंद शिविर करने के भी इच्छुक है।

## कॉमरेड मकसूद खान का इंतकाल, श्रद्धांजलि दी

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला परिषद सदस्य कामरेड मकसूद खान का शुक्रवार को इंतकाल हो गया। उनको सेवानगर स्थित निवास से दोपहर 2:30 बजे नूरगंज कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस मौके पर मध्यप्रदेश राज्य पार्टी की ओर से राज्य कार्यकारिणी सदस्य कॉमरेड कौशल शर्मा एडवोकेट, कामरेड अनवर खान सचिव नगर कमेटी, कामरेड अब्दुल शाहीद सचिव नगर कमेटी लश्कर, कामरेड जालम सिंह जिला परिषद सदस्य ने श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

## कनक श्रीवास्तव का सम्मान

**ग्वालियर।** दौलतगंज छात्रावास पर अखिल भारतीय विकास महासभा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में कनक श्रीवास्तव (बुलबुल) को



सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्वालियर शहर के सभी कायस्थ बंधुओं के साथ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा संजीव श्रीवास्तव धौलपुर एवं पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

# दक्षिण विधानसभा की समस्याओं को लेकर भाजपा उपाध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता द्वारा नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय को ज्ञापन देकर दक्षिण विधानसभा की रोड़ों का निर्माण, पार्क संधारण एवं तिघरा से प्रतिदिन पानी देने का 8 सूत्रीय ज्ञापन दिया। उन्होंने कहा कि खासगी चौराहे से हेमू कॉलोनी चौक तक, गस्त का ताजिया से छप्पर वाला पुल तक छप्पर वाले पुल से दीनदयाल माल होते हुए रेलवे स्टेशन तक, कंपू महावीर भवन चौराहे से ईदगाह होते हुए बेटी बचाओ चौराहे तक, नागदेव मंदिर छत्री से ढोली बुआ



पुल तक, केआरजी कॉलेज तिराहे से नाका चन्द्रवदनी तक तथा लेडिस पार्क वार्ड 41 छत्री बाजार का संधारण कराया जाए। कोरोना कल का 3 साल का संधारण पीरियड गांरटी में जोड़ दिया गया है, जो गलत है। 3 साल का कार्यकाल ठेकेदार का बढ़ाया जाए। महापुरुषों की जो तस्वीर 15 लगी हैं, उनकी स्थिति अत्यंत खराब है, उन पर कलर और सफाई कराया जाए। पार्क का म्यूजिक सिस्टम ठीक किया जाए, पीने के पानी की प्याऊ संधारण कराया जाए, बास्केटबॉल ग्राउंड की सीसी खराब हो गई है, उसका संधारण कराया जाए तथा पाथवे के पत्थर बहुत सारे निकल गए, उनको पुनः लगाया जाए, पार्क में अभी नया ट्यूबवेल किया गया है उसकी मिट्टी हटाई जाए एवं ट्यूबवेल को अंडरग्राउंड कर दिया जाए ताकि पार्क में जनता को असुविधा ना हो। तिघरा से पानी की सप्लाई प्रतिदिन की जाये। खासगी पार्क वार्ड 40 का संधारण किया जाए उसमे आठ बैंच लगाई जाए एवं ग्रिल की पुताई एपवं पार्क का संधारण कराया जाए। पार्क में लगी 10 पोल हंडिया का संधारण किया जाए। ज्ञापन देने वालों में विजय बलेचा, राजीव गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, रवि रावत, उपेंद्र अत्रे आदि लोग शामिल रहे।

## भारत विकास परिषद का होली मिलन संपन्न

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा द्वारा होली मिलन समारोह रेडियंट स्कूल नया बाजार में बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसमें आए हुए अतिथियों को सम्मानित एवं सभी सदस्यों को होली का उपहार दिया गया। कार्यक्रम में वर्ष 2025-26 के निर्वाचन संपन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष महेश गुप्ता, सचिव प्रदीप सक्सेना और कोषाध्यक्ष वीरेंद्र खंडेलवाल चुने गए। कार्यक्रम में अशोक बंदिल, सुधीर अग्रवाल, संदीप मल्होत्रा, अमित जैन, अनिल गुप्ता, एसके जैन, विजय गुप्ता, रामकुमार चोपड़ा, अनिल गुप्ता, जी.के. सूरी, ओमप्रकाश गुप्ता, तरुण मित्तल, आलोपी बंसल, महेश गुप्ता, हिमेश दंडोतिया, राकेश अग्रवाल, दिनेश भल्ला आदि ने मनीष सक्सेना की होली के गाए हुए होली खेले रघुवीरा, रंग बरसे आदि गीतों पर परिवार सहित खुशी मनाते नाचते हुए होली मिलन मनाया।



## नमो नमो मोर्चा ने नितेश शर्मा से की शिष्टाचार भेंट

सत्ता सुधार ■ ग्वालियर



नमो नमो मोर्चा भारत प्रदेश व जिला पदाधिकारियों द्वारा भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नितेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर नमो नमो मोर्चा भारत से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी अमित श्रीवास्तव, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर चंबल सह प्रभारी विकास सिंह अग्र, जिला उपाध्यक्ष मनमोहन शर्मा, जिला महामंत्री योगेश दंडोतिया, जिला उपाध्यक्ष (पिछड़ा वर्ग) जसवंत कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष (पिछड़ा वर्ग) अनिल सोनी, जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ राजीव श्रीवास्तव, मंडल महामंत्री कृष्णा थानेश्वर आदि उपस्थित थे।

## राग द्वेष मुक्त होते ही ईश्वर प्रकट हो जाते हैंः विजय महाराज

**ग्वालियर।** डीडी नगर एकादशी सत्संग पाठ में विजय महाराज ने बताया कि राग द्वेष मुक्त होते ही ईश्वर प्रगट हो जाते हैं। ऐसा शास्त्र बताते हैं। श्री



आशा रामायण पाठ करते हुए सत्संग की अमृत वर्षा करते हुए कहा कि अगर ईश्वर प्राप्ति करनी है तो राग द्वेष से मुक्त होना पड़ेगा। चाहें जीव संसार में रहे या मठ मंदिर आश्रम में उसे अपने चित्त शुद्धि के बिना तरण तारण संभव नहीं है। उठो और अपनी मुक्ति का मार्ग प्रशस्त कर लो। गुरुदेव तो ज्ञान का खजाना नित्य लुटाते चले आ रहे हैं। समापन पर मंगल आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर जेपी सिंह, बलवीर सिंह परमार, बीपीएस सेंगर, राजू लक्ष्यकार, अरविंद मिश्रा, सीबी शर्मा के अलावा साधक बहनें श्रीमती सुमन सिंह, एड. माला मिश्रा, गुड्डी सिकरवार, भगवान देवी उपस्थित रहीं।

## पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक पीएमजेएफ लायन जेपी सिंह का किया स्वागत



**ग्वालियर।** लायन्स क्लब ऑफ ग्वालियर के अध्यक्ष लायन राकेश अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ ट्रांजिट विजिट पर पहुंचे। पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक पीएमजेएफ लायन जे.पी.सिंह का रेलवे स्टेशन पर पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। तत्पश्चात बीकानेर वाला पड़ाव पर स्वल्पाहार का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रांतपाल पीएमजेएफ लायन सुनील अरोड़ा, पीडीजी लायन सुनील गोयल, डिस्ट्रिक्ट कैबिनेट सचिव (एक्टिविटी) लायन प्रशान्त जैन, पीआरओ प्रशान्त वाजपेयी, पूर्व डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर लायन जगदीश अग्रवाल, आर.सी.लायन रानी अग्रवाल, जेड.सी.लायन प्रियंका जैन, लायन लेखराज रावल, लायन सुनील कोहली, लायन दीपेन्द्र दुबे, लायन दीपक माहेश्वरी, लायन विवेक जैन, लायन जे.पी.शर्मा, लायन आदित्य सिकरवार, लायन मनोज राजपाल तथा सचिव लायन राघवेन्द्र अवस्थी ने भागीदारी की।

# टाटा आईपीएल का दो दिवसीय फैन पार्क आज से



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

टाटा आईपीएल का फैन पाक्र का दो दिवसीय आयोजन 29 मार्च से ग्वालियर के कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम के पास स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में किया जाएगा। उक्त जानकारी पत्रकारों को देते हुये बीसीसीआई के व्यवस्थापक अनंत दातार, जीडीसीए के सचिव संजय आहूजा ने बताया कि टाटा आईपीएल द्वारा पूरे देश में वीक एंड पर पचास शहरों में टाटा आईपीएल फैन पार्क का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस फैन पार्क में बड़ी स्क्रीन पर जहां आईपीएल का मैच दिखाया जाएगा। वहीं आईपीएल जैसी ही कई अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। जिसमें म्यूजिक, मर्चेंडाइस, फूड स्टाल, मजेदार पेय के साथ मजेदार एक्टिविटी भी ऑफिशियल स्पांसर करेंगे। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले फैन्स को लगेगा वह स्टेडियम में ही बैठकर मैच देख रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस परिसर में जहां प्रवेश निःशुल्क होगा। लेकिन भीतर प्रवेश करते समय एक टिकट दिया जाएगा। जिसका ड्रा मैच के इंटरवल में निकाला जाएगा। ड्रा जीतने वाले को ऑफिशियल टीशर्ट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर चौके, छक्के के पेम्पलेट एवं झंडे भी दिये जाएंगे जो फैन पार्क में आने वाले दर्शक लहरायेंगे। उन्होंने बताया कि फैन पार्क में फूड स्टाल भी लगाये जो शुल्क के साथ होंगे। उन्होंने बताया कि फैन पार्क में आने वालों को पेयजल निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। जीडीसीए सचिव संजय आहूजा ने बताया कि फैन पार्क मध्यप्रदेश में ग्वालियर के अलावा भोपाल एवं जबलपुर में भी लगाये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को सायं साढ़े छह बजे से गुजरात टाइटन्स तथा मुंबई इंडियन के बीच का मैच दिखाया जाएगा।

# 500 बिस्तर के आरोग्यधाम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का भूमिपूजन कल



सत्ता सुधार ■ ग्वालियर

नर सेवा, नारायण सेवा के ध्येय को लेकर तराणेकर स्मृति सेवा न्यास, ग्वालियर द्वारा अब एमआईटीएस कॉलेज के सामने 500 पलंग के आरोग्यधाम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। इसका भूमिपूजन 30 मार्च को सायं 4 बजे होगा। आरोग्यधाम चिकित्सालय संचालन समिति के सदस्य मधुसूदन भदौरिया ने पत्रकारवार्ता में बताया कि भूमि पूजन समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्य क्षेत्र के सह कार्यवाह हेमंत मुक्तिबोध होंगे। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, दंगल टीवी प्राइवेट लिमिटेड के एमडी मनीष सिंहल होंगे। उन्होंने बताया कि गोले के मंदिर के पास मप्र शासन द्वारा आरोग्यधाम सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के लिए लगभग 2 लाख स्क्वायर फीट जमीन आवंटित की गई है। इसके भूमिपूजन के बाद शीघ्र पहले चरण में 50 हजार स्क्वायर फीट में निर्माण किया जाएगा। जिसमें चिकित्सा भवन के अलावा पैरामेडिकल कोर्सेस के लिए भी भवन निर्माण होगा। इसके निर्माण पर 500 करोड़ की लागत आएगी। पत्रकारवार्ता में तराणेकर स्मृति सेवा न्यास, ग्वालियर के अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, सचिव सुरेश गुप्ता, आरोग्यधाम चिकित्सालय संचालन समिति के अध्यक्ष मनोज सिंघल, सचिव अनूप अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्ता, उचित मूल्य के सिद्धांत पर संचालित इस नवीन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कई सुविधिाएं उपलब्ध रहेंगी।

## पुस्तक मेला की अवधि दो दिन बढ़ी, अब 31 मार्च तक लगा रहेगा यह मेला

**ग्वालियर।** स्कूली बच्चों को उचित दाम पर किताबें, स्टेशनरी व यूनीफॉर्म उपलब्ध कराने के लिये राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा पुस्तक मेला लगाया गया है। मेला परिसर स्थित दस्तकारी हाट बाजार (शिल्प बाजार) में लगे इस मेले की अवधि दो दिन बढ़ा दी गई है। अब यह पुस्तक मेला 31 मार्च की रात्रि 10 बजे तक लगा रहेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने अभिभावकों व बच्चों की मांग पर मेले की अवधि बढ़ाने का फैसला किया है। ज्ञात हो पहले मेले की अवधि 29 मार्च तक निर्धारित थी। पुस्तक मेले में दुकानदारों द्वारा सभी तरह के डिस्काउंट के अलावा किताबों की खरीदी पर 10 प्रतिशत तक, स्टेशनरी पर 15 से 20 प्रतिशत और यूनीफॉर्म की खरीदी पर 30 प्रतिशत तक अतिरिक्त छूट दी जा रही है।

**नामांकन विज्ञप्ति /आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी**

[illegible] MP142602021A1732670 दिनांक 27.03.2021 [illegible] दिनांक 28.03.2025 [illegible]

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28.03.2025

आवेदक : गिरिजा सिकरवार/देवेन्द्र सिंह सिकरवार

पता-[illegible], ग्वालियर मध्यप्रदेश (भारत)

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी**

[illegible]

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28-03-2025

आवेदक का नाम/पता

मीरा देवी/स्व. श्री [illegible]

पता: न्यू संजय नगर, ग्वालियर, म.प्र.

मो नं.: 7773024524

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी**

[illegible]

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28-03-2025

आवेदक का नाम/पता

श्रीमती भगवती भारती/गौतम भारती

पता: [illegible] दुल्लपुर, ग्वालियर, म.प्र.

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी**

[illegible]

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28-03-2025

आवेदक का नाम/पता

[illegible]

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी**

[illegible]

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28-03-2025

आवेदक का नाम/पता

[illegible]

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी**

[illegible]

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28-03-2025

आवेदक का नाम/पता

[illegible]

मो.नं.: 6351601393

**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 29 भवन क्रमांक स्थान 52बी गायत्री विहार में स्थित है जो कि श्री मुकेश सिंह/पिता स्व. श्री महेन्द्र सिंह के नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1003963561 पर दर्ज है जिसका क्षेत्रफल 600 वर्गफुट है उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर विक्रय पत्र क्रमांक MP142592020A1774624 दिनांक 23/11/2020 द्वारा प्राप्त किया गया है उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर के पास क्षेत्र क्रमांक 14 आवेदन दिनांक 28/03/2025 को किया गया है जिसका आवेदन कार्य क्रमांक 79/2011/40969/40914 प्रकरण क्रमांक 3/11 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर में स्थित संपत्ति कर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियम अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 28.03.2025

आवेदक का नाम

श्रीमती विनीता भारद्वाज/पति श्री ओम नारायण भारद्वाज

श्री ओम नारायण भारद्वाज/पिता श्री रामाधार भारद्वाज

52बी गायत्री विहार वार्ड-29

मो.8826728811

## ब्रीफ न्यूज

### श्रेयस-ईशान को मिल सकता है बीसीसीआई का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट, पिछले साल बाहर कर दिया गया था; आज गुवाहाटी में बैठक

**नई दिल्ली।** श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में वापसी हो सकती है। पिछले साल दोनों को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 से बाहर किया गया था। अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में एंट्री पर अपनी मुहर लगा चुके हैं। वहीं, ईशान ने आईपीएल के अपने पहले मैच में 106 रन की पारी खेलकर वापसी के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। 29 मार्च को बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया, टीम के चयनकर्ता अजित अगरकर और कोच गौतम गंभीर गुवाहाटी में इस पर चर्चा कर सकते हैं। भारतीय टीम से जुड़े एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा कि अय्यर फिर से कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने वाले हैं और वह भी टॉप कैटेगरी में। वहीं, ईशान किशन के लिए अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है और अनुबंध में उनकी वापसी पर कोई पक्का निर्णय नहीं लिया गया है। अय्यर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के 5 पारियों में 79.41 के स्ट्राइक रेट से 243 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए थे। उन्होंने फाइनल में 62 गेंदों पर 48 रन की पारी खेली थी। वे टूर्नामेंट के दूसरे टॉप स्कोरर रहे थे।

### स्वीटी बूरा केस में पति के वकील सामने आए, बोले- दीपक हुड्डा दूसरे महंगे खिलाड़ी थे

**हिसार।** हरियाणा में हिसार की पूर्व वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा के आरोपों पर उनके पति व कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन दीपक हुड्?डा के वकील ने जवाब दिया है। हुड्डा के वकील सागर पंघाल ने कहा कि 2014 में प्रो-कबड्डी लीग में दीपक हुड्डा दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी थे। स्वीटी बूरा ने कहा था कि दीपक इतना गरीब था कि तसले में नहाता था। दीपक वेलेंटाइन डे पर भी गिफ्ट लेकर गया था, लेकिन स्वीटी बूरा नहीं मानीं। वहीं स्वीटी बूरा के दीपक का लड़कों में इंटरेस्ट के बयान पर वकील ने कहा कि दोनों ने 7 साल तक एक-दूसरे को डेट किया। लिव इन रिलेशनशिप में भी रहे। तब स्वीटी ने ये बात क्यों नहीं कही। स्वीटी से परेशान होकर एक बार तो दीपक हुड्डा के मन में भी एआई इंजीनियर अतुल सुभाष जैसे सुसाइड के ख्याल आ रहे थे। हालांकि दोस्तों ने मिलकर उसे समझाया।

### जिम्बाब्वे में ट्राई सीरीज खेलेंगे साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड, 28 जून से 11 अगस्त तक होंगे 11 मुकाबले

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड इस साल जिम्बाब्वे में टी-20 फॉर्मेट की ट्राई सीरीज खेलेंगे। दोनों टीमें जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-2 टेस्ट भी खेलने वाली हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने अपने होम सीजन का शेड्यूल रिलीज किया। तीनों टीमें 28 जून से 11 अगस्त तक 4 टेस्ट और 7 टी-20 खेलेंगी। साउथ अफ्रीका टीम जिम्बाब्वे में 2014 के बाद पहली बार कोई टेस्ट खेलेगी। 28 जून से 10 जुलाई तक दोनों के बीच बुलवायो में 2 टेस्ट होंगे। 14 जुलाई से हरारे में ट्राई सीरीज शुरू होगी। जिम्बाब्वे और साउथ अफ्रीका के बीच ही पहला मैच खेला जाएगा।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में श्याम और अनुष्का अव्वल

एजेंसी ■ नई दिल्ली

बरेली में जिला स्तरीय जूनियर बालक और बालिका वर्ग की एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के सदस्य नीरज कुमार ने किया। प्रतियोगिता में 70 बालकों और 40 बालिकाओं ने भाग लिया। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में श्याम यादव प्रथम, शिवम गंगवार द्वितीय, शिवम ठाकुर तृतीय रहे। बालिका वर्ग में अनुष्का प्रथम, कसक द्वितीय और अंशिका तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में मोहित शर्मा पहले, अमरपाल दूसरे और शिवम गंगवार तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में अनुष्का प्रथम, रूबी



द्वितीय और अंजलि तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में मुनाजिर पहले, अमरपाल दूसरे और रिजवान तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में अनुष्का, राधा, और अंशु प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। 800 मीटर दौड़ में मुनाजिर प्रथम, आयुष द्वितीय विक्रम तृतीय और बालिका वर्ग में राधा प्रथम, आकांक्षा द्वितीय और काजल तृतीय रहीं। 1500 मीटर दौड़ में रोहित ने बाजी मारी। आयुष और विक्रम क्रमशः द्वितीय और तृतीय रहे। बालिका वर्ग में राधा ने प्रथम, कसक ने द्वितीय और नीलम ने तृतीय स्थान हासिल किया। 400 मीटर हर्डल्स में मोहित शर्मा प्रथम, पुष्पेंद्र द्वितीय, सूर्यांश तृतीय, बालिका वर्ग में अंजली सिंह पहले, अंजली मौर्य दूसरे और अंशिका तीसरे स्थान पर रहीं।

#### लंबी कूद के विजेता

लंबी कूद में श्याम यादव, प्रदीप राणा, पुष्पेंद्र और बालिका वर्ग में अंजली सिंह, आकांक्षा और अंशु क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। ट्रिपल जंप में अमन पटेल, अर्जुन, अमन यादव और बालिका वर्ग में रूबी, अंशिका और अंशु क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया।

#### शॉट पुट में ये जीते

शॉट पुट में मीत सिंह पहले, जाकिर दूसरे और सलमान तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में खुशी प्रथम, ईसल द्वितीय, पूजा कुमारी तृतीय रही। डिस्कस थ्रो में प्रदीप राणा, मीत सिंह, जाकिर और बालिका वर्ग में खुशी, पूजा और ईसल विजेता रहीं। भाला फेक में रामू यादव, शिवम, प्रदीप और बालिका वर्ग में खुशी, नीलम और ईसल विजेता रही। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी पदमवीर सिंह, विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद सचिव एसएस बेदी, आरएसओ जितेंद्र यादव, एथलेटिक्स संघ के सचिव गजेंद्र तोमर, सुंदर चौहान, राम अवतार सिंह, लवशेष सूर्यवंशी, अमन यादव आदि थे।

# सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पहले नॉकआउट मैच में भिड़ेंगे मुम्बई सिटी और बेंगलुरू एफसी

### पांच ड्रा और आठ हार से 38 अंक लेकर तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया

एजेंसी ■ बेंगलुरू

बेंगलुरू एफसी शनिवार को शाम 7:30 बजे श्री कांतीरवा स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 प्लेऑफ के पहले सिंगल-लेग नॉकआउट मुकाबले में मुम्बई सिटी एफसी की मेजबानी करेगी। ब्लूज ने 24 मैचों में 11 जीत, पांच ड्रा और आठ हार से 38 अंक लेकर तालिका में तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं, आइलैंडर्स ने अपने अंतिम लीग मैच में बेंगलुरू एफसी पर 2-0 की जीत दर्ज करके प्लेऑफ के छठे स्थान में जगह बनाई, और अब जीत से अंतिम-चार में जगह बनाने की कोशिश करेंगे। आइलैंडर्स के खिलाफ अपने पिछले पांच मुकाबलों में चार बार हारने के बाद बेंगलुरू एफसी आगामी मैच में उतरेगी। ये दोनों टीमें प्लेऑफ में केवल दूसरी बार भिड़ेंगी। ब्लूज ने सीजन 2022-23 के सेमीफाइनल में पेनल्टी शूटआउट में जीत हासिल की थी। आइलैंडर्स ने बेंगलुरू एफसी के खिलाफ अपने पिछले चार



आईएसएल मैचों में कोई गोल नहीं खाया है और रक्षात्मक दृढ़ता दिखाई है। इस दौरान उन्होंने आठ गोल किए हैं।

#### ब्लूज़ की आक्रामक फॉर्म

आक्रामक निरंतरता बेंगलुरू एफसी ने आईएसएल 2024-25 में हर 35.2 पास पर एक शॉट निकाला है, जो इस सत्र में सबसे अधिक औसत है। सुनील छेत्री का प्लेऑफ रिकॉर्डः सुनील छेत्री ने आईएसएल प्लेऑफ में आठ गोल किए हैं, जो लीग इतिहास में सबसे अधिक है। उन्होंने अपने पिछले चार प्लेऑफ में से तीन में गोल किए हैं।

#### मुम्बई सिटी का प्लेऑफ में प्रदर्शन

जीत की लय, आइलैंडर्स ने अपने पिछले चारों प्लेऑफ मैच जीते हैं, जो आईएसएल के नॉकआउट दौर में सबसे अधिक है। पीटर क्रेटकी का रिकॉर्डः पीटर क्रेटकी के नाम तीन प्लेऑफ जीत हैं, और यहां जीत से वह आईएसएल इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे अधिक प्लेऑफ मैच जीतने (सर्जियो लोबेरा के साथ) वाले कोच बन जाएंगे। एंटोनियो लोपेज छह प्लेऑफ जीत के साथ टॉप पर हैं।

#### आमने-सामने

आईएसएल में दोनों टीमों के बीच 18 मुकाबले हुए हैं। बेंगलुरू एफसी ने छह बार जीत हासिल की है, जबकि मुम्बई सिटी एफसी ने 10 मैच जीते हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

#### कोच कॉर्नर

ब्लूज के स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा ने दबाव झेलने और अच्छा खेलने की अपनी टीम की क्षमता पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, ्यह बिल्कुल अलग मुकाबला होगा। हम कांतीरवा में प्लेऑफ के बारे में बात कर रहे हैं। यह करो या मरो वाला मैच है, और मेरा यकीन करें, हम जानते हैं कि इस तरह के मुकाबले कैसे खेलने हैं। आइलैंडर्स के चेक हेड कोच पीटर क्रेटकी ने कहा कि उनकी टीम ने अपनी खामियों को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर काम किया है। उन्होंने कहा, ्मेरे लिए, यह बिल्कुल अलग प्रतियोगिता है। हम आईएसएल कप के लिए खेल रहे हैं। हमने अपने प्रदर्शन पर विचार-विमर्श किया है और खामियों को सुधारने के लिए कड़ी मेहनत भी की है। **प्रमुख खिलाड़ी और उपलब्धियां:** सुनील छेत्री ने इस सीजन में चार पेनल्टी को गोल में बदला है, और उनके पास आइलैंडर्स के खिलाफ 10 गोल करने वाला पहला खिलाड़ी बनने का मौका है। मुम्बई सिटी के मेहताब सिंह ने इस सीजन में प्रति मैच औसतन 25.91 फॉरवर्ड पास दिए हैं और भारतीयों आउटफील्ड खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 18 इंटरसेप्शन किए, 51 द्वंद्व जीते और 97 क्लीयरेंस किए हैं।

### इकाना में मैच से पहले मीका बिखेरेंगे जलवा

# लखनऊ में टीम का होगा पहला मुकाबला, पंजाब से होगी भिडंत



एजेंसी ■ लखनऊ

अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आईपीएल मुकाबलों के लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। एक अप्रैल को मेजबान लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले मुकाबले से पहले मशहूर गायक मीका सिंह अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। 15 से 20 मिनट के कार्यक्रम के दौरान मीका स्टेडियम में हजारों की संख्या में बैठे दर्शकों का सामने अपनी प्रस्तुति देंगे। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सीईओ अंकित चटर्जी के अनुसार एक अप्रैल को मुकाबले से पूर्व मीका सिंह धमाकेदार शो होगा। इसकी तैयारियां कर ली गई है। करीब 20 मिनट की प्रस्तुति के दौरान वे अपने अपने सुपर-डुपर हिट गाकर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इसके बाद यहां पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला शुरू होगा। इकाना स्टेडियम प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार एलएसजी के खिलाड़ी शनिवार को इकाना स्टेडियम में अभ्यास को उतरेंगे। एलएसजी अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम पर सात मुकाबले खेलेगी। एलएसजी के सामने एक अप्रैल को पंजाब किंग्स, चार अप्रैल को मुंबई इंडियंस, 12 अप्रैल को गुजरात टाइटंस, 14 अप्रैल को चेन्नईसुपर किंग्स, 22 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स, नौ मई को हैदराबाद सनराइजर्स और 18 मई को गुजरात टाइटंस की चुनौती होगी। इन मुकाबलों के सजीव प्रसारण के लिए ब्रॉडकास्टिंग टीम शुक्रवार को लखनऊ पहुंचेगी। मुकाबलों के सजीव प्रसारण के लिए टीम यहां पर अपने कैमरे लगाने के साथ अन्य तैयारियां करेगी।

# दक्षिण भारत के ये दो शहर करेंगे जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी

### नवंबर-दिसंबर में होगा आयोजन

एजेंसी ■ नई दिल्ली

एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई और मदुरै करेंगे। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि इस टूर्नामेंट का आयोजन 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक होगा। पहली बार खिताब के लिए इस टूर्नामेंट में 24 टीमें हिस्सा लेंगी।

#### तीसरी बार भारत में होगा टूर्नामेंट

यह तीसरी बार होगा जब भारत जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। इससे पहले, 2016 में लखनऊ और 2021 में भुवनेश्वर ने इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा, हॉकी इंडिया के लिए आगामी एफआईएच



जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की मेजबानी करना गर्व की बात है। इस बार टूर्नामेंट में 24 टीमें भाग ले रही हैं लिहाजा इसका आयोजन दो शहरों चेन्नई और मदुरै में किया जा रहा है। चेन्नई में 2023 में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खेली गई थी, जबकि मदुरै में पहली बार इस स्तर का अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट हो रहा है। हमें खुशी है कि देश के विभिन्न इलाकों में हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन हो रहा है। अर्जेंटीना ने 2021 में जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप का खिताब जीता था, जबकि जर्मनी 2023 में कुआलालंपुर में हुए इस वैश्विक टूर्नामेंट में जीत हासिल की थी। भारत सेमीफाइनल और कांस्य पदक के प्लेऑफ में हारने के बाद चौथे स्थान पर रहा था।

### शुभमन गिल ने डोनेट किए 35 लाख रूपए के मेडिकल उपकरण

**चंडीगढ़।** भारतीय क्रिकेटर और आईपीएल में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल भले ही इन दिनों आईपीएल 2025 में व्यस्त हैं, लेकिन इसके बावजूद वह समाज भलाई के कामों में जुटे रहते हैं। अब उन्होंने मोहाली के जिला अस्पताल को करीब 35 लाख रुपए के जरूरी उपकरण डोनेट किए हैं। इन उपकरणों में वेंटिलेटर, सीरिंज पंप, ओटी टेबल, सीलिंग लाइट्स, आईसीयू बेड और एक्स-रे सिस्टम शामिल हैं। यह सामान उन्होंने अपने करीबी रिश्तेदार डॉ. कुशलदीप के माध्यम से अस्पताल को भिजवाया है। सिविल सर्जन डॉ. संगीता जैन ने कहा कि क्रिकेटर का यह बहुत ही अच्छा प्रयास है। इससे अस्पताल में मरीजों की जरूरतों को पूरा करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि शुभमन गिल भविष्य में भी अस्पताल की आवश्यकताओं के अनुसार सहयोग करते रहेंगे।

# जोकोविच ने तोड़ा फेडरर का रिकॉर्ड, मियामी ओपन के सबसे उम्रदराज सेमीफाइनलिस्ट बने

### 100वीं जीत से बस एक कदम दूर

**नई दिल्ली।** सर्बिया के टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए है। उन्होंने रोजर फेडरर का 6 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। रोजर फेडरर ने 2019 में इंडियन वेल्स और मियामी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। तब वे 37 साल और 7 महीने के थे। शुक्रवार को जोकोविच ने 37 साल और 10 महीने की उम्र में मियामी ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अगर जोकोविच शनिवार को होने वाले सेमीफाइनल मैच जीतते है तो यह



उनकी 100वीं प्रोफेशनल जीत होगी।

**कोर्डा को हराया, दिमित्रोव से होगा मुकाबला:** चौथी सीड जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिका के 14वें सीड सेबेस्टियन कोर्डा को 6-3, 7-6 से हरा दिया। शनिवार को सेमीफाइनल मुकाबले में जोकोविच का सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। दोनों के बीच अभी तक 13 मैच खेले गए है, जिसमें से 12 मैच जोकोविच जीते है। 1 मैच में दिमित्रोव को जीत मिली है। पिछले साल ग्रिगोर दिमित्रोव मियामी ओपन के फाइनल में पहुंचे थे, जिसमें उन्हें जैनिक सिन्नर से हार का सामान करना पड़ा था।

### केमार रोच पहले चार चैंपियनशिप मैचों के लिए सरे में लौटेंगे

**लंदन।** वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच पहले चार काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए सरे में लौटेंगे। रोच लगातार पांचवें सीजन के लिए थ्री फेदर्स में शामिल हो रहे हैं और एसेक्स, हैम्पशायर, ससेक्स और समरसेट के खिलाफ खेलने के लिए उपलब्ध होंगे क्योंकि सरे अपने खिताब की रक्षा के लिए एक मजबूत शुरुआत करना चाहते हैं। लाल गेंद को सीम और स्विंग करने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाने वाले रोच चेम्सफोर्ड में सीजन के पहले मैच से पहले टीम से जुड़ेंगे और अप्रैल के अंत तक टीम के साथ रहेंगे।


दैनिक सत्ता सुधार
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें
विनोद तिवारी
जिला ब्यूरो प्रमुख दमोह
मो. 6266038075


**प्रसारण** हीरो इंडियन ओपन का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा

# ऐतिहासिक पहली बार हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर होगा

एजेंसी ■ नई दिल्ली

ऐतिहासिक पहली बार, डीडी स्पोर्ट्स हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण कर रहा है, जो अभी चल रहा है। यह टूर्नामेंट, जो एशिया के प्रतिष्ठित आयोजनों में से एक है और 1964 से खेला जा रहा है, भारत में इसकी सबसे अधिक पुरस्कार राशि 2.25 मिलियन अमेरिकी डॉलर है और यह रविवार, 30 मार्च तक खेला जाएगा। हीरो इंडियन ओपन का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। हीरो इंडियन ओपन का सीधा प्रसारण पहली बार डीडी स्पोर्ट्स पर किया जा रहा है और यह भारतीय गोल्फ




यूनियन की योजना का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य खेल को आम जनता और युवाओं तक पहुंचाना है, जिसमें भारत के राष्ट्रीय प्रसारक की पहुंच सबसे बड़ी है। इस सप्ताह हीरो इंडियन ओपन में कुछ सबसे रोमांचक प्रतिभाएं शामिल हैं और यह अब तक का सबसे मजबूत क्षेत्र है। इसमें मौजूदा चैंपियन जापान के कीता नाकाजिमा शामिल हैं, जो पूर्व विश्व नंबर 1 शौकिया खिलाड़ी हैं और स्पेन के यूजेनियो चाकार्रा, जो पेशेवर बनने से पहले विश्व नंबर 2 शौकिया खिलाड़ी थे। इस सप्ताह कुल 138 खिलाड़ी खेल रहे हैं। हीरो इंडियन ओपन, जो एशियाई स्विंग का हिस्सा है,डीपी वर्ल्ड टूर की रेस टू दुबई रैंकिंग में भी गिना जाता है, जहां से शीर्ष-10 खिलाड़ी जिन्हें अन्यथा छूट नहीं दी गई है, वे पीजीए टूर में शामिल होंगे, जो दुनिया का सबसे बड़ा गोल्फ टूर है।




सत्ता सुधार

वाराणसी। काशी नरेश महाराजा डॉ. विभूति नारायण सिंह की बेटी विष्णु प्रिया के शांतिपूर्ण निवास और जीवन यापन में उनके भाई अनंत नारायण सिंह और भाभी अनामिका सिंह किसी प्रकार का हस्तक्षेप न करें। इसके साथ ही विष्णु प्रिया को मानसिक, शारीरिक अथवा आर्थिक रूप से प्रताड़ित करने से विरत रहें।



## विकसित भारत युवा संसद महोत्सव : सीएम योगी ने युवाओं का किया स्वागत, बोले

# लीक से हटकर करें काम, विकसित होगा नेतृत्व गुण

### लकीर का फकीर बनकर काम करने से बचना चाहिए, कानून कोई भी बनाए

- कोई कानून का पालन नहीं कर रहा हो तो उसकी सुनवाई के लिए न्यायपलिका
- यूपी विधानसभा के अध्यक्ष महाना बोले-सीएम योगी मैनेजमेंट के शिल्पकार

सत्ता सुधार ■ लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शुक्रवार से विधान भवन में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत युवा संसद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत अगले दो दिन में 240 युवा विधानसभा में भाषण देंगे। इनमें से तीन सर्वश्रेष्ठ युवा संसद जाएंगे। इसका उद्देश्य 18 से 33 वर्ष के युवाओं की आवाज को सुनना है। साथ ही युवाओं में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में चुने गए सभी युवाओं का देश की सबसे बड़ी विधायिका में स्वागत किया। प्रधानमंत्री आने वाले समय में भारत में युवाओं की भूमिका को लेकर संकल्पित हैं। वह जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नेतृत्व को विकसित करने का उद्देश्य रखते हैं। माय भारत अभियान पर दो वर्ष से मंथन चल रहा था। आज 240 युवा देश की सबसे बड़ी विधायिका में आए हैं। आपके लिए गौरव की बात है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र के तीन पिलर विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका से देश का संचालित होता है। विधायिका में अलग-अलग क्षेत्रों से चुने गए जनप्रतिनिधि अपनी बात रखते हैं। सभी के लिए नियम निर्धारित हैं। यहां जो नीति बनती है, वही सरकार के पास जाती है। कार्यपालिका उसे क्रियान्वित करती है। कोई कानून का पालन नहीं कर रहा हो तो उसकी सुनवाई के लिए न्यायपलिका है। लेखपाल से मुख्य सचिव तक प्रशानिक तंत्र जनता के लिए लगा रहता है। तीनों तंत्र एक दूसरे के पूरक हैं। एक नीति बनाता है। दूसरा उसे लागू करता है। तीसरा कोई कमी होने पर उसे दूर करता है।

**पंच प्रण विकास का आधार बनेंगे-** सीएम ने कहा कि ट्रेंड चला कि हमारी मांगे पूरी हों... चाहे जो मजबूरी हो। इस वजह से तमाम समृद्ध शहर प्रभावित हुए। प्रधानमंत्री ने 25 वर्ष



का विजन डॉक्यूमेंट रखा। इसमें विकसित भारत की परिकल्पना साकार की गई। प्रधानमंत्री ने पंच प्रण की शपथ ली। वही पंच प्रण विकास का आधार बनेंगे। नेतृत्व का गुण विकसित करने के लिए आचार-विचार बेहद जरूरी है। आचरण बेहद जरूरी है।

**सीएम ने सुनाई कहानी...** सीएम ने कहानी सुनाई कि एक जंगल में दृष्टिबाधित रहता था। जंगल में शिकार की वजह से अंदर चल गया और भटक गया। रास्ते की खोज में लगे सैनिक ने दृष्टिबाधित से पूछा कि क्या किसी मृग को देखा है। उसने कहा कि मैं देख ही नहीं सकता। कुछ देर बाद राजा का मंत्री गुजरा और थोड़ा शालीनता से कहा, क्या किसी को गुजरते देखा है। उसने फिर वही जवाब दिया। कुछ देर बाद राजा पहुंचे। राजा ने प्रणाम कर पूछा कि आप यहां कबसे रह रहे हैं। कैसे आजीविका चलती है। राजा ने भी वही सवाल पूछा तो दृष्टिबाधित ने कहा, हां पहले मृग, फिर सैनिक और मंत्री गुजरे। अब राजा आया है। राजा ने कहा कि आपको कैसे पता कि मैं राजा हूं। उसने कहा कि आपका लहजा बता रहा है। भारत में रिश्तों की अनुपम श्रृंखला है। भारत को बदनाम यहीं के लोगों ने किया। हमारा शिष्टाचार ही भारत की पहचान है।

**संविधान हमें कर्तव्यों का बोध कराता –** इस मौके पर कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं को संसद और विधानमंडल कार्यवाही समझने का मंच है। युवा केवल विकास के लाभार्थी ही नहीं बह्यल्कि सारथी हैं। भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ध्यान केंद्रित करना होगा। हमारे पास सबसे बड़ी युवा जनसंख्या है। सही दिशा देकर भारत को विकसित बना सकते हैं। हमारा संविधान हमें कर्तव्यों का भी बोध कराता है।

### विधानसभा में नेगेटिव का परसेप्शन गलत

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद में आए हुए युवाओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा में नेगेटिव का परसेप्शन गलत है। आज सदन में डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, व्यापारी, अधिकारी आदि रह चुके हैं। 40 साल में सदन को लेकर बनी नकारात्मकता आज दूर हुई है। उन्होंने कहा कि पहले यूपी के युवा पहचान छिपाते थे। आज गर्व से बताते हैं कि मैं उत्तर प्रदेश से हूं। आज मीडिया जनता के सामने विधानसभा का नया स्वरूप ला रहा है। लाइफ में टाइम मैनेजमेंट और कमिटमेंट जरूरी है। लोग अच्छे और खराब हो सकते हैं, लेकिन संस्थाओं का सम्मान बना रहना चाहिए। कुछ लोग व्यक्तिगत फायदे के लिए संस्था को नुकसान पहुंचाते हैं। मुझे जरूरत पड़ी तो संस्था के लिए व्यक्तिगत हित कुर्बान हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मैनेजमेंट के शिल्पकार हैं। कुंभ के सफल मैनेजमेंट के लिए यूपी की तारीफ कीजिए। मजाकिया लहजे में उन्होंने कहा कि यहां पर बहुत सारे अधिकारी बैठे हैं। वह परमानेंट बैठने के बारे में सोच रहे होंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### बीएचयू में पीएचडी के लिए अब जुलाई में आवेदन

**वाराणसी।** बीएचयू में दूसरे सत्र से पीएचडी प्रवेश की तैयारियां शुरू होने वालीं हैं। अगले सत्र में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया जुलाई से शुरू होगी। जून-2024 के बाद नेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को इसमें मौका मिलेगा। इस बार जितनी भी सीटें खाली रह गईं हैं, वे अगले पीएचडी बुलेटिन में जोड़कर जारी कर दी जाएंगी। वहीं इस बार बीएचयू ने पीएचडी के लिए 16 संकायों के 140 मुख्य विषयों में से करीब 130 विषयों के रिजल्ट घोषित कर चुका है। करीब 9 विभागों का रिज्टल नहीं हो पाया है। एकेडमिक्स में अभी तक 6 विभागों में जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, लिंग्विस्टिक और प्राचीन इतिहास विभाग का रिजल्ट नहीं जारी हो पाया है। दो विभागों के डेटा में कुछ गड़बड़ी के चलते देरी हो रही है। आईएमएस-बीएचयू में प्रसूति तंत्र, रचना शरीर और मनोचिकित्सा विभाग ने भी रिजल्ट नहीं दिया है। परीक्षा नियंता कार्यालय की ओर से इन विभागों को रिमाइंडर भेजा चुका है।

### गोली मारकर युवक की हत्या, पेट्रोल से जलाया

**शामली।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर एलम के निकट ईख के खेत में करीब 32 वर्षीय युवक का शव अर्द्धनग्न हालत में पड़ा मिला। शरीर पर गोली लगने के तीन निशान मिले हैं और शव को पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की गई। शव की अभी पहचान नहीं हो पाई है। कस्बा एलम निवासी अभिनव उर्फ निशु के ईख के खेत में सुबह युवक का शव मिला। किसान जब खेत में कार्य करने के लिए पहुंचे तो शव में हल्की सी आग लगी थी और धुंआ उठ रहा था। सूचना पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। किसानों की सूचना पर कांधला पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एएसपी संतोष कुमार सिंह, सीओ कैराना श्याम सिंह और फोरेंसिक टीम ने मौके पर आकर जांच पड़ताल की। शरीर पर तीन जगह गोली के निशान मिले हैं, जिसमें एक गोली पैर में, दूसरी दिल के पास और तीसरी सिर में मारी गई है।

### दादी और बुआ को मार डाला, फिर खुद पहुंचा थाने

**मुरादाबाद।** सिविल लाइंस के आजाद नगर रेलवे हरथला कॉलोनी में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे ऑटो खरीदने के लिए रुपए न देने पर पोते साहिल शर्मा (32) ने हथौड़े से सिर पर हमला कर अपनी दादी सरोज शर्मा (90) और बुआ वंदना शर्मा (60) की हत्या कर दी। साहिल, उसकी दादी और बुआ एक ही मकान में रह रहे थे। आरोपी ने थाने पहुंचकर खुद ही घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक, सरोज शर्मा के पति ओम प्रकाश शर्मा रेलवे विभाग में लोको पायलट थे। उनकी मृत्यु हो चुकी है। दो बेटियां गाजियाबाद में रहती हैं जबकि तीसरी अविवाहित बेटी वंदना शर्मा सरोज के साथ रहती थी।

### अलीगढ़ में पिछले दस साल का टूटा रिकॉर्ड

# यूपी : दो माह आगे चल रहा मौसम...मार्च में मई सी गर्मी

### अभी से दिन में तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

सत्ता सुधार ■ अलीगढ़

चिलचिलाती धूप ने जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। रोजाना गर्मी का पारा चढ़ रहा है। मार्च में ही गर्मी ने अपने सख्त तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। अलीगढ़ में गर्मी ने पिछले 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दोपहर में अधिकतम 39 डिग्री सेल्सियस रहा है, जो पिछले 10 साल से ज्यादा है।

तापमान में तेजी से हो रहे बदलाव की वजह से मौसम के जानकार भी हैरान है। वे मौसम के बदले रुख की वजह जलवायु परिवर्तन बता रहे हैं। मौसम के जानकारों का कहना है यह तो मार्च है। अभी अप्रैल, मई, जून का महीना बाकी है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार मौसम में हो रहे बदलाव को देखते हुए इसकी प्रबल संभावना है कि अप्रैल के दूसरे सप्ताह से ही लू के थपेड़े चलने लगेंगे। जबकि आमतौर पर लू मई के दूसरे सप्ताह से चलते हैं।



**पिछले 10 में मार्च का तापमान**

| वर्ष | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 2025 | 39 | 20 |
| 2024 | 35 | 21 |
| 2023 | 31 | 19 |
| 2022 | 3.5 | 20 |
| 2021 | 37 | 20 |
| 2020 | 37 | 17 |
| 2019 | 37 | 19 |
| 2018 | 38 | 19 |
| 2017 | 38.2 | 22 |
| 2016 | 37.2 | 02 |
| 2015 | 35.2 | 19.5 |

नोट-तापमान डिग्री सेल्सियस में

**इनका कहना है....**

तापमान अचानक बढ़ रहा है। गर्मी की वजह से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चिमी विक्षोभ छोटी-छोटी आई हैं। इसलिए बहुत ज्यादा गर्मी पड़ेगी। अप्रैल के दूसरे सप्ताह में लू के थपेड़े आने की प्रबल संभावना है।

**– डॉ. अहमद मुज्तबा सिद्दीकी, प्राध्यापक, भूगोल विभाग, एएमयू**

निश्चित रूप से गर्मी ज्यादा बढ़ रही है। ऐसी गर्मी पिछले वर्षों में नहीं पड़ी है। इस बार फरवरी में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया था। यह जलवायु परिवर्तन का ही नतीजा है कि मार्च में मई जैसी चिलचिलाती धूप पड़ने लगी है।

**– प्रो. निजामुद्दीन खान, पूर्व अध्यक्ष, भूगोल विभाग, एएमयू**

# सो रहे बच्चों का मुंह दबाया एक-एक कर गड़ासे से काटा

### शाहजहांपुर की घटनाः पीएम रिपोर्ट में खौफनाक खुलासा

#### बिजली का कनेक्शन भी नहीं, कमरे में जल रही थी टॉर्च

सत्ता सुधार ■ शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के मानपुर चचरी गांव में बुधवार की रात राजीव ने घर में सो रहे अपने चार बच्चों की निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी। माना जा रहा है कि उसने एक-एक कर बच्चों का मुंह दबाया फिर गड़ासा से वार कर मौत के घाट उतार दिया। उसकी बड़ी बेटी 13 वर्षीय स्मृति गांव के स्कूल में कक्षा आठ और कीर्ति (नौ वर्ष) कक्षा पांच में पढ़ती थी। रात 11 बजे बेटी कीर्ति अपने दादा पृथ्वीराज के पास आकर लेटी तो राजीव उसे उठाकर कमरे में ले गया और दरवाजा बंद कर लिया। छोटी बेटी प्रगति (सात वर्ष) और बेटा ऋषभ (पांच वर्ष) पहले से ही चारपाई पर सो रहे थे। रात 12 बजे तक पृथ्वीराज ने शौचालय के टैंक के ऊपर से झांककर देखा तो बच्चे चारपाई में मच्छरदानी के अंदर सो रहे थे। पृथ्वीराज के मुताबिक राजीव छत पर पड़ी झोपड़ी में सोया था। आधी रात के बाद राजीव नीचे आया और वारदात को अंजाम दिया। बच्चों की चीख किसी ने नहीं सुनी। गुरुवार सुबह घटना की जानकारी तब हुई, जब पृथ्वीराज घर के अंदर गए। राजीव ने सो रहे बच्चों का पहले मुंह दबाया होगा, फिर एक-एक कर चारों का गला काटा। पीएम रिपोर्ट के मुताबिक, गड़ासे का एक ही वार किया गया है। कीर्ति और प्रगति पेट के बल लेटी हुई थीं। उनकी गर्दन पीछे से कटी हुई थी। स्मृति और ऋषभ का सामने से गला कटा हुआ था। गड़ासे को उसने चारपाई पर ही रख दिया। संभावना है कि बेड को खड़ा करने के बाद स्लैब पर चढ़कर साड़ी को कुंडे में फंसाकर फंदे से लटक गया। उसके हाथ खून से रंगे हुए थे।

#### पत्नी को घर से भगा दिया था

पृथ्वीराज के मुताबिक, रात में चारों बच्चों के साथ राजीव घर में सोया था। गुरुवार सुबह सात बजे उन्होंने पौत्र को चाय पीने के लिए बुलाया। काफी देर बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो वह बाहर बने शौचालय से चढ़कर घर में दाखिल हुए। अंदर एक चारपाई पर स्मृति, दूसरी पर ऋषभ, तीसरी पर कीर्ति और प्रगति के लहूलुहान शव पड़े थे। चारों के गले रेते गए थे। वारदात से पहले दिन में ही उसने अपनी पत्नी कौशल्या को पीटकर घर से भगा दिया था।

#### घटना के बाद मां बदहवास

चार बच्चों और पति को खोने के बाद कौशल्या बदहवास हैं। उसे इस बात का पछतावा है कि जाते समय वह बच्चों को साथ क्यों नहीं ले गई। साथ ले जाती तो शायद उनकी जान न जाती। उसने इसकी पूरी कोशिश भी की थी। घर से निकलते वक्त बेटे को गोद में उठाया तो राजीव ने छीन लिया। उसे 20 रुपए का नोट और खिलौने देकर पुचकारने लगा था।

## सपा नेताओं पर रोजेदारों की बेअदबी का आरोप बसपा जिला उपाध्यक्ष ने शेयर किया वीडियो

**बरेली।** बरेली में बसपा के जिला उपाध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के रोजा इफ्तार कार्यक्रम का वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। इसमें अपना वीडियो भी जोड़ा। इसके लिए बसपा नेता ने सपा पर रोजेदारों की बेअदबी करने का आरोप लगाया है। 22वें रोजे पर सपा ने अपने कार्यालय पर रोजा इफ्तार कार्यक्रम रखा था। सपा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी के जिला अध्यक्ष शिवचरन कश्यप, शमीम सुल्तानी, वीरपाल सिंह यादव, आईएस तोमर, प्रवीण सिंह ऐरन आदि नेता शामिल हुए थे। बसपा के जिला उपाध्यक्ष तौफीक प्रधान ने कार्यक्रम का वीडियो अपलोड कर आरोप लगाया है कि रोजा इफ्तार कार्यक्रम में सपा नेता सोफे पर बैठे थे, जबकि इफ्तारी में आए रोजेदारों को जमीन पर बैठाया गया था। तौफीक के मुताबिक सपा नेताओं ने खाने पीने की चीजें पैरों के पास रखी थीं। जबकि मुस्लिम धर्म में छोटा बड़ा कुछ नहीं होता। तौफीक ने वीडियो में सपा नेताओं पर मुस्लिम वर्ग की तौहीन करने का आरोप लगाया है।

### निजी अस्पताल की डॉक्टर ने महिला के पेट में छोड़ी कैंची

**लखनऊ।** लखनऊ में युवक ने निजी अस्पताल की डॉक्टर पर ऑपरेशन के दौरान उनकी पत्नी के पेट में कैंची छोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने डॉक्टर के खिलाफ गाजीपुर थाने में तहरीर दी है। केस दर्ज करके कार्रवाई की मांग की है। मामला इंदिरानगर सेक्टर-सी का है। यहां के अरविंद कुमार पांडेय सहकारी समितियां व पंचायत लेखा परीक्षा के उप निदेशक हैं। दरअसल, 2008 में पत्नी को अस्पताल ले गए थे। जहां बच्चे को जन्म दिया था। ऑपरेशन केके बाद ही पत्नी को समस्याएं होने लगीं। 23 मार्च को पत्नी का एक्स-रे कराया। पेट में कैंची होने की बात पता चली।

# समाज से खत्म करना होगा जातिवाद का जहर

### राज्यपाल ने वितरित की प्री स्कूल किट, बोलीं-सभी लोग संकल्प लें कि बेटी के ब्याह में नहीं लेंगे दहेज

सत्ता सुधार ■ अयोध्या

यूपी के अयोध्या में शुक्रवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में आयोजित आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री स्कूल किट वितरित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि समाज से ऊंच-नीच का भेदभाव और जातिवाद का जहर खत्म करना होगा। इसकी शुरुआत हमें बच्चों से करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के



सभी विश्वविद्यालय गांवों को गोद लेकर बच्चों के विकास में योगदान कर रहे हैं। अब नशे के खिलाफ अभियान खड़े जाने की जरूरत है। इसमें छात्र-छात्राएं अपना योगदान सुनिश्चित करें। इसके लिए समाज को जागरूक करें। गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें।

**बहू को बेटी की तरह संभाल कर रखें-** राज्यपाल ने कहा कि समाज के सभी लोगों को संकल्प लेना होगा कि बेटी के ब्याह में कुछ नहीं लेना है। बहू को बेटी की तरह संभाल कर रखना है। उन्होंने नौ से 14 साल तक की बेटियों को कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने का अभियान चलाने की जरूरत बताई। इसके लिए सरकार और प्रशासन को समाज के सक्षम लोगों से मदद लेने की नसीहत भी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश और गुजरात में अब तक डेढ़ लाख बेटियों को कैंसर से बचाने वाली वैक्सीन दिलाई गई है।

#### महिलाओं को सशक्त बनाना आज की जरूरत

राज्यपाल ने कहा कि बेटी स्वस्थ जीवन जिये, इसकी चिंता परिवार को करनी होगी। हर घर की बेटी को वैक्सीन दिलाया जाना आवश्यक है। बेटियों को आगे बढ़ाना है तो उन्हें शिक्षित और संस्कारिक बनाना होगा। आज के समय में महिलाएं घर का भी काम कर रही हैं और बाहर का भी। महिलाओं को सशक्त बनाना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।




स्वात्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक गोपाल श्रीवास्तव के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, बाराघाटा इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 12ए झांसी रोड़ ग्वालियर से मुद्रित एवं गुब्बारा फाटक, जिंसी नाला नं.2 ग्वालियर से प्रकाशित। संपादक गोपाल श्रीवास्तव। मोबाईल न. 9893126900, 7869966100 स्थानीय संपादक विनय कुमार अग्रवाल* मोबाईल न. 9425112345 आर.एन.आई. नं. 71276/99 डाक पंजीयन क्रमांक-552 विधिक सलाहकार, श्री राजेंद्र जैन, एडवोकेट, सभी विवादों के लिए न्यायालयीन क्षेत्र ग्वालियर मान्य होगा, शिकायत एवं सुझाव हेतु संपर्क करें-6261052058, ई मेल- sattasudhar@gmail.com* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। फोन- 0751-4925449, भोपाल ऑफिस-0755-4002626, 4939910